3 राजधानी
उच्च शिक्षा व तकनीकी शिक्षा संस्थाओं में बढ़ेंगी सीटें

6 अभिमत
रिजर्व बैंक का उचित दृष्टिकोण

10 विदेश
सीरिया के राष्ट्रपति बशर असद मॉस्को पहुंचे

11 राष्ट्रीय
मौलाना तौकीर रजा बरेली में नजरबंद



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 129
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 16 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




अश्विन आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर

स्पोर्ट्स-12

# सदन में बहुमत सिद्ध करने का आधार नहीं पार्टी में असंतोष : सुप्रीम कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सत्तारूढ़** दल या गठबंधन के विधायकों में असंतोष सदन में शक्ति परीक्षण का आधार नहीं हो सकता। यह लोकतंत्र के लिए एक शर्मनाक तमाशा होगा। यह सख्त टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि सत्तारूढ़ दल में विधायकों के बीच केवल मतभेद के आधार पर बहुमत साबित करने को कहने से एक निर्वाचित सरकार पदच्युत हो सकती है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि राज्य का राज्यपाल अपने कार्यालय का इस्तेमाल इस नतीजे के लिए नहीं होने दे सकता।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने यह टिप्पणी पिछले साल महाराष्ट्र में अविभाजित शिवसेना में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में हुई बगावत के बाद जून 2022 में महाराष्ट्र में पैदा हुए राजनीतिक संकट को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करने के दौरान की है। संविधान पीठ ने यह टिप्पणी महाराष्ट्र के राज्यपाल की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता के उपस्थित होने के बाद की। मेहता ने घटना का सिलसिलेवार उल्लेख किया और कहा कि उस समय राज्यपाल के पास कई सामग्री थीं, जिनमें शिवसेना के 34 विधायकों के हस्ताक्षर वाला पत्र, निर्दलीय विधायकों का तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे नीत सरकार से समर्थन वापस लेने का पत्र शामिल है और नेता प्रतिपक्ष ने सदन में बहुमत साबित करने की मांग की थी। महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने तब तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को सदन में बहुमत साबित करने को कहा था।



> यह लोकतंत्र के लिए शर्मनाक तमाशा होगा। इससे निर्वाचित सरकार पदच्युत हो सकती है।
> -संविधान पीठ

हालांकि, ठाकरे ने सदन में बहुमत प्रस्ताव पर मतदान होने से पहले ही इस्तीफा दे दिया, जिससे शिंदे के नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने का रास्ता साफ हो गया। न्यायालय ने कहा कि पार्टी के विधायकों के बीच मत का आधार कुछ भी हो सकता है जैसे विकास कोष का भुगतान, पार्टी का आदर्शों से हटना, लेकिन क्या यह आधार राज्यपाल द्वारा सदन में बहुमत साबित करने को कहने के लिए पर्याप्त हो सकता है? राज्यपाल को अपने कार्यालय का इस्तेमाल खास नतीजे के लिए नहीं करने देना चाहिए। बहुमत साबित करने को कहने से निर्वाचित सरकार पदच्युत हो सकती है।

इस संविधान पीठ में न्यायमूर्ति एम आर शाह, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा शामिल हैं। पीठ ने कहा कि इस मामले में नेता प्रतिपक्ष का पत्र मायने नहीं रखता, क्योंकि वह हमेशा कहेंगे कि सरकार ने बहुमत खो दिया या विधायक नाराज हैं। इस मामले में विधायकों द्वारा जान को खतरा बताए जाने वाले पत्र भी प्रासंगिक नहीं है। अदालत ने कहा कि केवल एक चीज 34 विधायकों का प्रस्ताव है जो बताता है कि पार्टी के काडर और विधायकों में अंसतोष है। क्या यह बहुत साबित करने को कहने के लिए पर्याप्त है? हालांकि, हम कह सकते हैं कि उद्धव ठाकरे संख्याबल में हार गए थे।

# संसद के अंदर और बाहर बढ़ा गतिरोध, नहीं चली कार्यवाही

- लगातार तीसरे दिन बाधित रहे दोनों सदन, भाजपा राहुल के माफी मांगने की मांग पर अड़ी, विपक्ष ने अडाणी पर निकाला मार्च, ईडी दफ्तर पहुंचने से पहले पुलिस ने रोका
- ईडी के निदेशक को किया ई-मेल



नई दिल्ली में सरकार के विरोध में प्रदर्शन कर रहे विपक्षी दलों के सांसदों को संबोधित करते कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राहुल** गांधी की लोकतंत्र पर की गई टिप्पणी और अडाणी मुद्दे को लेकर भाजपा तथा कांग्रेस के बीच गतिरोध बढ़ता ही जा रहा है। इसके चलते बुधवार को लगातार तीसरे दिन संसद की कार्यवाही बाधित रही। वहीं विपक्ष ने अडाणी मुद्दे को लेकर सड़क पर मार्च किया। भाजपा ने राहुल गांधी पर तीखा वार करते हुए कहा कि लोकतंत्र खतरे में नहीं है बल्कि कांग्रेस राजनीतिक तबाही की ओर बढ़ रही है।

दूसरी ओर कांग्रेस ने हमला तेज करते हुए सरकार पर कारोबारी को बचाने के लिए संसद की कार्यवाही बाधित कर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने कई अन्य विपक्षी दलों के साथ संसद परिसर से अडाणी मुद्दे पर प्रवर्तन निदेशालय को शिकायत देने के लिए एक विरोध मार्च निकाला। लेकिन पुलिस ने उन्हें विजय चौक पर रोक दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि करीब 18 पार्टियों के सांसद विरोध मार्च में शामिल थे लेकिन पुलिस ने उन्हें अनुमति नहीं दी। बाद में विपक्षी दलों के नेताओं ने ईडी के निदेशक को एक पत्र ईमेल किया। पत्र पर कांग्रेस, भाकपा, माकपा, जदयू, एसएस (यूबीटी), राजद, द्रमुक, जेएमएम, आप, आईयूएमल, वीसीके, केरल कांग्रेस तथा अन्य के दस्तखत थे। वहीं संसद के दोनों सदनों में बुधवार को भी गतिरोध बना रहा। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। भाजपा के सदस्यों ने दोनों सदनों में राहुल गांधी से माफी की मांग पर जोर दिया और नारेबाजी की। दूसरी तरफ, अडाणी समूह के मामले को लेकर कांग्रेस समेत कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने भारी हंगामा किया।

निचले सदन की बैठक शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल चलाने का निर्देश दिया। इस बीच कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्य आसन के समीप आकर अडाणी समूह से जुड़े मुद्दे पर जेपीसी जांच की अपनी मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। कुछ विपक्षी सदस्यों के हाथों में तख्तियां भी थीं। उधर सत्तापक्ष के कुछ सदस्य अपने स्थानों पर खड़े होकर विदेश में राहुल गांधी के भारतीय लोकतंत्र को लेकर दिए गए बयान पर उनसे माफी की मांग करने लगे। अध्यक्ष बिरला ने आसन के पास नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर जाने का आग्रह करते हुए कहा कि यह सदन चर्चा और संवाद के लिए है, नीतियां बनाने के लिए है। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में तख्तियां दिखाने, नारेबाजी का अधिकार संसद से बाहर है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने लंदन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान का उल्लेख करते हुए कहा, सदन के एक सदस्य विदेश में जाकर संसद का अपमान करते हैं। यह गंभीर विषय है। सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। हंगामा नहीं थमने पर अध्यक्ष बिरला ने सदन की बैठक शुरू होने के करीब पांच मिनट ( शेष पेज 8 )

# यूपी में राज्य राजधानी क्षेत्र को अंतिम रूप जल्द

- मुख्यमंत्री योगी ने मांगी दो महीने में विस्तृत कार्ययोजना



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** राजधानी क्षेत्र एनसीआर की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में राज्य राजधानी क्षेत्र एससीआर का गठन जल्दी ही होने की सम्भावना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबंधित अधिकारियों को इस सिलसिले में दो सप्ताह के भीतर विस्तृत कार्ययोजना पेश करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को विभिन्न विभागों के मंत्रियों, विभागीय अपर मुख्य सचिवों और प्रमुख सचिवों के साथ समीक्षा बैठक में कहा कि समन्वित और संतुलित विकास के लिए राजधानी के रूप में लखनऊ की क्षमताओं को विस्तार देने के उद्देश्य से लखनऊ और आस-पास के जिलों को जोड़ते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर की तर्ज पर उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र एससीआर का गठन किया जाना है। उन्होंने कहा राजधानी लखनऊ मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में अत्याधुनिक नगरीय सुविधाओं से लैस हो रही है। विभिन्न शहरों से लोग यहां आकर अपना स्थायी निवास बनाना चाहते हैं। आस-पास के जिलों में भी जनसंख्या का दवाब बढ़ रहा है और कई बार अनियोजित विकास की शिकायतें भी मिलती हैं।

ऐसे में एससीआर का गठन समन्वित विकास की दृष्टि से उपयोगी होगा। अधिकारी राज्य राजधानी क्षेत्र की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर आगामी दो सप्ताह में प्रस्तुत करें। आदित्यनाथ ने अयोध्या और वाराणसी में संचालित विकास परियोजनाओं की ( शेष पेज 8 )

# यमुना बाढ़ क्षेत्र में तीन दिन में खाली करें झुग्गियां: हाईकोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**यमुना** के डूब क्षेत्र की झुग्गियों में रहने वाले लोगों को हाईकोर्ट ने निर्देश दिया है कि वे अपनी झुग्गियां तीन दिनों के भीतर खाली कर दें, ऐसा न करने पर उन्हें डीयूएसआईबी और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को 50,000 रुपये का भुगतान करना होगा। इसके बाद उनकी झुग्गियों को तोड़ दिया जाएगा। दिल्ल उच्च न्यायालय ने बुधवार को यह आदेश तब पारित किया जब उसे बताया गया कि उपराज्यपाल की अध्यक्षता वाली समिति ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के 9 जनवरी के निर्देशों के मद्देनजर यमुना नदी को साफ करने के निर्देश जारी किए हैं। एनजीटी ने यमुना में बढ़ते प्रदूषण को लेकर सख्त रवैया अपनाया है। अदालत ने झुग्गी वासियों की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि यदि लोग स्वयं झुग्गियां खाली नहीं करते हैं तो तोड़फोड़ की कार्रवाई में क्षेत्र के संबंधित पुलिस ( शेष पेज 8 )

# मैकमोहन रेखा ही चीन व अरुणाचल के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा: अमेरिका

- अमेरिकी सीनेट के द्विदलीय प्रस्ताव के मुताबिक अरुणाचल प्रदेश का भारत का अभिन्न हिसा

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** सीनेट के एक द्विदलीय प्रस्ताव के अनुसार अमेरिका मैकमोहन रेखा को चीन और अरुणाचल प्रदेश के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा के रूप में मान्यता देता है और अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न हिस्सा मानता है। सीनेटर जेफ मर्कले के साथ सीनेट में प्रस्ताव पेश करने वाले सीनेटर बिल हैगर्टी ने कहा, ऐसे समय में जब चीन मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए लगातार गंभीर खतरा उत्पन्न कर रहा है, अमेरिका के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह इस क्षेत्र में अपने रणनीतिक भागीदारों, खासकर भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहे।

उन्होंने मंगलवार को कहा, यह द्विदलीय प्रस्ताव अरुणाचल प्रदेश को स्पष्ट रूप से भारत के अभिन्न हिस्से के रूप में मान्यता देने के लिए सीनेट के समर्थन को दर्शाता है, वास्तविक नियंत्रण रेखा पर यथास्थिति को बदलने के लिए चीन की सैन्य आक्रामकता की निंदा करता है और मुक्त एवं खुले भारत-प्रशांत के समर्थन के लिए अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी और क्वाड (चतुष्पक्षीय संवाद समूह) को मजबूत करता है।

भारत और चीन के बीच पूर्वी क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हुई हिंसक सैन्य झड़प के बाद आए इस प्रस्ताव में अमेरिका द्वारा मैकमोहन रेखा को चीन और भारत के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा के रूप में एक बार फिर मान्यता दी गई है। यह प्रस्ताव पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) के इस दावे को भी खारिज करता है कि अरुणाचल प्रदेश पीआरसी का क्षेत्र है। सीनेटर जेफ मर्कले ने ( शेष पेज 8 )

# लालू, राबड़ी और मीसा भारती को मिली जमानत



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की एक अदालत ने जमीन के बदले नौकरी के कथित घोटाले से जुड़े एक मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता एवं पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी एवं बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनकी बेटी मीसा भारती और अन्य को बुधवार को जमानत दे दी। यादव (74) का हाल ही में गुर्दे का प्रतिरोपण हुआ था। वह अदालत परिसर में व्हील चेयर पर नजर आए। लालू सुबह करीब 10 बजे राउज् एवेन्यू अदालत पहुंचे। हालांकि मामले की सुनवाई देर से शुरू हुई। परिवार के तीनों सदस्य पूर्वाह्न करीब 11 बजे न्यायाधीश गीतांजलि गोयल के समक्ष पेश हुए। अदालत ने 50-50 हजार ( शेष पेज 8 )

# राहुल गांधी के चलते राजनीतिक तबाही की ओर कांग्रेस: स्मृति

- कहा- प्रधानमंत्री के लिए उनका द्वेष भारत के प्रति द्वेष में बदल गया है



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ब्रिटेन में उनकी हालिया टिप्पणी की आलोचना की और कहा कि भारत का लोकतंत्र खतरे में नहीं है, लेकिन विदेशों में उन्होंने जिस तरह का व्यवहार किया, उससे उन्होंने विपक्षी पार्टी को राजनीतिक तबाही की ओर धकेल दिया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए उनका द्वेष भारत के प्रति द्वेष में बदल चुका है। ज्ञात हो कि हाल ही में लंदन में एक कार्यक्रम में राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि भारतीय लोकतंत्र के ढांचे पर बर्बर हमला हो रहा है। उन्होंने अफसोस जताया कि अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के लोकतांत्रिक हिस्से इस पर ध्यान देने में नाकाम रहे हैं। राहुल ने व्याख्यान में यह आरोप भी लगाया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को नष्ट कर रहे हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष की इन टिप्पणियों से देश में एक नया राजनीतिक विवाद पैदा हो गया है।

भाजपा जहां उन पर विदेशी धरती पर भारत को बदनाम करने और विदेशी हस्तक्षेप की मांग करने का आरोप लगा रही है वहीं कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विदेशों में भारत की आंतरिक राजनीति का मुद्दा उठाने के उदाहरणों का हवाला देते हुए सत्तारूढ़ पार्टी पर पलटवार कर रही है। राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधते हुए ईरानी ने सवाल किया, जब ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,555 | ↓ 344 | |
| निफ्टी | 16,972 | ↓ 71 | |
| सोना | 57,070 | ↓ 310 | /10g |
| चांदी | 66,535 | ↓ 90 | /kg |

## क्विक न्यूज

### नुक्कड़ के खोपड़ी समीर खाखर का निधन

**मुंबई।** अस्सी के दशक के लोकप्रिय धारावाहिक नुक्कड़ में खोपड़ी का यादगार किरदार निभाने वाले अभिनेता समीर खाखर का बुधवार तड़के मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 71 साल के थे। खाखर के ज्यादातर अंगो ने काम करना बंद कर दिया था। उनके भाई गणेश खाखर ने बताया कि समीर खाखर को मंगलवार सुबह सांस लेने मे तक्लीफ की शिकायत के बाद मुंबई के उपनगर बोरीवली स्थित एमएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गणेश खाखर ने कहा, उन्हे (समीर खाखर को) कल से सांस लेने में समस्या थी और बाद में वह बेसुध हो गए, इसलिए हमने डॉक्टर को घर पर बुलाया था। डॉक्टर ने हमें उन्हे अस्पताल मे भर्ती कराने के लिए कहा। उन्हे एमएम अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई मे भर्ती कराया गया था।

# इस साल तीन पालियों में होगी सीयूईटी की परीक्षा

- पूरी परीक्षा का कार्यक्रम 10 दिनों में होगा संपन्न, किसी भी बाधा की स्थिति में वैकल्पिक योजना तैयार
- जेईई, नीट को सीयूईटी से जोड़ने की घोषणा कम से कम दो साल पहले की जाएगी: जगदीश



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विश्वविद्यालीय** सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी-यूजी) इस साल दो के बजाय तीन पालियों में होगी, साथ ही संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) और राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) जैसी परीक्षाओं में इसके विलय की घोषणा प्रभावी वर्ष से कम से कम दो साल पहले कर दी जाएगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा कि यूजीसी और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार हैं कि सीयूईटी-यूजी परीक्षा बिना किसी परेशानी के संपन्न हो। उन्होंने कहा कि मैं सहमत हूं कि पिछली बार परीक्षा के दौरान कई खामियां सामने आईं, लेकिन इस साल सभी खामियों को दूर किया गया है। पिछली बार विद्यार्थियों को हुई परेशानियों को ध्यान में रखते हुए यह योजना बनाई गई है और हम यह सुनिश्चित करने ( शेष पेज 8 )

# ट्रेन में बिना टिकट पकड़े गए तो पुलिसकर्मियों पर होगी कार्रवाई

- अमरनाथ एक्सप्रेस में वर्दी वालों की दबंगई पर रेलवे ने जारी किया सख्त आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**ट्रेन** में बिना टिकट चलने वाले पुलिस कर्मियों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए भारतीय रेलवे ने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अपने आदेश में रेलवे ने सभी टीटीई से कहा है कि वे अनधिकृत रूप से यात्रा करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ एक डायरी नोट तैयार करें और जोनल रेलवे समेत संबंधित विभागों को भेज दें, ताकि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

वातानुकूलित कोच में टीटीई के साथ पुलिसवालों की तीखी बहस का वीडियो द पायनियर के वरिष्ठ पत्रकार दीपक कुमार झा द्वारा 13 मार्च को सोशल मीडिया पर साझा किया गया था। इस वीडियो के वायरल होने के अगले ही दिन मंगलवार को रेलवे ने कड़ा फरमान जारी कर दिया। वायरल वीडियो में यूपी पुलिस के कर्मचारी ट्रेन के टीटीई को लखनऊ-कानपुर के बीच चलती ट्रेन से बाहर फेंकने के लिए धमकाते हुए सुनाई दे रहे हैं। ट्रेनों में आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जिनमें यात्रियों से आरक्षित सीटों पर बैठने के लिए पुलिसकर्मी जोर-जबरदस्ती करते हैं।



सोशल मीडिया पर ताजा वीडियो वायरल होने पर लोगों का गुस्सा स्थानीय पुलिस पर फूट पड़ा और लोगों ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। बीते 10 मार्च को भागलपुर से जम्मू तवी जाने वाली 15097 अमरनाथ एक्सप्रेस में झा द्वारा साझा की गई घटना का हवाला देते हुए उत्तर रेलवे ने सभी टीटीई को आदेश जारी किया कि वे बिना टिकट पुलिसकर्मियों पर कड़ी नजर रखें और रेलवे को तुरंत उनका विवरण दें। रेलवे ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए मामले को संबंधित विभागों को भेजेगा। वायरल वीडियो में दो पुलिसकर्मी टीटीई के साथ गाली-गलौज कर रहे हैं। जब टीटीई ने कहा ( शेष पेज 8 )

# नशे में धुत लोगों को विमान में चढ़ने से रोके डीजीसीए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने विमान में दुर्व्यवहार के बढ़ते मामलों के बीच नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को कुछ दिशानिर्देश जारी किए हैं। इन दिशानिर्देशों में नशे में धुत व्यक्तियों को विमान में चढ़ने से रोकने, सीमित मात्रा में शराब के सेवन की अनुमति देने, सीसीटीवी कैमरे लगाने और यौन उत्पीड़न को लेकर कर्मचारियों को जागरूक बनाने के लिए कहा गया है। आयोग ने महानिदेशालय को लिखे पत्र में कहा है कि उसने हाल के महीनों में विमानों में दुर्व्यवहार की बढ़ती घटनाओं पर गौर किया है। ऐसी घटनाएं यात्रियों के लिए बेहद अप्रिय और कष्टादाई होती हैं। आयोग ने कहा, हाल में दो विमानों में यात्रियों द्वारा उत्पीड़न और दुराचार के मामले मीडिया में आए हैं। एक मामला ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 16 मार्च, 2023


# बकाया नहीं देने वालों के भूखंड होंगे रद्द : सीईओ

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की समीक्षा बैठक में जमीन की धीमी खरीद से नाराज माहेश्वरी ने दिए कड़े निर्देश

● एमओयू को निवेश में तब्दील करने के लिए नई स्कीमें लाने के दिए निर्देश



फाइल फोटो

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने बुधवार को सभी विभागों की समीक्षा बैठक की। सीईओ ने किसानों से जमीन खरीदने की धीमी रफ्तार पर भूलेख विभाग से कड़ी नाराजगी जताई। प्राधिकरण का बकाया न देने वालों के आवंटन रद्द करने और उन भूखंडों पर कब्जा लेकर आगामी स्कीमों में शामिल करने के भी निर्देश दिए।

सीईओ ने सभी विभागों से ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के दौरान हुए एमओयू को अब निवेश में तब्दील करने के लिए नई स्कीमें लाने के निर्देश दिए।

दरअसल, औद्योगिक निवेशकों को जमीन उपलब्ध कराने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण 8 नए सेक्टर ईकोटेक.7, 8, 9, 12ए, 16, 19, 19, व 21 विकसित कर रहा है। इन सेक्टरों के लिए किसानों से जमीन खरीदने की कार्रवाई चल रही है। बुधवार को विभागीय समीक्षा करते हुए सीईओ रितु माहेश्वरी ने जमीन खरीदने में धीमी रफ्तार पर भूलेख विभाग को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने भूलेख विभाग को इन सेक्टरों की जमीन खरीदने और परियोजना विभाग से इन सेक्टरों को विकसित करने की समयावधि तय करते एक्शन प्लान प्रस्तुत करने को कहा है। सीईओ ने प्राधिकरण की आर्थिक स्थिति की भी समीक्षा की। जमीन लेकर बैठे आवंटियों के आवंटन रद्द करने और उन भूखंडों को आगामी योजनाओं में शामिल करते हुए आवंटित करने के निर्देश दिए। बकायेदारों से बकाया वसूलने में ढिलाई बरतने पर नाराजगी जताई और बकाया न देने वालों के आवंटन भी शीघ्र रद्द करने को कहा है।

सीईओ ने आगामी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी तैयारियों पर चर्चा की और औद्योगिक, वाणिज्यिक समेत अन्य विभागों से कहा कि विगत स्कीमों के सफ ल आवंटियों को आवंटन पत्र शीघ्र जारी करें, उनकी लीज डीड कराकर नक्शा पास कराएं और काम शुरू कराएं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हुए एमओयू को निवेश में तब्दील करने के लिए इंडस्ट्री, बिल्डर, आईटी, डाटा सेंटर और संस्थागत समेत सभी विभाग को निवेशकों के साथ बैठक करने, उनकी जरूरत को समझते हुए लैंड बैंक तैयार कराने के निर्देश दिए। सीईओ ने शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान एसीईओ मेधा रूपम, एसीईओ अमनदीप डुली व एसीईओ आनंद वर्धन के अलावा ओएसडी हिमांशु वर्मा, ओएसडी विशु राजा, ओएसडी संतोष कुमार, ओएसडी नवीन कुमार सिंह, आरके देव आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए 6 माह में धरातल पर उतारेंगे नए निवेश

ग्लोबल इनवेस्टर समिट के तहत सरकार के साथ एमओयू साइन करने वाले निवेशकों के निवेश को धरातल पर उतारने का प्रयास शुरू कर दिया गया। इसके लिए प्रथम चरण में सौ करोड़ या इससे अधिक निवेश करने वाले कंपनियों के प्रतिनिधियों की एक बैठक नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पर बुलाई गई है, जिसमें उनसे निवेश शुरू करने में आने वाले अड़चनों की जानकारी से अधिकारी अवगत होंगे।

उन्हें दूर कर छह माह के अंदर इस निवेश को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार करेंगे। नोएडा में करीब 90 हजार करोड़ का निवेश का एमओयू साइन किया गया है। इसमें से 60 हजार करोड़ रुपये के निवेश को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार करने का लक्ष्य नोएडा प्राधिकरण को सरकार की ओर से दिया जा रहा है। जिस पर कार्य शुरू कर दिया गया है। नोएडा प्राधिकरण औद्योगिक विभाग ओएसडी डा अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि 25 बड़े निवेशकों को बातचीत के लिए कार्यालय पर बुलाया गया है, जिनके साथ अधिकारियों की बैठक होगी। इसमें वह कंपनियां शामिल है, जिन्हें हाल में भूखंड का आवंटन हुआ है।

# सड़क पार कर रहे छात्र पर चढ़ाई कार, 20 फीट घसीटा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में हिट एंड रन का एक वीडियो सामने आया है। यहां रोड क्रॉस कर रहे एक छात्र को स्विफ्ट कार ने टक्कर मार दी। इससे छात्र गिर गया। इसके बाद कार सवार ने उसके ऊपर कार चढ़ा दी। यहीं नहीं, छात्र को करीब 20 फ़ीट तक घसीटा। वारदात के बाद कार सवार फरार हो गए। यह घटना 10 मार्च को गोविंदपुरम इलाके की है। इसका वीडियो बुधवार को सामने आया है। वीडियो के आधार पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

घायल छात्र का नाम साकिब 15 है। वह कस्बा डासना में छज्जा बाजार का रहने वाला है। आजाद स्कूल में 9वीं में पढ़ता है। 10 मार्च को अपने चाचा दानिश को खाने का टिफिन देने के लिए जा रहा था। क्क्कै् स्कूल गोविंदपुरम के पास सड़क क्रॉस करते वक्त स्विफ्ट ने साकिब को टक्कर मारी। कार सवारों ने उतरकर उसे देखने की जहमत तक नहीं उठाई। हादसे के बाद आसपास के लोग इकट्ठा हुए। उन्होंने घायल साकिब को एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। 5 दिन इलाज के बाद मंगलवार को साकिब को डिस्चार्ज कर दिया है।

### कार चालक पर मुकदमा दर्ज

कार से बच्चे को टक्कर मारने की घसीटने के मामले में कविनगर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। यह जानकारी देते हुए एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस को उक्त मामले का पता सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक वीडियो क्लिप से चला था। उसके बाद पुलिस ने त्वरित एक्शन लेते हुए घायल किशोर शाकिब के पिता नौशाद की तहरीर पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार की पहचान की जा रही है।

## पुलिस कमिश्नर ने तीन थानों के बदले कोतवाल

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट के तीन थानों में नए थाना प्रभारियों की नियुक्ति की गई है।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के पीआरओ धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि पुलिस आयुक्त के वाचक निरीक्षक संजय कुमार सिंह को थाना सेक्टर 58 निरीक्षक विंध्याचल तिवारी को थाना फेस 2 का प्रभारी निरीक्षक तथा आईजीआरएस के प्रभारी उप निरीक्षक सुजीत उपाध्याय को दादरी का प्रभारी थानाध्यक्ष बनाया गया है। थाना फेस 1 के वरिष्ठ पुलिस उप निरीक्षक राजकुमार को पुलिस आयुक्त का पीआरओ नियुक्त किया गया है।

# युवती समेत दो ने फांसी लगाकर दी जान, नहीं मिला सुसाइड नोट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना सेक्टर-39 के तहत सलारपुर गांव में किराये के मकान में रहने वाली एक युवती ने अपने कमरे में फ ांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं, थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के छिजारसी में भी एक युवक अपने कमरे में फंदे पर लटका हुआ मिला।

मूल रूप से बदायूं निवासी बंटू अपने परिवार सहित सलारपुर गांव में किराये पर रह रहे हैं। उनकी 20 वर्षीय बेटी राधा घरेलू सहायिका का काम करती थी। मंगलवार को परिजन घर के बाहर गए हुए थे। इस दौरान राधा ने फ ांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शाम के समय जब परिजन घर लौटे तो उन्हें राधा फ ांसी के फ ंदे पर लटकी हुई मिली। उन्होंने इसकी सूचना थाना सेक्टर.39 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। दूसरी ओर, थाना सेक्टर.63 क्षेत्र के छिजारसी गांव में किराये पर रहने वाले बिहार निवासी रोशन पुत्र राजकुमार का शव फंदे पर लटका मिला। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# महिला एसआई ने इंस्पेक्टर पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर आरोपों की जांच को तीन सदस्यीय कमेटी गठित

नोएडा फेस-2 थाने में तैनात महिला सब-इंस्पेक्टर ने इंस्पेक्टर पर अश्लील हरकत करने और बैड टच करने का आरोप लगाया है। महिला एसआई ने आरोप लगाया है कि उसके साथ कोतवाल ने होलिका दहन के दिन छेड़छाड़ की। यही नहीं वह मोबाइल चैट से भी उसका शोषण कर रहा था।

महिला दरोगा ने मामले की शिकायत डीसीपी महिला सुरक्षा से की थी। इसके बाद पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी गई है। डीसीपी महिला सुरक्षा मीनाक्षी कात्यायन के पर्यवेक्षण में यह कमेटी पूरे मामले की जांच करेगी। जांच होने तक फेस-2 थाना प्रभारी के साथ महिला दरोगा को भी लाइन हाजिर कर दिया गया है। डीसीपी को दी गई शिकायत में पीड़ित महिला दारोगा ने कहा कि होलिका दहन वाले दिन उसकी ड्यूटी सेक्टर 93 की एक सोसाइटी में लगी थी। कोतवाल को जब यह बात पता चली तो उसने महिला दारोगा की ड्यूटी वहां से हटवा दी और सरकारी गाड़ी पर हमराह के रूप में लगा ली। आरोप है कि होली पर रंग लगाने के बहाने महिला दरोगा को कई जगह बैड टच किया गया।

एसएचओ पर ये भी आरोप लगाया गया है कि वह चैट के जरिए गंदे मैसेज भेजा करते थे और इस तरह से वह उसका मानसिक शोषण कर रहे थे। महिला ने आला अधिकारियों को आरोपी के चैट्स भी दिए हैं। पुलिस कमिश्नर की मीडिया सेल द्वारा बताया गया कि शिकायत को संज्ञान लेते हुए पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने पूरे मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। इस जांच कमेटी में एक महिला सदस्य बाहर से शामिल की गई है। डीसीपी महिला सुरक्षा मीनाक्षी कात्यायन के निर्देशन में यह जांच टीम पूरे प्रकरण की गहनता से जांच करेगी। वहीं इस प्रकरण में जांच प्रभावित न हो सके इसे ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर ने आरोप लगाने वाली महिला सब इंस्पेक्टर और थाना क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। इस प्रकरण में मीडिया सेल द्वारा बताया गया है कि गत 11 मार्च को अपर पुलिस उपायुक्त सेंट्रल डॉ राजीव दीक्षित द्वारा थाने के निरीक्षक और उप निरीक्षक स्तर के अधिकारियों की बैठक ली गई थी।

### थाने में रील बनाना पड़ सकता है भारी

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाने में रील बनाने का शौक रखने वाले विक्की पंड़ित नामक एक युवक द्वारा रील बनाने के मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। मामला जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस तुरंत एक्शन में आ गई। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि प्रकरण की जांच की जा रही है। वैसे जो रील सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है उसके आधार पर यूं तो कोई अपराधिक मामला नहीं बनता है लेकिन यह युवक पहले भी दूसरे थाना क्षेत्रों में स्टंटबाजी कर चुका है।

**PUBLIC NOTICE**

My client, SMT NUTAN SHARMA D/O SH NARAYAN DAS SHARMA R/o 0081 Ward No-14 Mugalpura Baghpat U.P is owner of Property No.1/2649 Third Floor with roof rights - Old No.1392 Plot No.67, Khasra No. 978/389 to 393 situated in village Sikdarpur Ram Nagar Loni Road Illaqa Shahdara Delhi. The last title document of this property i.e. registered sale deed dated-16.01.2013 executed by Smt Paramjeeet Kaur W/o Sh. Jagdish Singh in favour of Sher Singh and Smt. Lata Rani vide reg no.223 dated-16.01.2013 SR IVA Delhi has been lost and in this regard NCR Ref No. LR. 237225/2023 has been registered. Now, this property is under sale which is going to be mortgage with IIFL Home Finance Limited. Any Person/Bank/ Financial Institution Having Any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the undersigned/ Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/D within 15 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

Vishal Mehan (Advocate)
E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092
Mobile No. 9811215181

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Javed Akhtar is the owner of Property bearing No. C-57-A, area measuring 100 Sq., Yds., out of Khasra No. 467, Situated in the area of Village Loni, in the abadi of Ram Park colony, Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad, U.P., vide GPA, ATS & Will dated 22.07.2019. All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if any-body has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage /litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**Public Notice** This is to inform General Public that Mr. Hakim Chand Arora & Mrs. Bimla Arora acquired the First Floor without Roof Rights, area measuring 60 Sq. Mtrs., Freehold Plot No. 5/737, situated at Residential Colony Mohan Nagar, Karmchari Sahkari Smiti Ltd. sector 5, Vasundhra Ghaziabad, Tehsil & Distt. Ghaziabad, U.P. vide Sale Deed dated 16.09.2013, (Doc. no. 39757). Unfortunately, Bimla Arora died on 25.10.2014 and leaving behind her legal heirs namely (1) Mr. Hakim Chand Arora, (2) Mrs. Ritu Wadhwa, (3) Mr. Sharad Arora, Now, (1) Mr. Hakim Chand Arora, (2) Mrs. Ritu Wadhwa, (3) Mr. Sharad Arora intending to sell above said property to Mr. Gaurav and Mr. Santram further Mr. Gaurav and Mr. Santram are mortgaging the above said property to Axis Finance Limited. by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636(M).

**Public Notice**

This is to inform Public at large that some original GPA registered as document No. 1435 Book IV dated 24.01.1989 in favour of Sh. Joginder Singh has been misplaced/ lost somewhere w.r.t property WZ-82, Varinder Nagar, Village Tihar, New Delhi, part of property No. V.A. /14/A Khasra No. 791, Village Tihar, New Delhi. All people are hereby informed not to deal or carry out any transactions with anyone on the basis of the said missing document. And if someone find it, please return to mentioned below address:

Senders Details and address:
Sh. Joginder Singh, WZ-82, Varinder Nagar, Village Tihar, New Delhi.

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुधीर दिगंबर चिटनिस/ सैली सुधीर चिटनिस/ LBGUR00001034148/ LBGUR00002063124 | फ्लैट नंबर 801, 8वीं मंज़िल, टॉवर-21, ऑर्चिड ग्रीन, सोहना रोड, गुड़गांव/ मार्च 09, 2023 | जून 19, 2022 रु. 27,03,115/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मार्च 16, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) TATA_LPT909FB REG. NO. DL1MA3185 -YOM 2019

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : JAGBIR SINGH
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO.9999996157
EMAIL – jagbir.singh@kotak.com

Piramal Capital & Housing Finance

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400 070 सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com शाखा पता : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400 602

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) [पूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से ज्ञात] का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, पीसीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रो) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां पीसीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| (एलसी नंबर : 07700002229 गाजियाबाद शाखा) अरविंद सिंह (कर्जदार) काजल सिंह (सह-कर्जदार 1) बाबू सिंह (सह-कर्जदार 2) लॉर्ड कृष्णा रियलइन्फ्रा प्रा. लि. (गारंटर 1) | 23-02-2023/रू. 3,02,93,004/- (रूपए तीन करोड़ दो लाख तिरानवे हजार चार मात्र) एनपीए (09-07-2021) | यूनिट नंबर ए-006, किंग्सवुड ओरियंटल, जेपी ग्रीन्स नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश -201301 |
| (एलसी नंबर : 07700002228 गाजियाबाद शाखा) अरविंद सिंह (कर्जदार) काजल सिंह (सह-कर्जदार 1) बाबू सिंह (सह-कर्जदार 2) लॉर्ड कृष्णा रियलइन्फ्रा प्रा. लि. (गारंटर 1) | 23-02-2023/रू. 3,08,20,164/- (रूपए तीन करोड़ आठ लाख तीस हजार एक सौ चौंसठ मात्र) एनपीए (09-07-2021) | यूनिट नंबर ए-005, किंग्सवुड ओरियंटल, जेपी ग्रीन्स नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश -201301 |
| (एलसी नंबर : 196डीईएल35549 दिल्ली-सफदरजंग शाखा) पवन भडाना (कर्जदार) शर्मिष्ठा भडाना (सह-कर्जदार 1) | 23-02-2023/रू. 2,76,39,543/- (रूपए दो करोड़ छहत्तर लाख उन्तालीस हजार पांच सौ तेतालीस मात्र) एनपीए (09-04-2016) | एच/फ्लैट नंबर 1204, 12वां तल, कैलिप्सो कोर्ट, प्लॉट नंबर टावर नंबर 12, जेपी ग्रीन्स, सेक्टर-128, ग्राम नोएडा, उत्तर प्रदेश -201301 |
| (एलसी नंबर : 01400003368 नई दिल्ली शाखा) मोहम्मद इकरामुद्दीन (कर्जदार) शबाना परवीन (सह-कर्जदार 1) | 23-02-2023/रू. 95,30,974/- (रूपए पिच्यानवे लाख तीस हजार नौ सौ चौहत्तर मात्र) एनपीए (09-12-2019) | फ्लैट नंबर 167, ब्लॉक सी, गली नंबर 11, क्षेत्रफल परिमाप 70 वर्ग मीटर, यमुना विहार, शाहदरा |
| (एलसी नंबर : 19800042153 दिल्ली-पीतमपुरा शाखा) सुशील कुमार भगत (कर्जदार) पूजा (सह-कर्जदार 1) | 23-02-2023/रू. 26,23,564/- (रूपए छब्बीस लाख तेईस हजार पांच सौ चौंसठ मात्र) एनपीए (09-06-2021) | 26 एवं 27, प्रथम तल, छत के अधिकार नहीं, खसरा नंबर 761/268 का भाग, गली नंबर 4, इलाका कालोनी वेस्ट सागरपुर, ग्राम नासिरपुर, क्षेत्रफल परिमाप 61 वर्ग गज |
| (एलसी नंबर : 19600044618 दिल्ली-सफदरजंग शाखा) रोशा कुमारी (कर्जदार) श्याम प्रकाश सिंह (सह-कर्जदार 1) | 23-02-2023/रू. 11,53,611/- (रूपए ग्यारह लाख तिरेपन हजार छह सौ ग्यारह मात्र) एनपीए (10-12-2020) | डीडीए एफआईजी फ्लैट नंबर 57, चतुर्थ तल, ब्लॉक-जी-4, पाकेट-3, नरेला, नई दिल्ली |
| (एलसी नंबर : 198पीटीएम32555 दिल्ली-पीतमपुरा शाखा) रंगी इंटरनैशनल प्रा. लि. (कर्जदार) नीला रंगी एवं अमनदीप सिंह रंगी (बतौर सह-कर्जदार और कर्जदार श्री सुरिंदर सिंह रंगी (स्वर्गवासी) के कानूनी वारिस) | 01-03-2023/रू. 9,86,02,554/- (रूपए नौ करोड़ छियासी लाख दो हजार पांच सौ चौवन मात्र) एनपीए (01-11-2017) | प्लॉट नंबर 8, गुलमोहर मार्ग, परिमाप 855 वर्ग मीटर, डीएलएफ कुतुब एन्क्लेव, फेज-2, गुरूग्राम |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथि : 15-03-2023
स्थान : दिल्ली

हस्ता./-
(प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

**PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT (Order 5, Rules 20 of the Code of Civil Procedures)**

IN THE COURT OF SH. SANJEEV KUMAR AGGARWAL, LD. DISTRICT JUDGE (COMMERCIAL COURT)-01, ROOM NO. 308, CENTRAL, TIS HAZARI COURTS, DELHI

SUIT NO. CS COMM No.- 2914/2019
Next Date of Hearing- 29.04.2023

ICICI BANK LTD. ...Plaintiff
V/S.
DILIP CHHABRIA DESIGN PVT. LTD. ...Defendant

To,
1. DILIP CHHABRIA DESIGN PVT. LTD.
THROUGH ITS DIRECTOR MR. BINTO DILIP CHHABRIA
**HAVING ITS OFFICE AT :**
KHASRA NO-22/11/2/1P
VILLAGE KHERKI DUALA,
NATIONAL HIGHWAY-8
GURGAON, HARYANA- 122001
2. BINTO DILIP CHHABRIA,
S/O SH. DILIP HARKISHAN CHHABRIA, DIRECTOR, R/O 21, SANJAY PLAZA, A.B. NAIR ROAD, SILVER BEACH, JUHU, MUMBAI- 400049

WHEREAS you are intentionally evading the service of summons of the court, it is hereby notified that if you shall not defend the case on the **29.04.2023** the day fixed for the final disposal of the above mentioned case, it will be heard and determined as ex-parte.
Given under my hand and the seal of the court, this **17.02.2023.**

District Judge
(Commercial Court)-01,
Tis Hazari Courts, Delhi

## ज्वेलरी शॉप में डकैती तीन बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में 21 फ रवरी को ज्वेलरी शॉप में डकैती का प्रयास करने वाले तीन बदमाश मंगलवार देर रात मुठभेड़ में पकड़े गए। इसमें 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश को पैर में गोली लगी है। अब तक 6 बदमाश पकड़े जा चुके हैं और 5 फरार चल रहे हैं।

मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र स्थित जागृति विहार में जय कुमार वर्मा की ज्वेलरी शॉप है। 21 फ रवरी को करीब पांच बदमाशों ने इस शॉप में डकैती डालने का प्रयास किया। वारदात के वक्त सर्राफ व्यापारी दुकान के बाहर पानी पीने के दौरान बदमाश दुकान में घुस आये थे।

# बलात्कार-हत्या के दोषी को फांसी की सजा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● आरोपी ने दो बच्चियों को अगवा कर, एक के साथ की थी दरिंदगी

गाजियाबाद कोर्ट ने 9 साल की बच्ची की रेप और हत्या करने वाले कपिल कश्यप को बुधवार को फांसी की सजा सुनाई है। कपिल ने दो बच्चियों को किडनैप किया था। एक के साथ दरिंदगी की थी। जबकि दूसरी बच्ची छूट कर भाग गई थी।

घटना मोदीनगर थाना क्षेत्र की है। 5 और 9 साल की दो बच्चियां 18 अगस्त, 2022 की शाम 6 बजे घर के बाहर खेल रही थीं। दोनों बच्चियों के घर एक.दूसरे से कुछ ही दूरी पर हैं। उसी दौरान रोरी गांव का कपिल कश्यप वहां साइकिल से आया। वह दोनों को आइसक्रीम खिलाने के बहाने जंगल ले गया।

वहीं, रात 8 बजे तक जब दोनों बच्चियां घर नहीं लौटीं, तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इस दौरान 9 साल की बच्ची मृत और कुछ दूरी पर 5 साल की बच्ची बदहवास हालत में मिली। कपिल कश्यप इस वारदात से कुछ देर पहले ही अपनी ससुराल से लौटा था। उसके ससुर का निधन हो गया था। मेरठ के चोबला गांव में अंतिम संस्कार हुआ था। पत्नी को वहीं पर छोड़कर कपिल अकेला गांव आया। यहां उसने शराब पी। दादी ने विरोध किया, तो घर में तोड़फ ोड़ की और साइकिल लेकर निकल गया। रास्ते में ये दोनों बच्चियां खेलती हुई मिल गईं। उन्हें आइसक्रीम खिलाने के बहाने जंगल में ले गया। 9 साल की बच्ची हाथ जोड़कर कहती रही. अंकल प्लीज छोड़ दो। लेकिन कपिल को जरा भी तरस नहीं आया और उसकी अस्मत लूट ली। बच्ची उसको जानती थी, इसलिए कपिल ने उसकी हत्या भी कर दी।

# ठक-ठक गिरोह के चार बदमाश गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● पुलिस ने आरोपियों के पास 27 लैपटॉप, गुलेल, स्मार्ट वॉच और स्कूटी बरामद की

नोएडा की कोतवाली सेक्टर 39 पुलिस ने नोएडा एनसीआर क्षेत्र में लगभग 100 से अधिक घटनाओं को अंजाम देने साउथ इंडिया के रहने वाले ट्राइबल जाति के ठक-ठक गैंग के चार बदमाशों को मेट्रो फ्लाईओवर के नीचे सेक्टर 44 से गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार यह गैंग के गुलेल और छर्रे से चंद मिनटों में कार का शीशा तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देता था। आरोपियों के कब्जे से चोरी के 27 लैपटॉप, गुलेल, स्मार्ट वॉच, घटना में प्रयोग होने वाली स्कूटी सहित अन्य सामान बरामद हुआ है।

पुलिस की गिरफ्त में खड़े ये संजय उर्फ माइकल, अमित कुमार, विक्रम और विग्नेश ठक.ठक गिरोह के सदस्य है और दिल्ली के मदनगीर में रहते है। एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि यह चेन्नई का गैंग है जो बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर खड़ी गाड़ियों का शीशा तोड़कर लैपटॉप सहित अन्य सामान चोरी करता है। चोरी के लैपटॉप को माइकल की पत्नी सिमरन, शशि, राजेश और विशाल दिल्ली के अलग-अलग बाजारों में बेचते हैं। चारों इस मामले में वांछित चल रहे हैं। इस गैंग के सदस्य राहुल के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा मकोका अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जा चुकी है। दिल्ली पुलिस संजय उर्फ माईकल को तलाश कर रही है। जो दिल्ली में वांछित हैं। एडीसीपी ने बताया कि इस गैंग के सदस्य गुलेल में साइकिल में इस्तेमाल किए जाने वाले छर्रे से कार के शीशे पर मारते थे।

## बिजली कर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार, हड़ताल

**गाजियाबाद।** पूर्व घोषणा के तहत विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले बिजली कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर हड़ताल शुरू कर दी है।

राजनगर स्थित पावर कॉरपोरेशन के मुख्यालय पर विभाग के सभी जूनियर इंजीनियर, नियमित, संविदा आदि इस हडताल में शामिल है इसकी वजह से विद्युत विभाग में काम ठप हो गया है। आज शाम को सभी डिस्कॉम मुख्यालय में मशाल जुलूस निकाला जाएगा। विद्युत कर्मी तीन दिसंबर 2022 को ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते के क्रियान्वयन को लेकर हडताल पर हैं।

# यशोदा अस्पताल में बिना चीर-फाड़ बदला हार्ट वॉल्व

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



● चिकित्सकों ने मरीज को बिना बेहोश किये पूरी की चिकित्सा प्रक्रिया

गाजियाबाद में कौशाम्बी स्थित यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में हृदय रोग के उपचार में मरीज को बेहोश किये बिना और बिना चीर फाड़ के हार्ट वाल्व बदलने का दुर्लभ प्रोसिजर को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

हृदय रोग टीम के विशेषज्ञ डॉ. असित खन्ना एवं डॉ. आयुष गोयल के पास साहिबाबाद के श्यामपार्क एक्सटेंशन के 65 वर्षीय मरीज एओर्टिक वॉल्व सिकुड़ने के कारण सांस फूलने और भारी होने की समस्या लेकर आये थे। जांच में पाया गया गया कि हृदय की कार्य क्षमता सिर्फ 19 प्रतिशत रह गयी थी।

जोखिम को देखते हुए हृदय रोग टीम ने ओपन हार्ट सर्जरी के वैकल्पिक प्रक्रिया ट्रांस कैथेटर एओर्टिक वॉल्व रिपलेस्मेन्ट विधि करने का निर्णय लिया। चिकित्सकों की टीम ने 6 मार्च 2023 को जांघ की नसों से उपकरण के माध्यम से खराब वॉल्व के स्थान पर सफलतापूर्वक प्रतिस्थापित कर दिया। इस प्रोसिजर में किसी भी तरह की बड़ी चीर-फाड़ नहीं की गई और ओपन हार्ट सर्जरी की अपेक्षा मात्र डेढ़ घण्टे में इस प्रोसिजर को कर दिया गया।

इस प्रक्रिया में कार्डियक एनेस्थेटिस्ट डॉ. गौरव कनवर का सहोग महत्वपूर्ण रहा। डॉ. असित खन्ना ने बताया की प्रोसिजर के दूसरे दिन ही मरीज चलने-फिरने लगा था और 9 मार्च 2023 को मरीज की अस्पताल से छुट्टी कर दी गयी। अब मरीज के हृदय की कार्यक्षमता बढ़कर 50 प्रतिशत हो गई है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# पुरानी आबकारी नीति छह माह और आगे बढ़ाई

## मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दी मंजूरी, अधिकारियों को नई आबकारी नीति बनाने पर तेजी से काम करने के दिए निर्देश

● अगले तीन महीनों के दौरान होंगे केवल पांच ड्राई डे




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नई आबकारी नीति को लेकर जारी विवाद के बाद, आम आदमी पार्टी की सरकार ने पुरानी नीति को ही छह महीने के लिए और बढ़ा दिया है। साथ ही अधिकारियों से नई आबाकारी नीति तैयार करने को कहा है।

पुरानी आबकारी नीति के तहत केवल राज्य निगमों को शहर में शराब की खुदरा बिक्री की अनुमति है। सरकार ने यह भी घोषणा की है कि अगले तीन महीनों में पांच शुष्क दिवस महावीर जयंती, गुड फ्राइडे, बुद्ध पूर्णिमा, ईद-उल-फितर और ईद-अल-अधा पर ड्राई डे रहेगा, यानी की इन कुल छह महीनों में पांच दिन ड्राई डे के लिए तय किए गए हैं।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को वर्तमान आबकारी नीति को अगले छह महीने के लिए आगे बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही केजरीवाल ने आबकारी विभाग के अधिकारियों को नई आबकारी नीति पर तेजी से काम करने के निर्देश दिए हैं। दिल्ली सरकार की ड्राइ डे की लिस्ट के मुताबिक तीन महीने में 5 ड्राइ डे होंगे। दिल्ली सरकार ने महावीर जयंती पर 4 अप्रैल, गुड फ्राइडे 7 अप्रैल, ईद उल फितर 22 अप्रैल, बुद्ध पूर्णिमा को 5 मई और ईद उल जुहा को 29 जून पर ड्राइ डे घोषित किया है। सीएम ने आबकारी विभाग के अधिकारियों से विस्तृत योजना तैयार करने को कहा है, जिससे जल्द दिल्ली को नई आबकारी नीति दी जा सके।

### 31 मार्च को खत्म हो रहा है आबकारी नीति का समय

वर्तमान एक्साइज पॉलिसी की मियाद 31 मार्च को खत्म हो रही है। इसे छह महीने के लिए आगे बढ़ाने का प्रस्ताव आबकारी विभाग की तरफ से दिया गया था। आबकारी मंत्री की तरफ से इसे मंजूरी देने के बाद प्रस्ताव सीएम अरविंद केजरीवाल के पास पहुंचा। जिसे सीएम अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को मंजूर कर लिया। दिल्ली सरकार के मुताबिक अब दिल्ली में वर्तमान में चल रही एक्साइज पॉलिसी 30 सितंबर 2023 तक लागू रहेगी।

### जल्द नई नीति लाने के भी दिए गए निर्देश

अधिकारियों ने यह भी बताया है कि दिल्ली सरकार ने आबकारी विभाग को जल्द नई नीति लाने का निर्देश भी दिया है। सरकार ने पिछले साल सितंबर में आबकारी नीति 2021-22 को वापस लेने के बाद अपनी पुरानी आबकारी नीति को लागू किया था। दिल्ली सरकार ने आबकारी नीति 2021-22 को, उपराज्यपाल की ओर से इसे लागू करने में कथित अनियमितताओं की सीबीआई से जांच कराने की सिफारिश करने के बाद वापस ले लिया था।

## जनता को शराब घोटाले का सच बताएगी भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आबकारी नीति से संबंधित मुद्दे पर भाजपा लगातार आम आदमी पार्टी पर हमला कर रही है। विपक्षी पार्टी ने 16 मार्च से अपनी मुहिम को और धार देने की योजना बनाई है। इस कड़ी में भगवा पार्टी 16 मार्च से घर-घर जाकर पत्र बांटेगी जिसमें आबकारी नीति लागू करने के लिए बरती गई अनियमितताओं, भ्रष्टाचार और सरकारी खजाने की लूट का पूरा विवरण जनता को दिया जाएगा।

भाजपा अपनी इस मांग के समर्थन में बजट सत्र के दैरान विधानसभा पर प्रदर्शन करेगी और दिल्ली के सभी मंत्रियों का घेराव किया जाएगा। 17 मार्च को प्रमुख मेट्रो स्टेशनों के बाहर, 18 मार्च को प्रमुख बाजारों में विरोध प्रदर्शन के अलावा 19, 20 और 26 मार्च को डोर टू डोर कैंपेन किया जाएगा।

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने प्रदेश भाजपा महामंत्री कुलजीत चहल ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली सरकार की विवादास्पद आबाकारी नीति के खिलाफ अपनीपार्टी की रणनीति का खुलासा करते हुए बताया कि ईडी को दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने यह बताया है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल ने ही उन्हें शराब नीति लागू करने का आदेश दिया था। इसके बाद अब केजरीवाल को अपने पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। भाजपा पिछले 15 दिन से उनके इस्तीफे की मांग को लेकर आन्दोलन चला रही है। अब नए तथ्यों के सामने आने के बाद भाजपा ने 16 मार्च से आन्दोलन को तेज करने का फैसला किया है।

बिधूड़ी ने बताया कि पूर्व मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी ही शराब घोटाले पर पर्दा उठाने के लिए काफी नहीं है बल्कि केजरीवाल ही शराब घोटाले के असली सूत्रधार हैं। दिल्ली सरकार की जिस केबिनेट बैठक में बैठक में शराब नीति लागू करने का फैसला लिया गया, उसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ही की थी। इसी बैठक में शराब ठेकेदारों का कमीशन 2 फीसदी से बढ़ाकर 12 फीसदी करने का असंवैधानकि फैसला लिया गया। 123 वार्डों में भी शराब की दुकानें खोलने का फैसला लिया गया जहां मास्टर प्लान के प्रावधानों के कारण शराब के ठेके खुल ही नहीं सकते थे। इसी बैठक में शराब बेचने का समय रात 10 बजे से बढ़ाकर प्रात: तीन बजे कर दिया गया जबकि इसके लिए पहले दिल्ली पुलिस से एनओसी ली जानी चाहिए थी।




आबकारी नीति को लेकर प्रदेश कार्यालय पर प्रेसवार्ता में बोलते भाजपा नेता।

● पार्टी आज से तेज करेगी आंदोलन, घर-घर पत्र बांटकर आबकारी नीति की खोलेगी पोल

## संक्षिप्त समाचार



### 75 महिला अचीवर्स को कमला पावर वूमेन अवार्ड

**नई दिल्ली।** महिलाओं के साहस और आत्मविश्वास का जश्न मनाते हुए निरीक्षण गोवानी द्वारा अंकीबाई घमंडीराम गोवानी ट्रस्ट ने कमला पावर महिला पुरस्कार 2023 का आयोजन किया। प्रगतिशील भारत के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव पहल में भाग लेते हुए इस कार्यक्रम में भारत की 75 असाधारण महिलाओं को सम्मानित किया गया। पुरस्कार विजेताओं के लिए सम्मान समारोह डॉ अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया गया था। माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी द्वारा पुरस्कार विजेताओं को कमला शक्ति महिला पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की आयोजक ट्रस्ट की संस्थापक निदर्शना गोवानी भी मौजूद थीं।

### दिल्ली आबकारी नीति : कविता से आज होगी पूछताछ

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित धनशोधन मामले में बुधवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता के कथित पूर्व लेखा परीक्षक (ऑडिटर) बुचिबाबू गोरांतला से पूछताछ की और अन्य गिरफ्तार आरोपी से उसका सामना कराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस मामले में बृहस्पतिवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता से भी पूछताछ की जानी है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इस मामले में बुचिबाबू को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद उसे जमानत मिल गई थी।




### टेक विजार्ड करेगी देश में तोशिबा प्रिंटर का विस्तार

**नई दिल्ली।** टेक विजार्ड (टी डब्ल्यू) तोशिबा सिंगापुर के प्रिंटर उत्पाद के लिए का भारतीय प्रतिनधि के तौर विस्तार करेगी। टेक विजार्ड ने बुधवार को राजधानी में आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी दी। टेक विजार्ड (टीडब्लू) एमडी आशीष शुक्ला ने बुधवार को राजधानी में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गुड़गांव से 'स्टार्टअप' के तौर पर शुरुआत करने वाले 'टेक विजार्ड' वर्तमान में 2,000 से अधिक ग्राहकों को सेवा दे रहा है। कंपनी के मार्केटिंग हेड अंजन श्रीवास्तव ने कहा कि जापान की बहुराष्ट्रीयय कंपनी (एमएनसी) तोशिबा को दो साल में भारतीय प्रिटिंग बाजार में हिस्सेदारी 10 फीसद तक पहुंचने की उम्मीद है। फिलहाल कंपनी की इस खंड में बाजार हिस्सेदारी लगभग दो फीसद है।

### फ्रेंच वीजा धोखाधड़ी का मास्टरमाइंड हुआ फरार

**नई दिल्ली।** अपने माता-पिता समेत सैकड़ों लोगों को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वीजा जारी कर कथित तौर पर बड़ी धोखाधड़ी को अंजाम देने वाला नई दिल्ली स्थित फ्रेंच दूतावास का एक पूर्व कर्मचारी भारत से फरार हो गया है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने फ्रेंच दूतावास से मिली एक शिकायत के आधार पर इस मामले में शुभम शौकीन और एक अन्य पूर्व कर्मचारी आरती मंडल पर मामला दर्ज किया था। ऐसा आरोप है कि शौकीन ने एक जनवरी 2022 से छह मई 2022 तक दूतावास के वीजा विभाग के प्रमुख की स्वीकृति और जानकारी के बिना प्रत्येक आवेदन पर कथित तौर पर 50,000 रुपए की घूस देने के बाद जाली दस्तावेजों के आधार पर वीजा जारी किए।

# एनटीआरओ परीक्षा पेपर लीक मामले में पांच गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



● व्हाट्स ऐप के जरिए परीक्षार्थियों से करते थे बात, आठ मोबाइल व अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त

अपराध शाखा ने राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन (एनटीआरओ) में विभिन्न पदों के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा में पेपर लीक गिरोह का भंड़ाफोड़ करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों की पहचान अरुणजय, अरुण कुमार, सुभाष चंद, दीपक राघव और गोविंद कुमार के रूप में हुई है। अब पुलिस सॉल्वर की तलाश कर रही है। एनटीआरओ में तकनीकी सहायक (नान गजटेड) और एविएटर-2 (गजटेड) के पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा मार्च के प्रथम सप्ताह में हुई थी। दो पालियों में होने वाली परीक्षा के लिए राजधानी के विभिन्न स्कूलों में केंद्र बनाया गया था।

विशेष आयुक्त रवींदर सिंह यादव ने बताया कि अपराध शाखा को सूचना मिली थी कि द्वारका सेक्टर 23 स्थित पैरामाउंट इंटरनेशल स्कूल में भी परीक्षा केंद्र बनाया है। इसी स्कूल का एक अधिकारी सॉल्वर गिरोह चला रहा है और इसके द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर भी अभ्यर्थियों को सॉल्व पेपर मुहैया करने की योजना थी। इस अधिकारी की पहचान अरुणजय कुमार के तौर पर हुई। इस सूचना जानकारी के आधार पर अपराधा शाखा की टीम ने चार मार्च को स्कूल में छापा मारा और अरुणजय को हिरासत में ले लिया। अरुणजय स्कूल में एक्जामिनेशन असिस्टेंट था।

पुलिस टीम ने अरुणजय के दोनों मोबाइल की जांच की। इसमें मालूम हुआ कि उसने सी-सेट के प्रश्नों को दीपक नाम के शख्स को व्हाट्स एप पर भेजा था। जब पुलिस मोबाइल देख रही थी तभी करीब 11.20 बजे दीपक ने उत्तर उसे व्हाट्स एप कर दिए। इसमें एक से लेकर 100 तक प्रश्नों की संख्या अंकित थी। इनके आगे उत्तर के क्रम एक, दो, तीन या चार लिखा हुआ था। पूछताछ में अरुणजय ने बताया कि वह इस केंद्र और अन्य केंद्रों पर परीक्षा दे रहे अभ्यर्थियों को यह हल भेजने वाला था, लेकिन उससे पहले पुलिस ने उसे दबोच लिया।

अरुणजय परीक्षा आयोजन से जुड़ा था। इसलिए उसकी पहुंच प्रश्न पत्रों तक आसानी से हो गई थी। उसने शक्ति नगर स्थित परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थियों को भी उत्तर भेजने की व्यवस्था की थी। पुलिस ने अरुणजय के फोन से कुछ छात्रों के रोल नंबर और परीक्षा केंद्र की जांच की। इसमें पैरामाउंट इंटरनेशल स्कूल में परीक्षा दे रहे दो अभ्यर्थियों को पकड़ा। दोनों ने बताया था कि केंद्र में प्रवेश करते समय अरुणजय ने आखिरी आधे घंटे में प्रश्नों के हल देने का वादा किया था। इसलिए उन्होंने प्रश्न हल नहीं किए थे।

यादव ने बताया कि अभी तक की जांच में सामने आया है कि इस गिरोह के तार हरियाणा के विभिन्न शहरों में स्थित कोचिंग सेंटर से जुड़े हुए हैं। छानबीन में यह भी पता चला कि गिरोह के सदस्य एविएटर-दो और इसी के समक्ष पद के लिए 30 लाख रुपये और तकनीकी सहायत पद के लिए 15 लाख रुपये वसूले थे।

अपराध शाखा की टीम इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस ने ठगी समेत अन्य धाराओं में केस दर्जकर लिया है।

# फर्जी वेबसाइट से एक करोड़ की ठगी में चार को दबोचा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● पेन, बेल्ट, बैग पर भारी छूट का लालच देकर करते थे धोखाधड़ी

प्रमुख कंपनी के नाम पर बनाई फर्जी वेबसाइट का उपयोग कर भारी छूट पर पेन, बेल्ट और बैग की पेशकश की आड़ में लोगों से एक करोड़ रुपए से अधिक की ठगी करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। आरोपियों की पहचान पंजाब के हरदीप हरनाल, यूपी के हिमांशु वर्मा, हरियाणा के शराफत अली, दिल्ली के सागर बग्गा के रूप में हुई है।

पुलिस ने मुताबिक, दिल्ली उच्च न्यायालय ने कई प्रमुख कंपनी से संबंधित ट्रेडमार्क और कॉपीराइट उल्लंघन के कई मामलों को दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशन (आईएफएसओ) इकाई को भेजा। इन मामलों में जालसाजों ने पेन, बेल्ट और बैग सहित वस्तुओं पर भारी छूट की पेशकश कर ग्राहकों को ठगने के लिए कई फर्जी वेबसाइट बनाई थीं।

### एमसीडी औद्योगिक क्षेत्रों में संपत्तियों का ड्रोन से करेगी सर्वे

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम कर चोरी पर लगाम लगाने के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करेगा। एमसीडी राजधानी दिल्ली के औद्योगिक क्षेत्रों में संपत्तियों का ड्रोन से सर्वेक्षण करेगी। इससे कर का भुगतान करते समय निवासियों द्वारा प्रस्तुत संपत्तियों के विवरण के सत्यापन में मदद मिलेगी। एमसीडी ने कर आकलन के लिए एक एजेंसी के माध्यम से ड्रोन आधारित सर्वेक्षण करने के लिए टेंडर आमंत्रित किया है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 16 मार्च है। एमसीडी राष्ट्रीय राजधानी में औद्योगिक क्षेत्रों में आने वाली संपत्तियों का सर्वेक्षण करने के लिए पहली बार ड्रोन का इस्तेमाल करेगी।

# जाम से तीसरे दिन भी रेंगते रहे वाहन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● चिराग दिल्ली और रंगपुरी और रजोकरी के बीच दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में वाहनों का रैला

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सड़कों की मरम्मत और निर्माण कार्य के लिए कुछ प्रमुख मार्ग बंद रहने के कारण बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी लोगों को जाम की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ा। अब लोग वैकल्पिक मार्गों एवं मेट्रो जैसे विकल्प अपना रहे हैं।

चिराग दिल्ली फ्लाईओवर रविवार से 50 दिनों के लिए बंद कर दिया गया था, जबकि रंगपुरी और रजोकरी के बीच दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-48) का एक हिस्सा मंगलवार से 90 दिनों के लिए बंद कर दिया गया। केशव कुमार नामक एक कारोबारी ने अपनी परेशानियां साझा करते हुए कहा कि दक्षिण और दक्षिणपूर्वी दिल्ली क्षेत्र में स्थिति समान है। मैं नोएडा से आया था और सोचा था कि आश्रम फ्लाईओवर राहत देगा, लेकिन चिराग दिल्ली में भारी जाम का अंदाजा नहीं था। अब, मुझे गुरुग्राम जाना है और यातायात की स्थिति के कारण मेट्रो से जाने की योजना है।

मध्य दिल्ली में काम करने वाली वृंदा भाटिया ने कहा कि वह मंगलवार को वाहनों से खचाखच भरी सड़कों पर करीब दो घंटे बिताने के बाद घर पहुंची। वृंदा ने कहा कि मैं मध्य दिल्ली में काम करती हूं और गुरुग्राम से आती हूं। मंगलवार को सुबह जब मैं काम पर जा रही थी, तो यातायात की स्थिति सुचारु थी। हालांकि, जब मैं घर लौट रही थी तो ऐसा लग रहा था कि पूरी दिल्ली जाम हो गई है। मुझे गुरुग्राम पहुंचने में ढाई घंटे लग गए। आज, कार्यालय जाने के लिए मेट्रो पकड़ी। कई अन्य यात्रियों ने भी ट्विटर पर यातायात की स्थिति की ताजा जानकारी साझा की। उनमें से एक ने कहा कि वह 35 मिनट से अटका हुआ है।

### दवाओं की ऑनलाइन अवैध बिक्री मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दवाओं की ऑनलाइन अवैध बिक्री पर प्रतिबंध वाली याचिकाओं पर बुधवार को केंद्र सरकार से स्थिति रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा है।

मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार के अधिवक्ता ने कहा कि ई-फार्मेसी को विनियमित करने के लिए नियम बनाने के प्रस्ताव पर मंथन जारी है और कुछ और समय की दरकार है। इस पर न्यायालय ने मामले को अगली सुनवाई के लिए 22 मई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। खंडपीठ में न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद भी शामिल हैं।

# गर्मियों में नहीं होगी पानी की किल्लत : केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



● सीएम ने तैयार की विस्तृत योजना, सभी ट्यूबवेल चालू करने, नए ट्यूबवेल निर्माण में तेजी लाने, खराब को 24 घंटे में ठीक करने के निर्देश

गर्मियों के मौसम में दिल्ली में हर घर को साफ और भरपूर पानी मिलेगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का पानी की उपलब्धता बढ़ाने, उसका पूरा इस्तेमाल करने और बर्बादी रोकने पर जोर है। उन्होंने बुधवार को कैंप कार्यालय पर जल मंत्री सौरभ भारद्वाज, वन मंत्री गोपाल राय, मुख्य सचिव, डीसूब के सीईओ और संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।

बैठक में सीएम ने दिशा में चल रहे दिल्ली जल बोर्ड के कामों को निर्धारित समय से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी ट्यूबवेल को चालू करने, नए ट्यूबवेल के निर्माण में तेजी लाने व खराब ट्यूबवेल को 24 घंटे के मरम्मत कराने को कहा।

अरविंद केजरीवाल ने पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए नए एसटीपी का काम जल्द पूरा करने। हरियाणा से आने वाले पानी में उपलब्ध अमोनिया को ट्रीट करने का एक सप्ताह में प्लान मांगा है।

साथ ही, मुख्य सचिव को जमीन संबंधित समस्या के निपटारे के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण के साथ सामंजस्य स्थापित करने का निर्देश दिया है। समीक्षा बैठक में सीएम पानी की उपलब्धता बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जमीन मिलने के छह महीने के अंदर ट्यूबवेल लगा दिए जाएं। जितने भी टूयूबवेल लग गए हैं, वहां यूजीआर पर वाटर फ्लो मीटर लगाने का काम जल्द पूरा किया जाए ताकि पानी की बर्बादी को रोका जा सके।

# राजधानी के उच्च और तकनीकी शिक्षा संस्थाओं में बढ़ेंगी सीटें

## आंबेडकर यूनिवर्सिटी में 26,000 तो शहादरा आईटीआई में 10,000 से ज्यादा छात्रों का होगा दाखिला, शिक्षामंत्री ने की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



● आतिशी मार्लेना ने कहा कि कहा कि दिल्ली में करीब 2.5 लाख बच्चे हर साल 12वीं कक्षा पास करते हैं, लेकिन 1 लाख को मिलता दाखिला

उच्च शिक्षा और तकनीकि शिक्षा संस्थानों में सीटें बढ़ेंगी। उच्च व शिक्षा के क्षेत्र में चल रही परियोजनाओं के पूरा होने पर दिल्ली में करीब 36 हजार सीटें बढ़ जाएंगे जिनमें आंबेडकर विश्वविद्यालय में 26 हजार और शहादरा आईटीआई के विस्तार के बाद 10,000 से ज्यादा सीटों का इजाफा होगा।

शिक्षा मंत्री आतिशी ने बुधवार को शिक्षा के क्षेत्र में चल रहे विभिन्न परियोजना की प्रगति पर उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा की। मंत्री ने कहा कि अल्ट्रा-मॉडर्न सुविधाओं से लैस होंगे आंबेडकर विवि के दोनों कैंपस, छात्रों की सभी शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करेंगे। ताकि दिल्ली के प्रत्येक छात्र को उच्च स्तरीय शिक्षा मिल सके।

आतिशी मार्लेना ने कहा कि कहा कि दिल्ली में करीब 2.5 लाख बच्चे हर साल 12वीं कक्षा पास करते हैं। लेकिन प्रतिभा और क्षमता होने के बावजूद इनमें से केवल 1 लाख बच्चों को ही किसी विश्वविद्यालयों में दाखिला मिल पाता है। दिल्ली सरकार ने इसका संज्ञान लेकर अपने विवि की क्षमता को बढ़ाना शुरू किया है। इस दिशा में आंबेडकर विवि के धीरपुर और रोहिणी में दो नए कैंपस तैयार कर रही है। यहां ह्यूमैनीटीज के कोर्सेज में 26,000 छात्रों को दाखिला मिलेगा। साथ ही शहादरा आईटीआई के विस्तार से तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में 10,000 से ज्यादा सीटों का इजाफा होगा।

सरकार ऐसे इनोवेटिव एजुकेशनल स्पेस तैयार करने पर फोकस कर रही है जो छात्रों को बेहतर ढंग से सीखने और अपने लक्ष्यों को तेजी से प्राप्त करने में मदद कर सकें। ऐसे में अम्बेडकर विश्वविद्यालय के नए कैंपस के निर्माण के दौरान ध्यान रखा जाए कि वहां स्टूडेंट्स की सभी शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अल्ट्रा-मॉडर्न सुविधाएं विकसित की जाए। रोहिणी और धीरपुर कैंपस में मल्टी-स्टोरी अकेडमिक ब्लॉक्स, कन्वेंशन ब्लॉक, हेल्थ-सेंटर,ऑडिटोरिअम, एमएलसीपी, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, लाइब्रेरी ब्लॉक, एम्फीथिएटर, गेस्ट हाउस, लड़कियों और लड़कों के लिए अलग-अलग हॉस्टल सहित दोनों कैंपस में विभिन्न प्रकार के रेजिडेंशियल यूनिट्स का भी निर्माण किया जाएगा।

मंत्री ने अधिकारियों आईटीआई संस्थानों के आधुनिकीकरण को लेकर मॉडल आईटीआई के लिए एक्शन प्लान बनाने के निर्देश दिए ताकि अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होने के बाद इन आईटीआई संस्थानों से युवाओं को 21वीं सदी में बाजार की मांग के अनुरूप सभी स्किल्स मिल सके। साथ ही उन्होंने आईटीआई संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तैयार करने की संभावनाओं को तलाशने की भी बात कही ताकि इंडस्ट्री पार्टनर्स के साथ मिलकर यहाँ युवाओं को हाइली स्पेशलाइज्ड स्किल्स दी जा सके।

**इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

आईआरसीटीसी आमंत्रित करता है:-

I. खुली ई-निविदा: सीओ/एनआईटी/एफपी-एफएफयू/2023/02: फूड प्लाजा एवं फास्ट फूड यूनिटों की स्थापना, प्रचालन एवं प्रबंधन। निविदा-पूर्व बैठक की तिथि: 27.03.2023 को 11:30 बजे। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 10.04.2023 को 15:00 बजे तक। ई-मेल: fp.ffu@irctc.com

II. खुली ई-निविदा: 2023/आईआरसीटीसी/एनजेड/एफपी-एफएफयू/ओपन टेंडर/01 (दो पैकेट- तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा): आईआरसीटीसी/उत्तर जोन के अंतर्गत भारतीय रेल के भीतर बी, सी एवं डी श्रेणी स्टेशनों पर फास्ट फूड यूनिटों एवं फूड प्लाजा की स्थापना, प्रचालन एवं प्रबंधन। निविदा-पूर्व बैठक की तिथि (वीसी): 23.03.2023 को 12:30 बजे। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 10.04.2023 को 15:00 बजे तक। ई-मेल: fpffu.nz@irctc.com

III. खुली ई-निविदा: 2023/आईआरसीटीसी/एनजेड/एलसीएस/आरआर-जेएचएस/ओपन टेंडर/02 (दो पैकेट- तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा): आईआरसीटीसी/उत्तर जोन के अंतर्गत भारतीय रेल के भीतर ए1 श्रेणी स्टेशन पर रिफ्रेशमेंट रूम/झांसी में/के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं का प्रचालन, रखरखाव व प्रावधान। निविदा-पूर्व बैठक की तिथि (वीसी): 21.03.2023 को 12:30 बजे। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 27.03.2023 को 15:00 बजे तक। ई-मेल: nzm@irctc.com

IV. खुली ई-निविदा: 2023/आईआरसीटीसी/सीओ/एसईआर/विज्ञापन का एकल अधिकार: आईआरसीटीसी एवं भारतीय रेल वेबसाइट एवं मोबाइल एप के पिक्षा, इन्वेंटरीज पर विज्ञापन का एकल अधिकार। निविदा-पूर्व बैठक की तिथि (वीसी): 27.03.2023 को 12:30 बजे। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 17.04.2023, ई-मेल: ggmservices@irctc.com

V. खुली ई-निविदा: 2023/आईआरसीटीसी/सीओ/एसईआर/कैप्चा एवं मुद्रीकरण: आईआरसीटीसी वेबसाइट एवं मोबाइल एप पर कैप्चा एवं मुद्रीकरण। निविदा-पूर्व बैठक की तिथि (वीसी): 29.03.2023 को 12:30 बजे। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 19.04.2023, ई-मेल: ggmservices@irctc.com

विस्तृत विवरणों के लिए www.irctc.com एवं www.tenderwizard.com/IRCTC देखें। निविदा दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता वेबसाइट www.tenderwizard.com/IRCTC पर की जा सकती है।

शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई होगा, तो इसे केवल आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctc.com एवं www.tenderwizard.com/IRCTC पर प्रकाशित किया जाएगा।

कार्यालय पता: आईआरसीटीसी, 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी-148, बाराखम्बा रोड, कनाट प्लेस, नई दिल्ली-110001; फोन: 011-23311263-64; फैक्स: 011-23311259

# जिम्मेदारी व सहानुभूति से काम करें बैंक अधिकारी : विश्राम कुमार मीणा

## कल्याणकारी योजनाओं का जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें बैंकों के अधिकारी

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में बैंक अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी निशांत कुमार यादव।

**सरकार** प्रायोजित जनकल्याणकारी योजनाओं का जरूरतमंदों को लाभ देने के लिए बैंकों के अधिकारी जिम्मेदारी के साथ सहानुभूति पूर्वक कार्य करें। किसी आवेदन में कोई कमी हो तो उस योजना के नोडल विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए दूर कराएं। यह निर्देश बुधवार को एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने जिला स्तरीय समीक्षा व परामर्शदात्री समिति की त्रैमासिक बैठक में दिए।

एडीसी ने बैठक के एजेंडे में शामिल जनकल्याणकारी योजनाओं नामत: राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, एचएसएफडीसी, मिनी डेयरी, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से संचालित योजनाएं, पीएम-किसान, डीबीटी, एमएसएमई, स्टैंड अप इंडिया, किसान क्रेडिट कार्ड योजना का पशुपालकों व मत्स्य पालकों तक विस्तार, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना आदि को लेकर बैंकों से संबंधित कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना को लेकर बैंकों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बीते दिनों मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ऑडियो कांफ्रेंस के माध्यम से इस योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद किया था। ऐसे में इस योजना के नए आवेदकों को शीघ्रता से लाभ पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान कार्यक्रम के तहत बैंकों को मिले आवेदनों की समीक्षा करते हुए विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस कार्यक्रम में समीक्षा स्वयं करते हैं।

इस कार्यक्रम के तहत जिला में अभी तक 182 पात्र परिवारों को इस योजना के तहत ऋण जारी किया जा चुका है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जिन आवेदकों के आवेदन पूर्व में रद्द किए जा चुके हैं उनकी भी एक सप्ताह के भीतर दोबारा समीक्षा की जाए। इस दौरान बैंकों के माध्यम से संचालित आधार केंद्रों को भी एक्टिव बनाए रखने के एडीसी ने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले के बने सभी आधार अपडेट किए जाए।

एडीसी ने कहा कि अल्पसंख्यकों व समाज के जरूरतमंद वर्गों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का भी लोगों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जाए। इस दौरान नाबार्ड के अधिकारी ने भी सेक्टर वाइज कार्यों की प्रगति की बैठक में जानकारी दी। एडीसी ने बैठक के दौरान गुरुग्राम की जिला ऋण योजना 2023-24 का भी विमोचन किया।

# बड़े-बड़े ऐलान कर मुख्यमंत्री ने जीता छोटी सरकार के मुखियाओं का दिल : डा. संजय शर्मा

**गुरुग्राम।** भाजपा हरियाणा प्रदेश मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रमुख डा. संजय शर्मा ने गांवों की छोटी सरकारों को मनोहर तोहफा देने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जो भी निर्णय लेते हैं वे प्रदेश के हित में होते हैं। बुधवार को सीएम मनोहर लाल ने गांव के मुखियाओं के लिए बड़े-बड़े ऐलान कर उनका दिल जीत लिया है। मुख्यमंत्री ने गांवों के विकास पर जहां फोकस रखा, वहीं पंच-सरपंचों का मानदेय भी बढ़ाया है।

डा. संजय शर्मा ने कहा कि विपक्ष ई टेंडरिंग को लेकर लोगों में भ्रांतियां फैला रहा था, लेकिन गांवों के सरपंच उनकी मंशा को समझ चुके थे। अब सीएम मनोहर लाल ने विपक्ष के मुंह पर ताला जड़ते हुए वो ऐलान कर दिए जिसकी विपक्ष सोच भी नहीं सकता था। शर्मा ने कहा कि सरपंचों की उचित मांगों को मानते हुए मुख्यमंत्री ने उनकी सोच से भी ज्यादा देने का काम किया है। मनोहर सरकार ने सरपंचों का मानदेय 3



डा. संजय शर्मा।

हजार से बढ़ाकर 5 हजार कर दिया है। वहीं पंच को भी अब 1600 रुपये मानदेय मिलेगा। मुख्यमंत्री ने 10 हजार से ज्यादा आबादी वाले गांवों में स्ट्रीट लाइट लगाने का भी ऐलान किया है, जिसकी सरपंचों ने भी प्रशंसा की है। मीडिया प्रमुख ने बताया कि मुख्यमंत्री ने कोटेशन के जरिए विकास कार्य कराने की लिमिट को 2 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दिया है। संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सरपंचों के अधिकारों में भी बढ़ोतरी की है।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा हर समय चुनाव के लिए तैयार : डा. कमल गुप्ता



**गुरुग्राम।** आगामी नगर निगम चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश कार्यालय गुरुकमल में जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गुरुग्राम के चुनाव प्रभारी एवं प्रदेश के मंत्री डा. कमल गुप्ता, जिला प्रभारी विधायक दीपक मंगला, संगठन मंत्री रविन्द्र राजू ने आगामी नगर निगम चुनाव की रणनीतियों को लेकर मंथन किया। इस मौके पर 25 मार्च तक नए पन्ना प्रमुख बनाने के कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में गुरुग्राम के 10 मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री, प्रभारी, पालक और पार्षद उपस्थित थे। डा. कमल गुप्ता ने कहा कि भाजपा के लिए चुनाव छोटा हो या बड़ा यह मायने नहीं रखता। भाजपा हर समय चुनाव के लिए तैयार रहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन मजबूत है और भाजपा कार्यकर्ताओं के दम पर लगातार चुनाव जीतती आ रही है। गुरुग्राम नगर निगम चुनाव में गुरुग्राम के सभी वार्डों में कमल खिलाना है, इसलिए अभी से तैयारियों में जुट जाएं। गुप्ता ने नए पन्ना प्रमुख बनाने के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि पदाधिकारी नए पन्ना प्रमुख बनाने के काम को जल्द से जल्द पूरा करें। हमें भाजपा के स्थापना दिवस पर प्रदेश में 5 लाख घरों पर पार्टी का झंडा फहराना है, इसलिए जल्द से जल्द पन्ना प्रमुख बनाने का कार्य को पूरा किया जाए। इस मौके पर जिला प्रभारी विधायक दीपक मंगला ने भी कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण टिप्स दिए। बैठक में प्रदेश सचिव समय सिंह भाटी, मनीष यादव, सूरजपाल अम्मू, गोपीचंद गहलोत, मेयर मधु आजाद, अनिल यादव सरपंच, जिला महामंत्री मनीष गाड़ोली, जिला विस्तारक सत्यवीर गांधी, भारत भूषण जुयाल, जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव, पार्षद कुलदीप यादव, सुभाष सिंगला समेत अनेक नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# युवाओं को संस्कारवान बनाने के लिए हम कृत संकल्पित : बोधराज सीकरी



गुरुग्राम में हनुमान चालीसा का पाठ करने के दौरान मंदिर में श्रद्धालु।

**गुरुग्राम।** मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ सिर्फ एक धार्मिक कार्य नहीं है, बल्कि इसके समाज पर गहरा प्रभाव भी पड़ रहा है। इस अभियान की विशेषता यह है कि इससे युवा अधिक जुड़ रहे हैं। हमारा ध्येय भी युवाओं को संस्कारवान बनाकर उनका चरित्र निर्माण करना है। यह बात इस अभियान के प्रमुख बोधराज सीकरी ने मंदिरों में अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि पिछले तीन सप्ताह से हनुमान चालीसा पाठ का अभियान जारी है।

गंगा गिरी कुटिया, बसई रोड, हनुमान मंदिर, मदनपुरी और श्री कृष्णा मंदिर चार आठ मरला गुरुग्राम में हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया। 21-21 बार पाठ जब मंदिरों में हुआ तो माहौल और अधिक धर्ममय, भक्तिमय हो गया। इन तीन मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ 8100 बार किया गया। इन स्थानों पर करीब 400 लोगों ने शिरकत की। बोधराज सीकरी ने कहा कि समाजसेवी संस्थाओं में प्रतिनिधि होने के नाते उनका यह कर्तव्य बनता है कि वे समाज में चरित्र निर्माण पर, संस्कारों के समावेश के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि युवाओं को पाश्चात्य संस्कृति से निकालकर अपनी पौराणिक भारतीय संस्कृति में लाना ही उनका उद्देश्य है। इसमें उनके साथ काफी संस्थाएं काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस मिशन में सफलता जरूर मिलेगी।

बोधराज सीकरी ने बताया कि गंगा गिरी कुटिया में हनुमान चालीस पाठ का आयोजन प्रधान ब्रह्म देव कथूरिया प्रधान, श्यामकल अदलखा, रमेश कुमार, अनिल कुमार, हरीश वर्मा और पुजारी प्रमोद कुमार की देखरेख में हुआ। हनुमान मंदिर मदनपुरी का समन्वयक राम लाल ग्रोवर प्रधान, उमेश ग्रोवर, चार आठ मरला श्री कृष्ण मंदिर का समन्वय प्रधान वासदेव ग्रोवर, सचिव जयदयाल कुमार, सुभाष गाबा ने बखूबी किया। ढोलक, मंजीरे द्वारा गायकी रूप और संगीतमय तरीके से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। संयोजक के नाते धर्मिंदर बजाज, रमेश कामरा, ओपी कालरा, किशोरी डुडेजा, गजेंद्र गोसाई, ज्योत्सना बजाज, ज्योति वर्मा और रचना बजाज का सराहनीय योगदान रहा। बोधराज सीकरी ने बताया कि अगले मंगलवार 21 फरवरी के लिए मंदिरों की प्रार्थना आनी शुरू हो गई है।

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने बसई में किया श्रमदान

**गुरुग्राम।** राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप के चौथे दिन विद्यार्थियों रैली निकालकर नेत्रदान, रक्तदान, अंगदान के लिए आम जन को प्रेरित किया। यह रैली के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने बसई गांव का दौरा किया। विद्यार्थियों ने बसई गांव में स्थित तालाब के चारों तरफ सफाई कर स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया।

इससे पहले स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के प्रांगण में सफाई कर महाविद्यालय को साफ रखने के लिए श्रमदान दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. कृष्णा मल्हान ने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि एनएसएस में भाग लेने वाले विद्याथीऱ् समाज में फैल रही बुराईयों के प्रति स्वयं जागरूक होते हैं तथा समाज के लोगों को भी जागरूक करते हैं। यह विद्यार्थी समाज को आदर्श बनाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं।

# आईआईटी मुम्बई की तर्ज पर बनेगा मानेसर महिला कॉलेज : सत्यप्रकाश जरावता

## विधायक ने कहा, एक-दो जो रूकावटें हैं, वो भी जल्द ही दूर हो जाएंगी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



विधायक सत्यप्रकाश जरावता।

**पटौदी** के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि मानेसर में महिला कालेज आईआईटी मुम्बई की तर्ज पर बनेगा। कालेज निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री की घोषणा में जो रूकावटें आई थी, वो लगभग दूर हो गई हैं। एक-दो जो रूकावटें हैं, वो भी जल्द ही दूर हो जाएंगी।

विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि मानेसर में महिला कॉलेज का भवन दो चरणों में बनाया जाएगा, जिसकी ड्राइंग भी पास हो गई है। यह ड्राइंग हरियाणा में जितने भी कॉलेज हैं, उन सभी कॉलेज से बेहतर पास होकर आई है। जिसमें 2.25 एकड़ जमीन में अभी कुछ खंड बनाए जाएंगे। इसके लिए सरकार से और शहर एवं देश परियोजना विभाग, शहरी स्थानीय निकाय विभाग व वन विभाग इत्यादि इन सभी विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी हो चुका है। इसके अलावा मुख्यमंत्री से जीएमडीए की बैठक में अनुरोध किया था। उसके अनुसार खेड्की दौला के अलावा पंचगांव चौक केएमपी पर एक भव्य बस स्टैंड, एक जंक्शन, जिसमें आरआरटीएस व ऑर्बिटल रेल का स्टेशन, मेट्रो, बस स्टैंड, मॉल और शॉपिंग काम्प्लेक्स आदि पंचगांव चौक पर बनाए जाएंगे। इस बारे में विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमा शंकर से कल बैठकर चर्चा भी कर ली है। इसके अलावा जो पटौदी बाईपास पर कट है, जहां-जहां पर अंडरपास होने चाहिए, उसके लिए विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने नितिन गडकरी से आग्रह किया था। उनके निर्देश पर प्रोजेक्ट डायरेक्टर धीरज सिंह ने एसडीएम के साथ मौके का निरीक्षण किया। धरने स्थल पर बैठे लोगों से मुलाकात की और बताया कि बहुत जल्द अंडरपास का कार्य भी हो जाएगा। फ्लाईओवर की जिस तरह जरुरत होगी, उसके बारे में डिटेल रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है। बिलासपुर चौक से कुलाना तक जो रोड है, वो फोरलेन एवं पटौदी में एलिवेटेड फ्लाईओवर पास होकर स्टेट फाइनेंस कमीशन को भेजा जा रहा है।

# सचिन भारद्वाज की याद में 25 वाटर कूलर सोहना और तावडू में लगेंगे : जितेन्द्र भारद्वाज



बुधवार को लायंस क्लब सोहना द्वारा मनाई गई स्वर्गीय सचिन भारद्वाज की प्रथम जयंती पर श्रद्धाजंलि देने पहुंचे जितेन्द्र भारद्वाज और अन्य लोग।

## सचिन भारद्वाज के सामाजिक कार्यों को पूर्ण करने को अनुज पंकज ने लायंस क्लब की सदस्यता ग्रहण की

## लायंस क्लब सोहना टाउन ने स्वर्गीय सचिन भारद्वाज के जन्मदिन को प्रथम जयंती के रूप में मनाया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**कांग्रेस** पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज ने कहा तावडू और सोहना में स्वर्गीय सचिन भारद्वाज की याद में सार्वजनिक स्थानों पर 25 वाटर कूलर लगाएं जाएंगे। सचिन भारद्वाज के सामाजिक कार्यों को पूर्ण करने के लिए उनके अनुज पंकज भारद्वाज ने लायंस क्लब की सदस्यता ग्रहण की। लायंस क्लब सोहना टाउन ने स्वर्गीय सचिन भारद्वाज के जन्म दिन को प्रथम जयंती के रूप में मनाया। इस अवसर पर उनके बड़े भाई जितेन्द्र भारद्वाज और पंकज भारद्वाज समेत लायंस क्लब के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। क्लब ने प्रथम जयंति को अपने कार्यालय पर बनाते हुए कांग्रेस पार्टी के कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया था। इस अवसर पर जितेन्द्र भारद्वाज ने सचिन भारद्वाज की याद में 25 वाटर कूलर शहर के सार्वजनिक स्थानों पर लगाने के लिए दान दिए। जिनमें से 5 से 7 कूलर तावडू शहर में तथा शेष वाटर कूलर सोहना के सार्वजनिक स्थानों पर एक माह के अंदर स्थापित करने की घोषणा की। भारद्वाज ने कहा कि सचिन भारद्वाज की सामाजिक भावना क्लब को कमी महसूस नहीं होने दी जाएगी। सचिन के अधूरे सामाजिक कार्यों को उनका अनुज पंकज भारद्वाज सेवा देकर पूर्ण करेगा। इस अवसर पर हरिओम छोकर, बीरसिंह नंबरदार, लायंन सुरेश मदान, अवतार सिंह वर्तमान क्लब के प्रधान सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हाथ से हाथ जोड़ो अभियान से 2024 में हारेगी भाजपा : भारद्वाज

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



**हरियाणा** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की सफलता 2024 में भाजपा की हार का सबसे बड़ा कारण बनेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरी एकजुटता में आ गई है। ग्रामीण स्तर से इस अभियान को शुरूआत हो चुकी है।

बुधवार को शहर की अनाज मंडी में स्थित अग्रवाल धर्मशाला में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें सोहना और तावडू के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के प्रभारियों की घोषणा की। इस अवसर पर ठाकुर दास शर्मा, कर्मबीर खटाना, अशोक रोहिल्ला, निशांत सिंह, रविन्द्र भामला, हाजी रमजानी, विकास शर्मा, महेश सरपंच, रज्जु चेयरमैन, सोनू भारद्वाज, दीप भारद्वाज, दीपू भारद्वाज, रोकी राघव, सुरेंद्र प्रधान, अनिल कोकी, सूरज खटाना, भूषण सिंगला, यादराम प्रधान, जोगिंद्र बागड़ी, संजय वशिष्ठ, सचिन सैन, धर्म भारद्वाज, हबीब खान, कैलाश रोहिल्ला, पंकज मंगला, राकेश शर्मा, दिनेश छौकर, नोरंग खटाना, गुरुदेव सिंह आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जितेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ा यात्रा को देशवासियों का अपार समर्थन मिला। देशवासियों ने यात्रा में शामिल होकर जाता दिया कि केन्द्र की भाजपा सरकार से मुक्ति चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आज देशवासी इस तानाशाही सरकार से तंग आ चुके है। 2024 में देश की बागडोर कांग्रेस के हाथ में होगी। इसलिए हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का सफल बनाने के लिए कांग्रेस की ताकत एक हो चुकी है।

# अनाज मंडी परिसर को सब्जी बोलीदाता 24 घंटे में खाली करें

## कॉमन शैड और फड़ों पर आढ़त लगाने से पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने की चेतावनी दी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना की अनाज मंडी परिसर में सब्जी बोलीदाताओं की लगी आढ़त।

**मार्केट** कमेटी के नोटिस देने के बावजूद सब्जी बोलीदाता अनाज मंडी परिसर से टस से मस नहीं हो रहे हैं। कमेटी प्रशासन ने बुधवार को सब्जी बोलीदाताओं को 24 घंटा का समय देते हुए कॉमन शैड और फड़ों पर आढ़त लगाने से पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने की चेतावनी दी है।

सरसों व गेहूं की सरकारी खरीद होने से पहले मार्केट कमेटी प्रशासन ने अनाज मंडी परिसर को पूर्ण रूप से खाली कराने की कवायद शुरू कर दी है। मंडी परिसर में फैला अतिक्रमण के खिलाफआढ़तियों ने मार्केट कमेटी सचिव को पत्र लिखा है। जिसमें कॉमन शैड व सरकारी फड पर सब्जी की खुली बोली लगाने से मना किया है। सब्जी की बोली निर्धारित आढ़तों के सामने ही लगाने को कहा है। आढ़तियों ने उन एजेंसी मालिकों के खिलाफ भी शिकायत की है। जिन्होंने अपनी आढ़त के सामने सरकारी फड को सब्जी की खुली बोली लगाने के लिए किराए पर दिया हुआ है। ऐसे एजेंसी मालिक का लाइसेंस रदद करने तथा फ ड को खाली कराया जाने की मांग की है।

**ऐसा कहते हैं आढ़ती :** सब्जी की आढ़त कॉमन शैड और अनाज मंडी परिसर में फैलती जा रही है। सब्जी की खुली बोली का कार्य सुबह 4 से 11 बजे तक चलता है। आढ़ती टीन शैड व फ ड सब्जियों से भरे होने के कारण किसान व आढ़तियों को अपना अनाज की ढेरी लगाने तथा आढ़तियों को बोली लगाने के लिए स्थान नहीं बचा है। राजेश का कहना है कि कॉमन शैड में सब्जी बोलीदाताओं ने कॉमन शैड और फड पर अवैध कब्जे किए हुए हैं। ये कब्जे बराबर होने से किसानों का कारोबार ठप हो जाएगा।

**12 को आढ़तियों को थमाया नोटिस :** मार्केट कमेटी प्रशासन ने सोमवार को मिली शिकायत के तुरन्त कार्रवाई अमल में लाते हुए मात्र 4 घंटा के बाद 12 सब्जी आढ़तियों को नोटिस थमा दिया है। जिसमें उन्हे कॉमन शैड या सरकारी फ ड पर सब्जी की खुली बोली न लगाने की कड़ी चेतावनी दी है। जल्द ही अन्य आढ़ती और बिना लाइसेंस सब्जी की खुली बोली लगाने वालों की पहचान करके नोटिस जारी किए जाएंगे।

> “ **अनाज** की खरीद शुरू होने से पहले कॉमन शैड व फ डों को खाली करा दिया जाएगा। जिसके लिए आढ़तियों से दो दिन का समय मांगा था। लेकिन सब्जी बोलीदाता अभी भी अपना पूरा अडियल रुख अपनाए हुए हैं। गुरुवार की सुबह से अनाज मंडी परिसर में किसी भी सब्जी बोलीदाता की आढ़त लगने नहीं दी जाएगी।
>
> **सुनीता देवी**
> **( सचिव मार्केट कमेटी )**

# अमेजन डॉट इन के साथ 15 से 19 मार्च के बीच कीजिए वर्ल्ड स्लीप डे सेल से शॉपिंग




पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नींद** हर किसी की सेहत और तंदुरूस्ती का एक जरूरी हिस्सा होती है। तो फिर चलिए, खुद को देते हैं गुणवत्तापूर्ण नींद और सेहतमंद दिमाग का तोहफा। अमेजन डॉट इन इस वर्ल्ड स्लीप डे के मौके पर रोमांचक डील्स और शानदार ऑफर्स पेश कर रहा है।

यह सेल 15 से 19 मार्च के बीच आयोजित की जा रही है। ग्राहक अमेजन डॉट इन के इस वन-स्टॉप डेस्टिनेशन पर मैट्रेसेस, बेड्स, तकिए, बेडशीट और सोने के लिए जरूरी सभी जरूरी चीजों पर 75त्न तक की छूट का लाभ उठाते हुए अपने घर को एक खुशियों से भरी दुनिया में बदल सकते हैं। 50 से अधिक टॉप ब्रांडों पर 1000 से अधिक डील्स पाएं और इस वर्ल्ड स्लीप डे पर पाएं चैन की नींद। ग्राहक हर दिन की नींद से जुड़ी खरीदारी पर आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड और ईएमआई ऑफर की मदद से 10फीसदी तक का इंस्टेंट डिस्काउंट प्राप्त कर सकते हैं।

## आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड और ईएमआई की मदद से 10 फीसदी तक का इंस्टेंट डिस्काउंट पाएं

ग्राहक द स्लीप कंपनी, लिवप्योर, अमेजन ब्रांड सोलिमो, ड्यूरोफ्लेक्स और स्लीपहेड जैसे लोकप्रिय ब्रांडों के साथ शिड्यूल डिलीवरी, क्वालिटी-वेरिफाइड * सेलेक्शन, और 24 महीने तक की नो-कॉस्ट ईएमआई जैसे लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं।

# साइंस कॉन्क्लेव व एग्रो-टेक एक्सपो में कृषि क्षेत्र की नई तकनीकों का प्रदर्शन

## गुरुग्राम विवि में साइंस कॉन्क्लेव व एग्रो-टेक एक्सपो-223 का आगाज

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम विवि में साइंस कॉन्क्लेव व एग्रो-टेक एक्सपो-2023 में मॉडल के बारे में जानकारी हासिल करते अतिथि।

**किसानों** और विद्यार्थियों को ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सृजन और सतत विकास के लिए सीएसआईआर प्रौद्योगिकी से परिचय कराने के उद्देश्य से गुरुग्राम विश्वविद्यालय ने सीएसआईआर नई दिल्ली और डीएसटी हरियाणा के सहयोग से विवि परिसर में 2 दिवसीय साइंस कॉन्क्लेव और एग्रो-टेक एक्सपो-2023 का आयोजन किया।

अतिथियों द्वारा प्रदर्शनी का उद्घाटन कर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सचिव डीएसआईआर और डीजी सीएसआईआर डॉ. एन. कलैसेल्वी, हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद पंचकूला से वाईस चेयरमैन डा. कैलाश चंद्र शर्मा, राष्ट्रीय विज्ञान संचार और नीति अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली से सीएसआईआर निदेशक प्रो. रंजना अग्रवाल ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस प्रदर्शनी कार्यक्रम में 1000 से अधिक प्रतिभागी वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, किसानों और आस-पास के क्षेत्रों के स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एग्रो-टेक एक्सपो में सीएसआईआर द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई, जो किसानों के लिए विशेष आकर्षण रही। इस प्रदर्शनी में पूरे देश के विभिन्न राज्यों से सीएसआईआर लैब की स्टाल लगाई गई। प्रदर्शनी के माध्यम से कई परियोजनाओं को प्रदर्शित किया गया है। जहां विभिन्न फसलों की उन्नत किस्मों, आधुनिक तकनीकों सहित आधुनिक कृषि यंत्रों की किसानों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर आयोजित कठपुतली प्रदर्शन ने सबका मन मोह लिया। डॉ. एन. कलैसेल्वी ने कहा कि पारंपरिक कृषि में कीटनाशकों जैसे रसायनों का अंधाधुंध प्रयोग होने से पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ इनसे मानव स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे जहरयुक्त खान-पान से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां मानव शरीर को प्रभावित करने लगी हैं। उन्होंने किसानों से पारंपरिक खेती पद्धति से हटकर प्राकृतिक खेती अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि इस खेती पद्धति में कृषि अवशेषों का प्रयोग होने से लागत कम आएगी। जिससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी और कृषि उत्पादन की गुणवत्ता में भी वृद्धि होगी। विशिष्ट अतिथि डॉ. कैलाश चंद्र शर्मा ने कहा कि कृषि में भविष्य की संभावनाओं, कृषि में रोजगार की संभावनाओं, कृषि में युवाओं की भागीदारी को लेकर प्रेरित किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने ग्रामीण युवाओं से आह्वान किया कि वे नौकरी के पीछे भागने की अपेक्षा कृषि की नवीन प्रौद्योगिकियां एवं फसल पद्तियों को अपनाकर अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं।

# फ्लाईओवर : अब आधे घंटे का हुआ, पांच मिनट का रास्ता

## आधा घंटा फंसी रही एम्बुलेंस थी मरीज को लगानी पड़ी ऑक्सीजन

कविता। फरीदाबाद


रॉग साइड की तरफ बाइक व ऑटो के कारण जाम में फंसी बस उसके पीछे है, एम्बुलेंस


दोनों तरफ फ्लाईओवर पर बस के पीछे लगा जाम।

**बल्लभगढ़-सोहना** रोड फ्लाईओवर की खस्ता हालत से लोग परेशान हैं। जिससे मरीजों की जान खतरे में पड़ रही है। परीक्षाओं दे रहे विद्यार्थियों को पुल पार करने में दिक्कत हो रही है। मंगलवार को यहां एक एम्बुलेंस आधे घंटे फंसी रही। एम्बुलेंस में मौजूद मरीज को ऑक्सीजन लगानी पड़ी। हर दिन सुबह से रात तक पुल पर जाम लगा रहता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जाम का मुख्य कारण खस्ताहाल पुल और ऑटो चालक की आगे निकलने की होड़ है।

इन दिनों दसवीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं चल रही है। ऐसे में एनआईटी निवासी जिन विद्यार्थियों का सेंटर बल्लभगढ़ में है, तो उन्हें सोहना रोड से बल्लभगढ़ जाने वाले फ्लाईओवर पर जाम के कारण परेशानियां झेलनी पड़ रही है। ऐसी दिक्कत परीक्षार्थियों के अलावा नौकरीपेशा, स्कूली बच्चों सहित एम्बुलेंस चालकों के संग भी हो रहा है।

**फंसी एम्बुलेंस :** मंगलवार को बल्लभगढ़ से सोहना रोड की तरफ जाने वाली साइड जाम थी। ऐसे में देर लगने पर कुछ ऑटो चालकों ने खाली दूसरी साइड पर बढ़ा दिए। तभी सोहना से बल्लभगढ़ आ रही एक बस और उसके पीछे चल रही एम्बुलेंस आगे आए ऑटो बाइक चालकों के कारण करीब आधे घंटे तक जाम में फंसे रहे। एम्बुलेंस में मौजूद मरीज की हालत खराब होने पर चालक द्वारा मरीज को ऑक्सीजन लगानी पड़ी।

**परीक्षार्थी भी परेशान:** फ्लाईओवर पर लगने वाले जाम से परीक्षार्थी भी परेशान हो रहे हैं। ऑटो पर परीक्षा केन्द्र से लौट रहे राहुल ने बताया कि परीक्षा के कारण वह इस फ्लाईओवर से आना-जाना कर रहे हैं। पहले दिन तो वह परीक्षा केन्द्र पर लेट पहुंचे। वह अब एक घंटे पहले निकलते हैं। ताकि यहां आधे से पौने घंटे यदि जाम में फंस भी जाए, तो परीक्षा केन्द्र पर समय से पहुंच सके। वंदना ने बताया कि स्कूल समय पर पहुंचने के लिए उन्हें जल्दी निकलना पड़ता है।

**पुल का रोड हुआ जर्जर:** आनंद, प्रेमपाल सिंह, बृजेश ने कहा कि वह रोजाना ड्यूटी इसी पुल से जाते हैं। पुल पर मौजूद गड्ढों के कारण रोज जाम लगता है। यदि यह गड्ढे ठीक हो जाएं तो शायद जाम न के बराबर लगे। वहीं राजेश, सुरेन्द्र ने कहा कि सरकार की दूसरा फ्लाईओवर बनाने की घोषणा अब तक पूरी नहीं हुई है। यदि नया फ्लाईओवर बन जाए तो शायद यहां जाम नहीं लगेगा।

# शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए पुलिस और एफएमडीए ने बनाई रणनीति

## एनआईटी एरिया में पार्किंग के लिए 14 स्थान किए निर्धारित, सभी वाहन पार्किंग स्थल में ही किए जाएंगे पार्क

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



डीसीपी नीतीश कुमार, एफएमडीए के अधिकारियों के संग ऑनलाइन बैठक करते हुए।

**डीसीपी** मुख्यालय नीतीश कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में फरीदाबाद पुलिस और एफएमडीए की बैठक आयोजित की गई। जिसमें शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए एक नई पहल शुरू की गई है। जिसके तहत सबसे पहले एनआईटी एरिया में पार्किंग स्थल निर्धारित करके वाहनों को पार्किंग स्थान पर खड़ा करने तथा अवैध पार्किंग में खड़े वाहनों को ट्रैफिक पुलिस द्वारा वहां से टो करके अलग स्थान पर ले जाकर मार्केट में जाम से निजात दिलाई जाएगी। इस बैठक में एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार ने जाम से निजात दिलाने के लिए कई सुझाव पेश किए।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि इस बैठक में फरीदाबाद पुलिस तथा एफएमडीए के उच्च अधिकारियों ने हिस्सा लिया और शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए रूपरेखा तैयार की। इसके अनुसार सबसे पहले एनआईटी एरिया में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए 14 पार्किंग स्थलों का निर्धारण किया गया है। जिसमें दशहरा ग्राउंड, एमसीएफ बूस्टर, प्रेस कॉलोनी, सीपीडब्ल्यूडी, रिहैबिलिटेशन लैंड और एमसीएफ की जमीन पर बने कई स्थान शामिल है। निर्धारित की गई इन पार्किंग स्थलों पर साफ सफाई करके वहां पर जमीन को समतल किया जाएगा। वहां पर टाइल बिछाकर जमीन को पक्का किया जाएगा ताकि वाहन आसानी से खड़े हो सके। इसके अलावा वहां पर लाइट व कैमरों की व्यवस्था की जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की चोरी की आशंका को खत्म किया जा सके। इसके साथ ही वहां पर नए रास्तों का निर्माण किया जाएगा ताकि वाहनों के आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके साथ ही एनआईटी नंबर 1 व नंबर 5 की मार्केट ने वाहनों को पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करके अंदर पैदल जाने करने की व्यवस्था की जाएगी ताकि मार्केट में किसी भी प्रकार का ट्रैफिक जाम न लगे। यात्रियों को मार्केट के अंदर फेरी सर्विस मुफ्त में उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि यात्रियों को भी पैदल चलने में ज्यादा परेशानी का सामना ना करना पड़े।

अवैध पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को वहां से ले जाकर अलग स्थान पर खड़ा करने के लिए दो यार्ड बनाए जाएंगे जिसमें दशहरा ग्राउंड और कोयला ताल का नाम शामिल है। फरीदाबाद पुलिस व एफएमडीए द्वारा जल्द ही यह पार्किंग व्यवस्था तैयार की जाएगी जिसके पश्चात मार्केट में ट्रैफिक से निजात मिलेगी तथा यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी। धीरे-धीरे यह व्यवस्था पूरे फरीदाबाद में लागू करके ट्रैफिक व्यवस्था को सदृढ़ किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने की अवैध बोरवेल के खिलाफ कार्रवाई


भूजल का दोहन कर रहे अवैध बोरवेल को किया नष्ट।

**फरीदाबाद।** शहर अवैध बोरवेल के खिलाफ सीएम फ्लाइंग की टीम ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई की। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि देवीराम नामक व्यक्ति द्वारा गली नंबर तीन, सूरदास कॉलोनी गांव मिर्जापुर में अवैध रूप से बोरवेल लगाया हुआ है। भूजल दोहन कर बड़े-बड़े टैंकरों के माध्यम से स्थानीय फैक्ट्रियों में पानी सप्लाई किया जाता है। यदि संबंधित विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर कार्रवाई की जाए तो अवैध रूप हो रहे भूजल दोहन पर अंकुश लगाया जा सकता है।

सीएम फ्लाइंग के डीएसपी राजेश चैची ने बताया कि प्राप्त सूचना के आधार पर जगदीश निरीक्षक व राजेंद्र कुमार उप निरीक्षक द्वारा गौतम भाटी कनिष्ठ अभियंता नगर निगम, बल्लभगढ़ जोन व रविंद्र सिंह कनिष्ठ अभियंता डीएचबीवीएन उपमंडल बदरौला के साथ देवी सिंह के अवैध बोरवेल का निरीक्षण किया गया।

औचक निरीक्षण पर पाया गया कि देवी सिंह द्वारा इस स्थान पर बिना किसी वैध अनुमति के बोरवेल लगाया हुआ है। यहां से बड़े-बड़े टैंकरों के माध्यम से स्थानीय फैक्ट्रियों में पानी सप्लाई किया जा रहा है। गौतम भाटी कनिष्ठ अभियंता नगर निगम फरीदाबाद द्वारा इस अवैध बोरवेल पर कार्रवाई करते हुए बोरवेल पर लगी मोटर व अन्य उपकरणों को कब्जे में ले लिया गया। जिसके बाद बोरवेल को नष्ट कर दिया गया। देवी सिंह द्वारा यहां पर बिजली विभाग से वैध बिजली कनेक्शन लिया पाया गया। जिसमे किसी प्रकार की कोई अनियमितता सामने नहीं आई।

# स्मार्ट सिटी के विकास कार्य समय पर पूरा करें : गुर्जर


डीसी समेत जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश देते केन्द्रीय राज्यमंत्री केपी गुर्जर।

**फरीदाबाद।** केंद्रीय उर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि स्मार्ट सिटी के सभी विकास कार्यों को निर्धारित समय में पूरा करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें और निर्धारित मानदंडों को भी पूरा करें। केंद्रीय राज्यमंत्री बुधवार को लघु सचिवालय में स्मार्टसिटी के शहर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा मीटिंग को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने सभी विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि कुछ कार्य 90 प्रतिशत तक पूरे हो चुके हैं। ऐसे में उनका बचा हुआ कार्य भी पूरा करें। उन्होंने बड़खल झील के विकास कार्यों को लेकर कहा कि इस कार्य का वह सोमवार के बाद खुद भी निरीक्षण करेंगे। इस कार्य की गति को बढ़ाया जाए ताकि बरसात से पहले यहां पानी भरा जा सके। इसके साथ ही स्मार्ट रोड पर बचे हुए कार्यों के साथ-साथ हरित पट्टी विकसित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेलिंग के बीच में पेड़ लगाए जाएं और उन्हें ट्री-गार्ड से सुरक्षित किया जाए। इसके साथ ही सेक्टर-21बी के पार्क को लेकर उन्होंने कहा कि अगर ठेकेदार दिक्कत करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने इसके अलावा भी अन्य सभी कार्यों की समीक्षा की और आ रही दिक्कत पर सभी अधिकारियों को निर्देश दिए। मीटिंग में उपायुक्त व स्मार्ट सिटी सीईओ विक्रम सिंह सहित स्मार्टसिटी के सभी अधिकारी मौजूद थे।

# सप्लाई चेन संग इंटीग्रेट हो रहा है भारतीय टायर उद्योग : एटमा

## चालू वित्त वर्ष की पिछली तीन तिमाहियों में 15 प्रतिशत बढ़ा टायर का निर्यात

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**देश** में वैश्विक नीतियों के अनुरूप रेग्यूलेटरी व्यवस्था के दम पर भारतीय टायर उद्योग तेजी से वैश्विक सप्लाई चेन के साथ इंटीग्रेट हो रहा है। इससे भारत में बने टायरों का वैश्विक बाजार बढ़ा है। पिछले साल टायर निर्यात 50 प्रतिशत बढ़ा था और चालू वित्त वर्ष में हम 15 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। राजधानी दिल्ली में एटमा पार्टनर्स समिट 2023 में अपने संबोधन में ऑटोमोटिव टायर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एटमा) के चेयरमैन सतीश शर्मा ने यह बात कही।

टायर उद्योग के लिए कार्बन ब्लैक, री-इंफोर्समेंट मैटेरियल, रबर केमिकल्स और सिंथेटिक रबर आदि जैसे कच्चे माल के मैन्युफैक्चरर्स के करीब 300 प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उन्होंने कहा कि घरेलू एवं वैश्विक मोर्चे पर विकास की गति बनाए रखने में कच्चे माल के आपूर्तिकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने पहले कोविड और फिर जियो-पॉलिटिकल चिंताओं के दौर में भी सतत आपूर्ति सुनिश्चित की। मंदी की स्थिति, बढ़ती ब्याज दरों और राजनीतिक उथल-पुथल के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष आई चुनौतियों और इससे बाहरी मांग में कमी के बावजूद भारतीय टायर निर्यात अपने दम पर कायम है। वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान भारत से टायर निर्यात में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत ने अप्रैल-दिसंबर 2022 में 17,816 करोड़ रुपये के टायरों का निर्यात किया, जबकि एक साल पहले की इसी अवधि में निर्यात 15,507 करोड़ रुपये था।

ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में विकास का दौर जारी है और इसलिए टायर उद्योग व इसके सप्लाई चेन पार्टनर्स के समक्ष मांग बनी हुई है। ऑटो ओईएम की उम्मीद है कि उनके समक्ष आई मांगों को पूरा करने में टायर उद्योग महत्वपूर्ण योगदान देंगे। श्री शर्मा ने कहा कि आवाज़, रोलिंग रेजिस्टेंस आदि को लेकर पर्याप्त रेग्युलेशन बन रहे हैं और टायर उद्योग के सप्लाई चेन पार्टनर्स की जिम्मेदारी है कि वे उद्योग को इन आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाएं।

# उपभोक्ता 31 मार्च तक जमा कराएं बकाया

**फरीदाबाद।** बिजली निगम ने 31 मार्च तक सरचार्ज माफी योजना की अंतिम तिथी बढ़ा दी है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने बताया कि साल 2022 में उपभोक्ताओं के लिए, सरचार्ज माफी योजना की शुरूआत की गई। योजना का शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के निजी, कृषि और सरकारी, नगर पालिका, ग्राम पंचायत आदि के उपभोक्ताओं को मिलेगा। बकाया बिल राशि के एकमुश्त भुगतान पर 5 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट भी उपभोक्ताओं को दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे उपभोक्ताओं के लिए अंतिम तिथी बढ़ाई जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए थे, वे सभी उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठा कर अपने कनेक्शन ले सकते हैं। इसके अलावा जिन उपभोक्ताओं के बिल विवाद के मामले किसी भी न्यायिक फोरम में चल रहे हैं, वह मामला वापिस लेकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इसके अतिरिक्त सरचार्ज माफी योजना के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# प्रदूषण रोकने को एनजीटी के नियमों का पालन करें

## एनजीटी के केसों के बारे में समीक्षा बैठक में एडीसी ने अफसरों को दिशा-निर्देश दिए

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद



बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देतीं एडीसी अपराजिता।

**एडीसी** अपराजिता ने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में लंबित पर्यावरण के केसों का निपटान एनजीटी के दिशा-निर्देशों की अनुपालना करते हुए गम्भीरता से पूरा करें तथा जिस भी विभाग को जो भी जिम्मेदारी है, उसे पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला में सभी प्रकार के प्रदूषणों की रोकथाम के लिए सभी नियमों की पालना सुनिश्चित करें।

अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने बुधवार लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में एनजीटी में लंबित केसों की समीक्षा करते हुए यह दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, डीडीपीओ राकेश मोर, जिला राजस्व अधिकारी विजेन्द्र राणा, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से दिनेश कुमार, उपायुक्त कार्यालय में कार्यरत एडीए नैना वशिष्ठ, एमसीएफ के एडीए राहुल दहिया, एमसीएफ के एक्सईएन सुशिल कुमार सहित सम्बंधित विभागों के तमाम अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। आपको बता दें 18 अक्तूबर 2010 को राष्ट्रीय हरित अधिकरण की स्थापना राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम 2010 के तहत पर्यावरण बचाव और वन संरक्षण और अन्य प्राकृतिक संसाधन सहित पर्यावरण से संबंधित किसी भी कानूनी अधिकार के प्रवर्तन और क्षतिग्रस्त व्यक्ति अथवा संपत्ति के लिए अनुतोष और क्षतिपूर्ति प्रदान करना और इससे जुड़े हुए मामलों का प्रभावशाली तथा तीव्र गति से निपटारा करने के लिए किया गया है। यह एक विशिष्ट निकाय है जो कि पर्यावरण विवादों बहु-अनुशासनिक मामलों सहित, सुविज्ञता से संचालित करने के लिए सभी आवश्यक तंत्रों से सुसज्जित है। यह अधिकरण 1908 के नागरिक कार्यविधि के द्वारा दिए गए कार्यविधि से प्रतिबद्ध नहीं है। लेकिन प्रकृतिक न्याय सिद्धांतों से निर्देशित है।

**राष्ट्रीय हरित अधिकरण के कार्य:** राष्ट्रीय हरित अधिकरण के कार्य में पर्यावरण से संबंधित मुद्दों का निपटारा करना, उन सभी मामलों की सुनवाई करना जो प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से पर्यावरण से संबंधित हो, पर्यावरण प्रदूषण या अन्य किसी प्रकार की क्षति से उसकी सुरक्षा करना, पर्यावरण की सुरक्षा संरक्षण तथा उसका संवर्धन करना, पर्यावरण से संबंधित नियमों का पालन न करने वाले लोगों को आर्थिक एवं कारावास से दंडित करना है। इसके निर्णय या आदेशों के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय में 90 दिनों के भीतर अपील की जा सकती है।

# होटल, हॉस्पिटल, गेस्ट हाउस में विदेशियों के ठहरने की सूचना दें


सीपी विकास कुमार अरोड़ा।

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने विदेशी किरायेदारों की अनुमति व वेरिफिकेशन के बारे संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं। आम लोगों को इस बारे में आगाह कराया है कि विदेशी किरायेदारों की वेरिफिकेशन करवाएं। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा निर्देश भी जारी किए गए हैं, लेकिन फिर भी कुछ व्यक्ति पुलिस वेरिफिकेशन से बचते हैं और अपने आप व आसपास के लोगों को खतरे में डालते हैं। इसकी वजह से ही कोई भी घटना घटित हो सकती है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि बहुत से विदेशी नागरिक फरीदाबाद में इलाज करवाने के लिए आते हैं और अस्पताल की प्रिमिसिस या आसपास के एरिया में किराए पर कमरा लेकर रहने की कोशिश करते हैं। विदेशी नागरिक भारत में अन्य भी बहुत सारे कार्यों से आते हैं और यहां पर ठहरते हैं। विदेशी नागरिकों को किराए पर कमरा देने से पहले हॉस्पिटल, शिक्षण संस्थान, होटल या गेस्ट हाउस संचालक को पुलिस विभाग से इसकी अनुमति लेना अति आवश्यक है। इसके लिए पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 21C से विदेशी नागरिकों को ठहरने के लिए फॉम ü C भरने की अनुमति लें। बिना अनुमति किसी विदेशी नागरिक को किराए पर रखना देश की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है।

# संक्षिप्त समाचार

### किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा-निर्देश के तहत कार्यवाही करते हुए महिला थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर माया व उनकी टीम ने पोक्सो एक्ट के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अमन है, जो फरीदाबाद का रहने वाला है। करीब 3 महीने पहले 15 वर्षीय नाबालिक लड़की की मुलाकात आरोपी के साथ एक जागरण में हुई थी जहां पर आरोपी ने इसके साथ बातचीत करना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे दोनों की बातें आगे बढ़ने लगी और कुछ दिन पश्चात ही आरोपी ने नाबालिक लड़की को अपने घर पर बुला लिया और शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। लड़की ने जब यह बात अपने परिजनों को बताई तो उन्होंने इसकी शिकायत महिला थाने में की जिसके आधार पर आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके उसकी तलाश शुरू की गई। मामले में आगे कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी की उम्र 21 वर्ष है और वह कोई काम धंधा नहीं करता तथा उसने लड़की को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

### विश्व का कल्याण गांधी के अहिंसा, सत्य और समानता से संभव

**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय फरीदाबाद के संस्कृत विभाग द्वारा महात्मा गांधी का अहिंसा और शांति दर्शन विषय को लेकर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान के व्याख्याता पोर्टलैंड कम्युनिटी कॉलेज के निदेशक मंडल के सदस्य डॉ माइकल सॉनलेटनर रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि आज विश्व मे एक दूसरे से बड़ा बनने की होड़ लगी हुई है। शक्ति प्रदर्शन कर या नए परमाणु हथियारों का परीक्षण करके एक देश दूसरे देशों को नीचा दिखा रहा है। परंतु यदि युद्ध होता है तो उसके दुष्परिणामों से सभी परिचित हैं। आज यही भयावह स्थिति उत्पन्न हो गयी है परन्तु यदि आज के युग मे गांधीजी के विचारों का अनुसरण किया जाए। तभी सम्पूर्ण विश्व उन्नति और कल्याण के पथ पर अग्रसर हो सकता है। इसके लिए हम सभी को धर्म,जाति आदि के भेदभावों से हटकर हिंसा को छोड़कर सभी के साथ समानता का व्यवहार करना पड़ेगा। व्याख्यान के उपरांत माइकल के विद्यार्थियों के साथ प्रश्नोत्तर भी हुए। विद्यार्थियों ने हिंसा को लेकर अनेक प्रश्न पूछे जिनका समाधान माइकल ने उत्तर देकर किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या डॉ सविता भगत ने डॉ माइकल का अपने महाविद्यालय में आने पर तथा विद्यार्थियों अपने ज्ञान द्वारा संतुष्ट करने पर आभार जताया व उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि माइकल वर्ष 2010 से भारत में एक फुलब्राइट स्कॉलर हैं। इन्होंने अधिकतर प्रकाश मार्टिन लूथर किंग जूनियर, महात्मा गांधी, फ्रांट्ज़ फैनोन और हिंसा, अहिंसा और सामाजिक परिवर्तन के मुद्दों से संबंधित हैं। माइकल ने पीएचडी मिनेसोटा विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान विषय को लेकर की और वह विशेष रूप से विदेशों में गांधीवादी विचारधारा के प्रवाहक तथा बहुसांस्कृतिक अनुभवों का प्रचार प्रसार करते हैं। इस अवसर पर संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ अमित शर्मा ने पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस व्याख्यान को लगभग 100 विद्यार्थियों ने सुना।

### उपायुक्त ने किया मल्टी लेबल पार्किंग निर्माण का निरीक्षण

**फरीदाबाद।** जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने ओल्ड फरीदाबाद मार्केट के पास बनाई जा रही मल्टी लेवल पार्किंग के निर्माण कार्यों की जानकारी ली और अधिकारियों को यह भी आदेश दिए हैं कि जिन कार्यों में देरी है, उन्हें तत्काल पूरा किया जाए। उपायुक्त विक्रम सिंह ने आज बुधवार को स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत ओल्ड फरीदाबाद मार्केट के पास बनाई जा रही मल्टी लेवल पार्किंग का निरीक्षण किया। मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए। इसके साथ-साथ उन्होंने मल्टी लेवल पार्किंग के बारे में भी मौके पर ही रिपोर्ट प्राप्त की। साथ ही अधिकारियों को पार्किंग संचालन के लिए जल्द कार्रवाई के आदेश दिए। पूर्णतया स्वचालित मल्टी लेवल पार्किंग में 100 गाड़ियों को खड़ा करने की सुविधा होगी। साथ ही मल्टी लेवल पार्किंग के साथ निर्माणाधीन शॉपिंग काम्प्लेक्स के भी निर्माण कार्यों का जायजा लिया और धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्यों को तेज करने के आदेश दिए। इसके बाद उन्होंने स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत ओल्ड फरीदाबाद के बराही तालाब के सुंदरीकरण व जीणोद्धार और वह बनाने वाले पार्क का निरीक्षण कर, चल रहे काम का जायजा लिया। इसमें पानी भरा जाएगा। बाकी हिस्से में अन्य सुंदरीकरण के काम किए जाएंगे। स्मार्ट सिटी परियोजना के इसी क्रम में उन्होंने सेक्टर 28 में बनने वाली चाय की चौपाल की जगह का निरिक्षण किया तथा तिरंगा रोड पर स्मार्ट लाइटिंग के बारे में जानकारी प्राप्त की और जिन स्थानों पर लाइट्स नहीं है वहां लाइट्स लगाने के निर्देश दिए। तत्पश्चात बल्लभगढ़ सोहना रोड, सेक्टर 25 में बन रहे 15 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की कार्य प्रगति का जायजा लिया।

### नेशनल गेम्स में पदक बिजेता किरण सम्मानित

**फरीदाबाद।** नेशनल गेम्स में पदक जीतकर फरीदाबाद पुलिस को गौरवान्वित करने वाली महिला पुलिसकर्मी किरण बाला को पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने अपने कार्यालय में प्रथम श्रेणी प्रशंसा पत्र तथा 5 हजार रूपए का नगद इनाम देकर प्रोत्साहित किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि किरण बाला का जन्म चरखी दादरी के जोजू खुर्द गांव में वर्ष 1985 में हुआ था। किरण बाला वर्ष 2004 में एचएसएएफ में भर्ती हुई थी। परंतु उस समय सरकार द्वारा भर्ती किए गए सभी पुलिसकर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया। जिसके पश्चात वह काफी परेशान रहने लगी परंतु उनके परिजनों ने उनका साथ दिया और वह वर्ष 2017 में वह फरीदाबाद पुलिस में बतौर एसपीओ भर्ती हो गई। महिला पुलिसकर्मी फरीदाबाद के कोतवाली थाने में तैनात हैं। खेल का शौक और अपनी मंजिल पाने का जुनून उन्हें यहां तक ले आया। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में नेशनल मास्टर गेम की पांचवी प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 14 फरवरी के बीच आयोजित किया गया था जिसमें किरण बाला ने हैंडबॉल प्रतियोगिता में गोल्ड तथा बास्केटबॉल में सिल्वर मेडल हासिल किया। किरण बाला का जीत का इतिहास बहुत पुराना है।

### आधार कार्ड में मुफ्त ऑनलाइन अपडेशन की सुविधा

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि 15 मार्च से आगामी 14 जून 2023 तक निवासियों के लिए उनके आधार कार्ड में पहचान के प्रमाण और पते के प्रमाण के ऑनलाइन अपडेशन के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन निवासियों ने पिछले 8-10 वर्षों में अपने आधार को अपडेट नहीं किया है, उन्हें अपनी पहचान का प्रमाण और पते के प्रमाण के दस्तावेजों को अपलोड करना आवश्यक है। आधार सेवा केंद्र पर 50 रुपये का भुगतान करके इस सेवा का लाभ उठाया जा सकता है। हालांकि, निवासियों के लिए काफी राहत की बात यह है कि यूआईडीएआई ने 3 महीने की सीमित अवधि के लिए ऑनलाइन आधार दस्तावेज अपडेट सेवा के लिए शुल्क माफ कर दिया है। आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ माई-आधार पोर्टल और एमआधार ऐप के माध्यम से लिया जा सकता है, जहां पहचान के प्रमाण और पते के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी उपलब्ध है। उपायुक्त विक्रम सिंह ने निवासियों से इस नि:शुल्क सेवा का लाभ उठाने और अपने आधार को अपडेट रखने की अपील की। साथ ही निवासियों को सलाह दी कि वे ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अपने मोबाइल नंबर को आधार में अपडेट रखें।

### जीवाग्राम आयुर्वेदिक संस्थान में विदेश से आए मरीज

**फरीदाबाद।** सेक्टर 89 रिवाजपुर स्थित जीवाग्राम भारत का एक ऐसा अद्भुत आयुर्वेदिक संस्थान है। जहां संस्थान का मुख्य उद्देश्य रोग के मूल कारणों को जानकर उसके जड़ तक जाना है और उसे समाप्त करने के लिए आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक सिद्धांतों को अपनाते हुए रोग के कारणों को समाप्त करना है। जीवाग्राम का आयुर्वेदिक उपचार का दृष्टिकोण भले ही प्राचीन और पारंपरिक आयुर्वेदिक पद्धतियों से लिया गया है। लेकिन यह आधुनिक ढंग से संचालित है। यह वैज्ञानिक डेटा संचालित प्रोटोकॉल पर आधारित है एवं आयुर्वेद के अद्वितीय उपचार के दृष्टिकोण को अपनाया जाता है।

## भोपाल गैस त्रासदी
### सुप्रीम कोर्ट का फैसला

**कुछ** लोगों की नजर में भले ही 1984 में हुई भोपाल गैस त्रासदी मामले की समीक्षा पर सर्वोच्च न्यायालय का फैसला केन्द्र सरकार के लिए धक्का हो, पर वास्तव में इसने भारत में हुई एक मानव त्रासदी प्रकरण का बहु-प्रतीक्षित अंत कर दिया है। इस प्रकरण को समाप्त करने की जरूरत भी थी। यह फैसला केन्द्र सरकार द्वारा पेश एक याचिका पर आया जिसमें यूनियन कार्बाइड से और मुआवजा दिलाने की मांग की गई थी। यह याचिका कांग्रेस नीत संप्रग सरकार ने दायर की थी जिस पर अब निर्णय आया है। तथ्य यह है कि इस घटना को हुए लगभग चार दशक बीत चुके हैं। हालांकि, इसका पटाक्षेप देश में न्यायिक प्रक्रिया की कुख्यात 'कछुआ चाल', बिजनेस-विरोधी संस्थागत विमर्श तथा सार्वजनिक विमर्श में वामपंथी पूर्वाग्रहों का वर्चस्व प्रकट करता है। सर्वोच्च न्यायालय ने संकेत किया कि उन मामलों में समझौता खारिज किया जा सकता है जिनमें धोखाधड़ी के तत्व शामिल हों, लेकिन 'भारत सरकार द्वारा पेश तर्कों में ऐसा कोई धोखा नहीं दिखा है। उसका तर्क केवल पीड़ितों की संख्या, उनको हुए नुकसान तथा समझौते के समय मुआवजा न मिलने से पड़ने वाले प्रभाव से संबंधित है।' भोपाल गैस त्रासदी के बारे में बहुत कुछ कहा और लिखा जा चुका है जिसमें यूनियन कार्बाइड की लापरवाही के कारण हुए गैस रिसाव से हजारों लोग मारे गए थे तथा दसियों हजार लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ा था। इस कांड की आलोचना बहुत आवश्यक है। यदि अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निगम के मालिकों ने जिम्मेदाराना व्यवहार किया होता तो त्रासदी से बचा जा सकता था।



जून, 2010 में भोपाल की एक अदालत ने सभी आठ आरोपियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 304-ए-लापरवाही के कारण हत्या, 304-2-बिना उद्देश्य मानव हत्या तथा गंभीर लापरवाही संबंधी 336, 337 व 338 के अंतर्गत दोषी पाया था। यूनियन कार्बाइड के अध्यक्ष वारेन एंडरसन भाग गए थे और उनका भागना अब भी विवादों में घिरा है। लेकिन दोषसिद्ध आठ लोगों में यूनियन कार्बाइड के पूर्व अध्यक्ष केशव महिन्द्रा, प्रबंध निदेशक विजय गोखले, उपाध्यक्ष किशोर कामदार, वर्क्स मैनेजर जे.एन. मुकुंद, प्रोडक्शन मैनेजर एस.पी. चौधरी, प्लांट सुपरिंटेंडेंट के.वी. शेट्टी तथा प्रोडक्शन असिस्टेंट एस.आई. कुरेशी शामिल हैं। लेकिन उन राजनेताओं व नौकरशाहों के दोष के बारे में क्या कहा जाए जिन्होंने यूनियन कार्बाइड पर सुरक्षा उपाय लागू नहीं कराए?

उल्लेखनीय है कि वाम-झुकाव वाले एक्टिविस्टों के एजेंडे पर चलने वाली मनमोहन सिंह सरकार ने फैसला आने के बाद एक मंत्रिमंडलीय समिति गठित की थी। ये एक्टिविस्ट तथा अन्य गरीबों व व्यवस्था के शिकार, आदि लोगों की पैरवी का दावा करते हैं, पर उनका निहित उद्देश्य बिजनेसों व खासकर विदेशी कंपनियों के खिलाफ लगातार जेहाद करना है। आश्चर्य नहीं कि कांग्रेस नीत व वामपंथ-प्रेरित संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार ने दोषी सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि एंडरसन के प्रत्यर्पण का प्रयास किया। वे चाहते थे कि मामला पुनः खोला जाए तथा यूनियन कार्बाइड की वारिस कंपनियों को पीड़ितों को 7,844 करोड़ रुपये और मुआवजा देने को कहा जाए। तर्क दिया गया था कि 1989 में समझौते के समय मानव जीवन व पर्यावरण को हुए नुकसान का समुचित आंकलन नहीं किया जा सकता था। सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने ठीक ही कहा है, 'यदि मामला पुनः खोला गया तो यह एक भानुमती के पिटारे की तरह तथा दावा करने वालों के लिए हानिकारक होगा।' संप्रग सरकार द्वारा दायर समीक्षा याचिका मोदी सरकार के लिए पूर्वगामी प्रभाव से कराधान की तरह 'कष्टदायक विरासत' थी। सौभाग्य से सर्वोच्च न्यायालय ने अब यह कष्ट दूर कर दिया है।

# रिजर्व बैंक का उचित दृष्टिकोण

भारतीय रिजर्व बैंक अब घरेलू यथार्थ के अनुरूप आर्थिक नीतियां बना रहा है। अब वह पश्चिम के केन्द्रीय बैंकों की नकल नहीं कर रहा है।



**सुमित भसीन**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



अमेरिका ने एक बार फिर एक विफल बैंक को उबारा है। सिलिकान वैली बैंक-एसवीबी की परिसंपत्तियां लगभग 209 बिलियन डालर थीं। उसे अमेरिका का एक सबसे अच्छा बैंक कहा जाता था। कैलीफोर्निया के वित्तीय संस्थान को नए युग का बैंकिंग संस्थान माना जाता था जिसमें उच्च तकनीक का प्रयोग होता था। काफी समय से एसवीबी स्टार्टअप को पैसे तक आसान पहुंच उपलब्ध कराता था तथा वेंचर पूंजीपतियों को सर्वोच्च स्तर तक पहुंचने के तेज गति वाले पूंजीवादी खेल में सहायता करता था। 14 साल में अमेरिका को फिर एक और बैंकिंग संस्थान को उबारना पड़ा है। एसवीबी का पतन अमेरिका के बैंकिंग इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी घटना है और यह लेहमैन ब्रदर्स ध्वस्त होने के बाद पहली बड़ी घटना है। एसवीबी के पतन का कारण जमाकर्ताओं द्वारा अपना पैसा निकालने की जल्दबाजी को बताया जाता है। व्यापक कटौती के बाद एसवीबी को अपने बांड भारी छूट पर बेचने को मजबूर होना पड़ा। एसवीबी पतन को अमेरिका में ब्याज दरों में वृद्धि से जोड़ा जाता है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व आक्रामक बना हुआ है। दरों में वृद्धि आक्रामक है और इसकी सर्वाधिक दर से अमेरिका में चोटी के 6 प्रतिशत संस्थानों को खतरा पैदा हो गया है। अमेरिका से आने वाली खबरों के अनुसार फेडरल रिजर्व ने अगले कुछ महीनों में वृद्धि की लंबी श्रृंखला के संकेत दिए हैं। उच्च दर की व्यवस्था वित्तीय संस्थानों को खतरे में डाल देती है क्योंकि बचत तथा कर्ज की दरों में अंतर घट जाता है जिससे बैंकों का स्वस्थ बने रहने का मार्जिन भी घटता है।

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू ने स्टार्टअप पर इसके संभावित प्रभावों पर नियंत्रण के कदम तेजी से उठाए हैं। इस्राइल स्टार्टअप के मामले में दुनिया में सबसे आगे है। केन्द्रीय आईटी व एलेक्ट्रानिक्स मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने भी कहा है कि वे भारतीय स्टार्टअप परिस्थितिकी पर एसवीबी की विफलता के संभावित परिणामों का अध्ययन कर रहे हैं। कुछ समय बात हमें विश्व अर्थव्यवस्था तथा भारत पर एसवीबी की विफलता के पूरे प्रभाव का पता चलेगा। यह भी पता चलेगा कि एसवीबी अमेरिका में दरों में लगातार वृद्धि को क्यों नहीं झेल सका। भारत में बैंकिंग संस्थानों की विफलता का नवीनतम उदाहरण यस बैंक है। भारतीय रिजर्व बैंक तथा भारत सरकार स्थिति को स्थिर रखने के प्रयास कर रहे हैं।

भारतीय स्टेट बैंक ने इक्विटी व पूंजी डालने के माध्यम से स्थिति में हस्तक्षेप किया है ताकि यस बैंक के ग्राहकों में विश्वास पैदा किया जा सके। इन प्रयासों के कारण थोड़े ही समय में यस बैंक स्वस्थ दिख रहा है और सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहा है। लेकिन यस बैंक का पतन उन कारणों से नहीं है जिनका सामना एसवीबी को करना पड़ा है।

भारतीय संसद ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एक जीवन्त वित्तीय बाजार नियामक ढांचा तैयार किया है। वह ऐसा परिस्थितिकी तंत्र बनाना सुनिश्चित करता है जिसमें प्रबंधन बोर्ड की ओर से कोई ऐसी कमियां न छोड़ी जाएं जो बैंकिंग सिद्धान्तों का उल्लंघन करती हों। संतोष की बात है कि यस बैंक के बाद किसी बैंकिंग संस्थान ने तनाव के लक्षण नहीं प्रदर्शित किए हैं, हालांकि कुछ सहकारिताओं का मामला इससे अलग है। सहकारिता मंत्रालय बनाने तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उठाए कदमों के प्ररिणामस्वरूप मोटेतौर से ग्रामीण बैंकिंग भी अब सुरक्षित हाथों में है। लेकिन यह देखना और अध्ययन करना महत्वपूर्ण है कि क्या भारत की मौद्रिक नीति उस स्थिति में पहुंच रही है जहां वह देश के समक्ष आने वाले मैक्रो आर्थिक चुनौतियों से आसानी से निपट सके। संसद के आदेश से आरबीआई मुद्रास्फीति प्रबंधन का काम करता है। संशोधित कानून के अनुसार आरबीआई को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि मुद्रास्फीति एक निश्चित दायरे में रहे। यदि लगातार तीन महीने तक यह सीमा टूटती है तो केन्द्रीय बैंक अनिवार्य रूप से इसकी सूचना संसद को देता है। संसद के पिछले दो सत्रों में विधि-निर्माताओं ने ऐसे कोई संकेत नहीं दिए हैं कि उनको आरबीआई की मुद्रास्फीति को निर्धारित दायरे में रखने की क्षमता में कोई संदेह है। शीत सत्र तथा बजट सत्र के पहले अर्धांश में संसद के दोनों सदन अव्यवस्था से बेकार चले गए हैं। रिजर्व बैंक से यह सवाल पूछना व्यावहारिक है कि उसके पास दरें बढ़ाने से मुद्रास्फीति घटने के क्या स्पष्ट प्रमाण हैं। इस बात के समुचित प्रमाण हैं कि दरें बढ़ाने के प्रति झुकाव वाली मौद्रिक नीति कारगर नहीं रहती है। दुनिया भर के कुछ प्रमुख अर्थनीति विचारकों ने चेतावनी दी है कि यदि दुनिया भर के बैंक दरें बढ़ाने के प्रति लगातार झुकाव प्रदर्शित करते रहे तो लोगों को लंबे समय तक मंदी का सामना करना पड़ेगा। यूरोप पहले से ही मंदी के शिकंजे में है। अमेरिका भी मंदी के स्तर तक पहुंच रहा है। ऐसे में भारत एकमात्र ऐसी अर्थव्यवस्था है जो लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि दर से आगे बढ़ रही है। चीन की वृद्धि दर तीन प्रतिशत तक पहुंच गई है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भारत बिजनेसों से पूंजी खींच कर भी अपनी वृद्धि दर बनाए रख सकेगा? यह पूछना भी उचित है कि आखिर आरबीआई दुनिया भर के केन्द्रीय बैंकों वाली सोच का शिकार क्यों है?

क्या आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति-एमपीसी में शामिल लोग अब भी उन्नीसवीं शताब्दी के वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोणों से प्रभावित हैं? क्या एमपीसी के सदस्य वास्तव में आत्मनिर्भर भारत बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता के साथ हैं? इन सवालों के जवाब फिलहाल निराशाजनक हैं। मझोले व छोटे उद्यम-एमएसएमई पूंजी की कमी का सामना कर रहे हैं। कर्ज की अदायगी से उनकी कार्यकारी पूंजी घट रही है। नई कार्यकारी पूंजी के लिए कर्ज लेने की भावना तेजी से घट रही है। भारत निश्चित रूप से विकसित दुनिया जैसी आरामदेह स्थिति में नहीं है और वह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के रास्ते पर चल कर अपनी वृद्धि संभावनाओं से समझौता नहीं कर सकता है। लोगों की पुरानी सोच भविष्य के लिए बचत करने की थी, जबकि आज की सोच खर्च करो और जीवन का आनन्द उठाने की है। पिछली शताब्दी में राष्ट्रीय बचत योजनाओं व किसान विकास पत्र की लोकप्रियता के उलट आज देश में जनता के बीच शेयर बाजार, पेंशन फंड व म्यूचुअल फंड लोकप्रिय हैं। लेकिन आरबीआई की एमपीसी की कार्रवाइयां पूरी तरह जनता के नए युग के निवेश व बचत मंत्र के विपरीत हैं, जबकि नई आयकर व्यवस्था भी इनको प्रोत्साहन दे रही है। आरबीआई को तत्काल परिवर्तन कर ताजी हवा लानी चाहिए। मौद्रिक नीति कठोर करने से निश्चित रूप से भारत की वृद्धि दर प्रभावित होगी। इससे भारत को अपनी जनसंख्या का लाभांश उठाने में भी कठिनाई होगी।

अमेरिका तथा विकसित दुनिया पर आरोप है कि उसने कोविड-19 महामारी से निपटने का आसान रास्ता निकाल लिया। उन्होंने पैसा छापने का रास्ता निकाला और अपनी बाजारों को नकदी से पाट दिया। भारत ने तर्क और परिपक्वता का रास्ता अपनाया। हमने नकदी नहीं छापी। हमने महामारी के दौरान संकटग्रस्त लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, आदि योजनाओं से सहायता दी। हमने अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहनों-पीएलआई का प्रयोग किया। जब हमने कोविड-19 वैश्विक महामारी के आर्थिक परिणामों से निपटने के लिए विकसित दुनिया की नकल नहीं की तो हम नीतिगत दरों के मामले में उनके केन्द्रीय बैंकों की नकल क्यों कर रहे हैं? अब जब आरबीआई की एमपीसी स्वतंत्र आर्थिक विश्व दृष्टिकोण के संकेत दे रही है तो संसद को इस पर विस्तृत विचार करना चाहिए। संसद को सोचना चाहिए कि भारत के पास नीतिगत दरों की 25 वर्षीय योजना क्यों नहीं है? न केवल छोटे व मझोले उद्योगों, बल्कि मध्य वर्ग को भी उच्च ब्याज दरों वाली व्यवस्था से सुरक्षा दी जानी चाहिए क्योंकि उस पर पहले से ही भारी ईएमआई का बोझ है। आरबीआई की एमपीसी को अपने दृष्टिकोण में स्थिरता बरतनी चाहिए। दुनिया तेजी से बदल रही है और हमें भी परिवर्तन का स्वागत करना चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक को परिवर्तन की दिशा में चलना चाहिए।

# पंजाब पर कर्ज का बोझ बढ़ाती 'आप' सरकार

"पंजाब का बजट वित्तीय दीवालियापन की ओर बढ़ते राज्य की गिरावट को रोकने में विफल रहा है।"

**तरुण चुग**
(लेखक भाजपा के महासचिव हैं)



आम आदमी पार्टी (आप) लोगों को चांद का वादा करके पंजाब में सत्ता में आई थी। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाले राजनीतिक संगठन ने आर्थिक टिप्पणीकारों से मुफ्त की पार्टी का टैग अर्जित किया है। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा द्वारा पेश किया गया पंजाब बजट राज्य को वित्तीय दिवालियापन की ओर धकेलने में विफल रहा है। चीमा ने 196,462 करोड़ रुपये के बजट का प्रस्ताव करते हुए गैलरी में खेलने की पूरी कोशिश की है, जबकि यह बताते हुए कि यह वित्तीय वर्ष 2022-23 में 1,55,869 करोड़ रुपये से 26 अधिक है। प्रस्तावित व्यय विस्तार राजस्व वृद्धि द्वारा समर्थित नहीं है। आप के नेतृत्व वाली सरकार बढ़ी हुई उधारी के जरिए पंजाब को और कर्ज में धकेल रही है। पंजाब पहले से ही कर्ज में डूबा हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक ने कुछ राज्यों की वित्तीय स्थिति पर अपनी रिपोर्ट में मौजूदा स्थितियों के बारे में चिंता व्यक्त की है।

यह आधिकारिक आंकड़ों में दर्ज है, क्योंकि राजस्व घाटा 2022-23 में 1.99 प्रतिशत से बढ़कर 3.32 प्रतिशत हो गया है। नतीजतन, राजकोषीय घाटा 2022-23 में 3.78 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 वित्तीय वर्ष के लिए प्रस्तावित 4.98 प्रतिशत हो गया है। स्थिति ने पंजाब की वित्तीय स्थिति को और खराब कर दिया है, क्योंकि माल और सेवा कर (जीएसटी) संग्रह चालू वित्त वर्ष में 20,550 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 19,000 करोड़ रुपये रहा। यह 1,500 करोड़ रुपये की कमी के लिए जिम्मेदार है।

पंजाब को अभी तक एक औद्योगिक नीति नहीं लानी है, जैसा कि आप सरकार ने वादा किया था, जबकि उद्योगपति वैकल्पिक निवेश अवसरों की तलाश में उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों का दौरा कर रहे हैं। आर्थिक गतिविधियाँ एक पूर्व शर्त के रूप में शांति और शांति की तलाश करती हैं। लेकिन कानून-व्यवस्था की स्थिति के प्रति पंजाब



सरकार की स्पष्ट उपेक्षा आर्थिक गतिविधियों पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। यह राज्य सरकार द्वारा लक्षित जीएसटी संग्रह को प्राप्त करने से चूकने पर कब्जा कर लिया गया है। राजस्व के मोर्चे पर खराब ट्रैक रिकॉर्ड राज्य के बजट द्वारा प्रलेखित किया गया है। राजस्व प्राप्तियों में राज्य सरकार द्वारा 95,378 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले, पंजाब केवल 93,563.21 करोड़ रुपये का शुद्ध प्रबंधन कर सका। इसे अतिरिक्त उधारी से पूरा किया जा रहा है। केंद्र सरकार पहले ही बता चुकी है कि पंजाब की कर्ज की स्थिति चिंताजनक है। स्वतंत्र अर्थशास्त्री वर्षों से सुधारात्मक उपायों की मांग करते रहे हैं। लेकिन मौजूदा पंजाब सरकार राज्य को और कर्ज के जाल में धकेल कर पंजाब की भावी पीढ़ियों की भलाई के बारे में कम से कम ध्यान दे रही है। राजस्व एकत्र करने की राज्य एजेंसियों की क्षमता गंभीर तनाव में है। इसे परिवहन विभाग के प्रदर्शन में देखा जा सकता है। पंजाब रोडवेज राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 335 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले केवल 90 करोड़ रुपये कमा सका। इसी तरह, शहरी विकास राजस्व भी 69 करोड़ रुपये कम है क्योंकि सरकार केवल 200 करोड़ रुपये ही एकत्र कर सकी।

वित्त वर्ष 2022-23 में पंजाब का कुल कर्ज 3.112 लाख करोड़ रुपए आंका गया था। पंजाब का कर्ज अब बढ़कर अनुमानित 3.47 लाख करोड़ रुपये हो गया है। राज्य का कर्ज पंजाब के सालाना बजट के करीब 180 फीसदी के करीब है। यह पंजाब के लिए वित्तीय स्थिति को डरावना बनाता है, और राज्य सरकार जल्द ही अपने दायित्वों से चूकना शुरू कर सकती है। पंजाब में युवा पहले से ही एक असाधारण बेरोजगारी की स्थिति से जूझ रहे हैं, जिससे वे ड्रग कार्टेल और संगठित सशस्त्र गिरोहों के शिकार हो रहे हैं। यह शिक्षा की स्थिति में परिलक्षित हो रहा है क्योंकि राज्य ने 100 स्कूलों को प्रतिष्ठित संस्थानों का दर्जा देने के वादे के खिलाफ सिर्फ 13 और संख्याएँ जोड़ी हैं, जबकि वास्तविक दुनिया अंतिम दिनों में केवल चार स्कूलों के मामले में ही हो सकती है। वर्ष। गौरतलब है कि आप पंजाब में लगभग एक साल से सरकार चला रही है।

स्वास्थ्य के मोर्चे पर, पंजाब के बजट ने केंद्र सरकार के आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों को मोहल्ला क्लीनिक के रूप में फिर से पैकेज करके चालाकी दिखाने का प्रयास किया है। राज्य सरकार केवल राज्य में लोगों को गुमराह करने के लिए चालाकी करने की कोशिश कर रही है। पंजाब के कर्ज तले दबे राज्य होने का असर कई मोर्चों पर दिखने लगा है। राज्य पुलिस का आधुनिकीकरण नहीं कर पा रहा है। संगठित हथियारबंद गिरोह स्वचालित असॉल्ट राइफलों से लैस हैं। पुलिस उन गिरोहों से पीछे हटती है जिनका राज्य में बड़ा दबदबा है। सामाजिक सुरक्षा, महिला और बाल विकास विभाग द्वारा पंजाब में 30.46 लाख लाभार्थियों के एक सर्वेक्षण में यह पाया गया कि लाभार्थियों की संख्या में 90,248 की भारी गिरावट आई है। राज्य सरकार पिछले वर्ष आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आवासों का निर्माण करने में विफल रही। लेकिन इसने आप सरकार को चालू वित्त वर्ष में 10,000 घर बनाने का वादा करने से नहीं रोका। पर्यावरण प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और कई अन्य क्षेत्रों में राज्य सरकार का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है।

## आप की बात

### ईरानी महिला-संघर्ष

**ईरान** के 300 से अधिक स्कूलों में पढ़ने वाली 5000 से ज्यादा लड़कियों को पिछले दिनों जहर दे दिया गया। इन स्कूलों के पानी में एक ऐसा केमिकल मिला दिया गयाए जिससे फौरन लड़कियों की जान तो नहीं गई लेकिन उनमें उल्टी, बदन दर्द, दिमागी परेशानी व हिस्टीरिया फैल गया। ईरान के हिजाब-विरोधी आंदोलन में स्कूल और कालेज की छात्राओं ने जमकर भाग लिया था जिसके चलते सरकार को पीछे हटना पड़ा था ईरानी महिलाओं को आशंका है कि बदले की भावना से ही छात्राओं पर जहर स्प्रे किया जा रहा है, पानी में मिलाया जा रहा है और अन्य कई ऐसे तरीके अपनाए जा रहे हैं जिससे वह परेशान होकर स्कूल कॉलेज जाना छोड़ दे। हालांकि, सरकार ने लगभग 100 आरोपियों को हिरासत में लिया है, लेकिन ईरानी महिलाओं को न्याय मिलना तथा समाज में समान दर्जा मिलना कठिन लग रहा है। मजहब की कट्टरता के नाम पर किसी को भी किसी की जान लेने का कोई अधिकार नहीं है। विश्व के महिला संगठनों को भी इस मामले में आगे आकर अपने प्रयास शुरू कर देना चाहिए। ईरानी समाज पर कट्टरपंथियों का बढ़ता प्रभाव सारी दुनिया के लिए चिन्ता का विषय जरूर बनना चाहिए।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### अखिलेश का विरोध

**जबसे** यूपी में योगी सरकार बनी है तभी से पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव योगी सरकार की आलोचना करते रहते हैं। विरोध करते समय अखिलेश यादव पूर्व में अपने द्वारा किये कार्यों को भूल जाते है। अभी योगी सरकार ने चैत्र नवरात्रि व रामनवमी के लिये प्रत्येक जिले को एक लाख रुपये देने की बात की है जिसे देवी मंदिरों व शक्तिपीठों में धार्मिक आयोजनो में लगाया जाएगा। अखिलेश यादव ने कटाक्ष करते हुए कहा है कि एक लाख देने से क्या होगा, कमसे कम दस करोड़ रुपये देने चाहिए थे जिससे सभी धर्मों के त्यौहार सही ढंग से मनाये जाएं। अखिलेश यादव को ये चिंता मुख्यमंत्री रहते हुए क्यों नही हुई? उनके कार्यकाल में भगवान शंकर की कावड़ यात्रा पर रोक लगाई गई थी। आदेश था कि कांवड़ यात्रा साउंड, ढोल, नगाड़ों के बिना निकले। रमजान में मंदिरों के माइकों को उतारने के कारण जगह-जगह विवाद भी हुए थे। सरकारी कार्यालयों में रोजा अफ्तारी करने की अनुमति थी परन्तु नवरात्रि पर जागरण करने की कोई अनुमति नही थी। आज योगी सरकार समाज को अपने तरीके से त्योहार मनाने की अनुमति दे रही है तो अखिलेश परेशान हो रहे हैं।

**ललित शंकर,** गाजियाबाद

### विवादों की छाया

**आखिरकार** फिल्म इंडस्ट्री को हो क्या गया है? सुशांत राजपूत की मौत के बाद कई कलाकार काल के गाल में अकाल समा चुके हैं। इस कड़ी में सतीश कौशिक नया नाम है। कौशिक की मौत की गुत्थी भी फिलहाल तो राजपूत की तरह उलझी हुई है। जांच निष्कर्ष ही उसकी असली वजह बता सकेंगे। धन, ऐश्वर्य, सुख, संपदा सब कुछ होने के बाद भी जिस तरह फिल्मी कलाकार तृष्णा में डूबे नजर आते हैं उसके कारण मानसिक अवसाद उन्हें बोनस की तरह मिलता ही है। अब तक हुई मौतों की वजह जो भी हो कलाकारों को इससे सबक लेना चाहिए और जहां तक संभव हो सके आपसी लेन-देन समेत उन परिस्थितियों से दूर रहना चाहिए जो विवाद की वजह बनती है। विवाद का एक कारण यह भी है कि फिल्म जगत से जुड़ी छोटी से छोटी खबर भी सुर्खियों में जगह पाती है। इस कारण पर्दे के पीछे जा चुके लोग भी कम से कम विवादों के बहाने ही सुर्खियों में आ जाते हैं या उनको अपनी भड़ास निकालने अथवा अतीत के दुश्मनों से बदला लेने का मौका मिल जाता है। लेकिन यह शुभ संकेत नहीं है।

**अमृतलाल मारू,** इन्दौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**देश** में या विदेश में सरकार की आलोचना करना एक नागरिक का अधिकार है और यह भारत की आलोचना करने या देशद्रोही होने के बराबर नहीं है।

- **कपिल सिब्बल**
राज्यसभा सदस्य



**भारत** का मिसाइल और रडार अपग्रेड कॉन्ट्रैक्ट अडानी के स्वामित्व वाली कंपनी और इलारा नामक एक संदिग्ध विदेशी संस्था को दिया गया है। इलारा पर किसका नियंत्रण है?

- **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**यदि** हमारी पार्टी सत्ता आती है, तो वह जम्मू-कश्मीर के लोगों को भूमि और नौकरी के अधिकार प्रदान करने के लिए विधानसभा में एक कानून भी बनाएगी।

- **गुलाम नबी आज़ाद**
जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 16 मार्च, 2023



# एचउएन2 इन्फ्लूएंजा को लेकर सभी जिले रहें अलर्ट

## प्रदेश में संक्रमण की मानीटरिंग की जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** ने लोकभवन में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि विगत कुछ दिनों से प्रदेश में एचउएन2 इन्फ्लूएंजा संक्रमण की स्थिति देखी जा रही है। शासन सहित समस्त जिलों में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में रहे। सभी जनपदों में इसके मरीजों की दैनिक मॉनीटरिंग की जाए। प्रत्येक मरीज को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाए। आम लोगों को इसके लक्षणों की पहचान और बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया जाए। कोविड के केस भी बढ़ रहे हैं। स्थिति पर सतत नजर बनाए रखते हुए आवश्यकतानुसार टेस्टिंग बढ़ाई जाए।

प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप आज पुरातन काशी नगरी नेचर, कल्चर और एडवेंचर का संगम बन रही है। काशी में हुए विकास कार्यों से आस.पास के जिलों के पोटेंशियल में भी विस्तार हुआ है। ऐसे में हमें इण्टीग्रेटेड रीजनल डेवलपमेण्ट प्लानिंग पर फोकस करना चाहिए। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की भांति नियोजित विकास के उद्देश्य से वाराणसी व इसकी सीमा से लगे भदोही, गाजीपुर, जौनपुर, चन्दौली को जोड़ते हुए, एकीकृत विकास योजना तैयार की जाए। पूर्वी उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति को तेज रफ्तार देने के उद्देश्य से यह प्रयास महत्वपूर्ण हो सकता है। उन्होंने आवास विभाग को प्रारम्भिक अध्ययन के साथ अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

सभी 17 स्मार्ट सिटी में संचालित परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा मुख्य सचिव स्तर पर की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि शहरों में स्थापित होर्डिंग, बैनर के लिए स्थान चिन्हित हों। मनमाने ढंग से होर्डिंग, बैनर न लगे। होर्डिंग के स्थान पर डिस्प्ले बोर्ड को प्रोत्साहित किया जाए। इस सम्बन्ध में आवास विभाग द्वारा स्पष्ट नीति तैयार की जाए। यह प्रयास राजस्व वृद्धि और नगर के सौन्दर्यीकरण में सहायक सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न वित्तीय निकायों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों को सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उसे आईटीएमएस से इण्टीग्रेट किया जाए। अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ कन्वर्जेंस से वित्तीय प्रबन्धन करते हुए 17 शहरों को सेफसिटी के रूप में विकसित किया जाए। इससे उत्तर प्रदेश 17 सेफसिटी वाला पहला प्रदेश हो जाएगा।

## वरुणा कारिडोर का काम जल्द पूरा किया जाए

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि वाराणसी में मणिकर्णिका घाट व हरिश्चंद्र घाट पर स्वच्छता कार्यों को और व्यवस्थित किये जाने की आवश्यकता है। दिव्यांगजन और बुजुर्गों के लिए यहां शौचालय की व्यवस्था हो। कई निजी औद्योगिक संस्थाओं ने इस कार्य में सहयोग की इच्छा जताई है, उनसे संवाद कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने वाराणसी में वरुणा कॉरिडोर के निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूरा कराये जाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि अयोध्या में राम जी की पैड़ी और नया घाट पर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम बनाये जाएं। सिंचाई विभाग द्वारा इन घाटों पर साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लोगों को भी स्वच्छता अभियान से जोड़ा जाए। प्रदेश के पुराने माध्यमिक विद्यालयों की शैक्षिक माहौल को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राज्य सरकार से सहायता प्राप्त इन माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास की आवश्यकता है। ऐसे में शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के व्यापक हित में प्रबन्ध तंत्र की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए इन विद्यालयों के लिए एक बेहतर कार्ययोजना प्रस्तुत की जाए। सीएम ने कहा कि डीएम, कमिश्नर, जिला पुलिस प्रमुख, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी जैसे जनता से सीधा जुड़ाव रखने वाले सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में ही आम जन से मिलें। लोगों की शिकायतों और समस्याओं को सुनकर मेरिट के आधार पर निस्तारण करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि जनसुनवाई कार्यालयों में ही हो। आम जनजीवन के लिए समस्या बन रहे आवारा कुत्तों के स्थायी समाधान के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। सभी प्रमुख नगरों में एनिमल बर्थ कण्ट्रोल यूनिट की स्थापना की जानी चाहिए। सम्बन्धित विभाग द्वारा इस सम्बन्ध में प्रस्ताव तैयार किया जाए।

# बीजेपी, सपा व कांग्रेस सभी घोर जातिवादी

## ● कांशीराम के जन्मदिन पर बसपा प्रमुख ने अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बसपा** अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि कांशीराम द्वारा 'चमचा युग' के विश्वासघाती तत्वों के संबंध में कहीं गई बातों से सबक सीख कर आगे बढ़ने का प्रयास लगातार जारी रखना है। हमेशा याद रखना है कि बीजेपी, सपा व कांग्रेस सभी घोर जातिवादी व बहुजन विरोधी पार्टियां हैं, कोई कम तो कोई ज्यादा, तभी आगे बढ़ने का रास्ता प्रशस्त होता रहेगा। मायावती बुधवार को राजधानी स्थित पार्टी मुख्यालय में बसपा संस्थापक कांशीराम के जन्मदिन पर आयोजित विशेष समारोह में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहीं थीं।

कांशीराम के जन्मदिन पर जुटे पार्टी कार्यकर्ताओं व सभी समर्थकों का आभार व धन्यवाद प्रकट करते हुए मायावती ने यकीन दिलाया कि उनका यह जज्बा, लगन, व सांगठनिक एकजुटता आने वाले समय व खासकर चुनावों में विरोधियों का मुकाबला करने की जरूरी क्षमता रखती है। अपनी जिस शक्ति को उनके साम, दाम, दण्ड भेद आदि घिनौने हथकण्डों तथा चुनाव में इनका वोट बांटने के लिए स्वार्थी लोगों व फर्जी संगठनों जैसे अनेकों प्रकार के विशैले षडयंत्रों को हर हाल में बचा कर रखना है और चुनावी सफलता के लक्ष्य को प्राप्त करना है। जो वास्तव में कांशीराम व उनके जीवन संघर्ष को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मायावती ने आज इस अवसर पर लगातार सरकारी उपेक्षा व उदासीनता तथा कानून के राज के अभाव से बढ़ते जातिवादी शोषण व प्रताड़ना के कारण खासकर उच्च शिक्षण संस्थाओं में आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिन्ता व्यक्त की। उन्होंने सरकार से इसकी रोकथाम के लिए तुरन्त ही प्रभावी कदम उठाने की जोरदार मांग की और साथ ही युवाओं से भी अपने महान संतो, गुरुओं व महापुरुषों में खासकर अपने मसीहा परमपूज्य डॉ.भीमराव अम्बेडकर के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेकर जीवन समाप्त करने जैसे घोर नकारात्मक कदम नहीं उठाने की विशेष अपील की। मायावती ने कहा कि देश व खासकर यूपी ने बीजेपी, कांग्रेस व सपा आदि घोर जातिवादी व आरक्षण विरोधी रवैये के साथ-साथ एससीए एसटीए ओबीसी, मुस्लिम व धार्मिक अल्पसंख्यकों को उनके कानूनी हक व इंसाफ से वंचित रखने के खेल तथा इन पार्टियों की कथनी और करनी में अन्तर को भी देख लिया है। जिससे साबित है कि ये सभी पार्टियां एक ही थैली के चट्ट बट्टे हैं और इनसे एससी, एसटी, ओबीसी व मुस्लिम समाज को अपने वास्तविक भले की उम्मीद करके रेगिस्तान में पानी तलाशने जैसी ही गलती कतई नहीं करनी चाहिए। यूपी के परिप्रेक्ष्य में मायावती ने कहा कि इस विशाल राज्य में सरकार की गलत नीतियों एवं द्वेष व पक्षपात पूर्ण कार्यकलापों के कारण वैसे तो सर्वसमाज के लोग ही बढ़ती महंगाई, अपार गरीबी, बेरोजगारी व जानमाल की असुरक्षा आदि के कारण दुखी व त्रस्त हैं, किन्तु खासकर दलित एवं पिछड़े वर्ग के लोग अपने हक व इंसाफ को लेकर इस सरकार में कुछ ज्यादा ही पीड़ित व परेशान हैं, जो किसी से भी छिपा हुआ नहीं है। इन वर्गों के आरक्षण को निष्क्रिय व निष्प्रभावी बना देने से करोड़ों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इसीलिए कदम-कदम पर सजगता तथा यहां होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव में खासकर पूरी सावधानी बहुत जरूरी है।

## एटा व गाजियाबाद में एक एक नए थाने की स्थापना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** के निर्देशों के अनुपालन में गृह विभाग ने एटा जिले की तहसील अलीगंज में स्थापित महिला पुलिस चौकी को उच्चीकृत कर नवीन महिला थाना तथा अलीगंज और पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के थाना क्षेत्र साहिबाबाद के अन्तर्गत नया थाना शालीमार गार्डेन बनाए जाने के आदेश जारी किए हैं। यह जानकारी प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि यह निर्णय इस क्षेत्र में शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, अपराधों पर और अधिक प्रभावी तरीके से अंकुश लगाए जाने, महिलाओं एवं जन-सामान्य को और अधिक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है। उन्होंने कहा कि इन दोनों नए थानों की स्थापना के संबंध में आवश्यक कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराने के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

## ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिये 25 करोड़ धनराशि आवंटित

**लखनऊ।** पर्यटकों के आकर्षित करने के लिये पारिस्थितिकीय पर्यटन के अन्तर्गत आने वाले पर्यटन स्थलों, क्षेत्रों का विकास करने के लिये यूपी ईको टूरिज्म विकास बोर्ड का गठन किया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में ईको टूरिज्म के विकास के लिये 25 करोड़ रूपये का प्राविधान किया गया था। जिसके सापेक्ष 4 करोड़ रूपये की स्वीकृतियां जारी की गयी है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यूपी ईको टूरिज्म विकास बोर्ड के व्यवस्थित संचालन एवं स्थापना संबंधी कार्य के लिये वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2.50 करोड़ रूपये की धनराशि आवंटित की गयी है। जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में ईको-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये कई मनोरम एवं रमणिक प्राकृतिक स्थल है। इसके अलावा कई अभ्यारण्य झीलें तथा पक्षी विहार भी मौजूद है। जनपद खीरी लखीमपुर में कतरनिया घाट के अलावा नेशनल पार्क को ईको-टूरिज्म का हब बनाने के लिये नये सिरे से सजाया जा रहा है। ईको-टूरिज्म बोर्ड को व्यवस्थित करने के लिये कई विभागों को जिम्मेदारी दी गयी है, जिसमें वन विभाग प्रमुख है।

## 6900 शिक्षक भर्ती में पिछड़े व दलित वर्गो के छात्रों से नाइंसाफी कर रही सरकारः मनोज

### ● बेसिक शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव कर रहे छात्रों पर पुलिस के बल प्रयोग करने की कांग्रेस ने निंदा की


पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा है कि 3 सालों से 69000 शिक्षक भर्ती में जिस प्रकार से दलित और पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को यूपी सरकार आरक्षण देने में विफल रही है उससे उसका दलित, पिछड़ा वर्ग विरोधी और सामाजिक न्याय विरोधी सरकार का चेहरा उजागर हो गया है।

उन्होंने कहा कि आरक्षित वर्ग के आंदोलनरत छात्रों के ऊपर बल प्रयोग करना, बेसिक शिक्षा मंत्री का उनसे मुलाकात ना करना और आरक्षण को सही ढंग से लागू न करना तथा 3 साल से लगातार आंदोलनरत छात्रों से वादा खिलाफी आदि सरकार की एक सोची-समझी रणनीति के तहत किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय जनता में उत्तर प्रदेश सरकार ने यह स्वीकार किया कि 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण प्रक्रिया गलत ढंग से लागू की गई है, जिससे आरक्षित श्रेणी के लगभग 15000 छात्रों को उनकी आवंटित नहीं हुई है। चुनाव के समय सीएम योगी ने 6800 आरक्षित श्रेणी के छात्रों को अलग से नौकरी देकर यह दर्शाने का प्रयास किया था कि वह दलित पिछड़ों के साथ है लेकिन चुनाव बीतने के बाद भाजपा अपनी पुरानी नीति दलित-पिछड़ा विरोधी मानसिकता के तहत उनको उनकी सीटें नहीं दे रही है। जिसके लिए छात्र लगातार आंदोलनरत है। सामाजिक न्याय गरीबों, दलितों पिछड़ों और वंचितों के हक की लड़ाई में कांग्रेस उनके साथ पूर्णतः खड़ी है।

## प्रदेश सरकार व यूएनडीपी के मध्य समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के समक्ष प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार और यूएनडीपी इंडिया की रेजिडेन्ट रिप्रेजेन्टेटिव शोको नोदा ने प्रदेश में सतत् विकास लक्ष्य एसडीजी अनुश्रवण प्रकोष्ठ की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। सतत् विकास लक्ष्यों की दिशा में त्वरित प्रगति का संकल्प दोहराते हुए, इस भागीदारी का उद्देश्य, कार्यवाही योग्य उपाय तय करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के अनुश्रवण प्रयासों का समृद्ध एवं सशक्त करना है। प्रधानमंत्री ने 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में राष्ट्रीय स्तर पर 2030 एजेंडा का अनुमोदन किया था। उसके बाद से उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य स्तरीय संकेतक तंत्र और ज़िला स्तरीय संकेतक तंत्र की स्थापना के माध्यम से सतत् विकास लक्ष्य निगरानी को संस्थागत रूप दिया है। प्रदेश में प्रभावी अनुश्रवण हेतु अनुश्रवण प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है जिसमें प्रत्येक विभाग में एसडीजी नोडल अधिकारी की नियुक्ति, सतत् विकास गोलवार अंतर विभागीय अनुश्रवण समिति की स्थापना, विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के साथ डैशबोर्ड भी विकसित किया गया है। प्रदेश सरकार और यूएनडीपी की भागीदारी का मुख्य उद्देश्य एसडीजी की दिशा में प्रगति को तेज़ करने के लिए प्रदेश सरकार के प्रयासों में वृद्धि हेतु तीन प्रमुख क्षेत्रों में कार्य करना है। पहला मुख्य क्षेत्र राज्य एवं ज़िला स्तर पर अनुश्रवण को प्रभावी बनाने और प्रमाण आधारित अनुश्रवण के लिए, संस्थाओं को सशक्त करने में सहयोग किया जाना है। दूसरा मुख्य क्षेत्र निचली इकाई पर क्षमताओं को सशक्त करने और तीसरा मुख्य क्षेत्र संचार एवं सम्पर्क को बेहतर करना का है। इन तीनों क्षेत्रों में प्रयासों के आंकड़ों पर आधारित कार्यवाही योग्य सूक्ष्म दृष्टि प्राप्त करने के उद्देश्य से मजबूत नींव तैयार कर नागरिकों के जीवन में निरन्तर सुधार करने की दिशा में राज्य सरकार के प्रयास को तेज़ करना है।

## दलित-पिछड़ों से भेदभाव कर रही भाजपा

### ● प्रदेश सरकार सरकार पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देः नरेश उत्तम पटेल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शिक्षक** भर्ती 2018 के मामले को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधा है। अखिलेश ने भाजपा पर दलित पिछड़ों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। इस मामले को लेकर अखिलेश यादव ने ट्वीट करते हुए लिखा कि 69000 सहायक शिक्षक भर्ती में आया फैसला, आरक्षण की मूल भावना की विरोधी भाजपा सरकार की ढीली पैरवी का नतीजा है। वहीं दूसरी ओर बुधवार को सपा मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने मांग करी कि प्रदेश सरकार सरकार पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दे। नरेश उत्तम पटेल ने कहा है कि बेसिक शिक्षा परिषद की 69 हजार शिक्षक भर्ती 2018 में बड़े पैमाने पर आरक्षण का घोटाला हुआ। भर्ती घोटाले के कारण हजारों की संख्या में अति पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति के अभ्यर्थी नियुक्ति पाने से वंचित रह गये। अभ्यर्थियों ने अपनी मांगों को लेकर लगातार धरना-प्रदर्शन और आन्दोलन किया लेकिन सरकार ने नज़रअंदाज किया।

पटेल ने कहा कि अभ्यर्थियों ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग में याचिका दायर की। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने माना की 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण का पालन नहीं हुआ। आरक्षण नियमों का पालन नहीं हुआ। सरकार ने भी माना कि शिक्षक भर्ती में आरक्षण का घोटाला हुआ। 6800 पिछड़ें और दलित वर्ग के अभ्यर्थियों को भर्ती में शामिल करने के लिए सूची बनी। लेकिन नियुक्ति नहीं दी गयी। पटेल ने कहा कि सरकार ने कोर्ट में लचर पैरवी की। सरकार आश्वासन देती रही लेकिन नियुक्ति नहीं दी। भाजपा सरकार में हुई सभी भर्तियों में आरक्षण का घोटाला हुआ है। भाजपा सरकार दलित, पिछड़ा विरोधी है। भाजपा सरकार नौकरियों के आरक्षण को विधायी मायाजाल में फंसाती है। भाजपा सरकार में हुई भर्तियों में आरक्षण नियमावली का पालन नहीं हुआ। पटेल ने कहा कि समाजवादी पार्टी आरक्षण के पात्र 6800 अभ्यर्थियों के साथ है। सरकार पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दे। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरे प्रदेश में अराजकता फैलाकर लोकतंत्र की हत्या कर रही है। सहकारी समितियों के चुनाव में भी भारी भ्रष्टाचार और धांधली हुई। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों का नामांकन पत्र नही जमा करने दिया गया। कई जगह न नामांकन पत्र मिले न ही अधिकारी कार्यालयों में बैठे मिले।





चारबाग बस स्टैंड पर पेंशन बढ़ाने की मांगों को लेकर प्रदर्शन करते रिटायर कर्मचारी

## एकीकृत निक्षय दिवस पर छह टीबी मरीजों को लिया गोद

**लखनऊ।** एकीकृत निक्षय दिवस पर बुधवार को सदर अस्पताल में जिला क्षय रोग अधिकारी डा आर वी सिंह की उपस्थिति में पावर विंग्स फाउंडेशन ने छह क्षय रोगियों को गोद लिया। इसके अलावा स्वयंसेवी संस्था प्लान इंडिया ने काकोरी, माल और मलिहाबाद सीएचसी पर 120 टीबी मरीजों को पोषण पोटली प्रदान की। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि टीबी मरीजों को गोद लेने की प्रक्रिया सामुदायिक सहयोग प्रदान करने के क्रम में एक सराहनीय कदम है। क्षय रोगी के लिए नियमित दवा सेवन के साथ पौष्टिक आहार का सेवन भी जरूरी होता है। उन्होंने बताया कि जनपद में 286 निक्षय मित्रों के सहयोग से 11,424 गोद लिए जा चुके हैं। इनमें से 7674 क्षय रोगी स्वस्थ हो चुके हैं और 3750 का इलाज चल रहा है। निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज के दौरान क्षय रोगियों के बैंक खाते में हर महीने 500 रुपये सीधे भेजे जाते हैं।

# आलू भण्डारण व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए उद्यान मंत्री ने संभाली कमान

### ● लखनऊ, हरदोई व फर्रुखाबाद के कोल्ड स्टोरेज का किया औचक निरीक्षण, हरदोई में उद्यान निरीक्षक एवं कानपुर में सहायक उद्यान निरीक्षक निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** में आलू भण्डारण व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने स्वयं कमान संभाल ली है। उद्यान मंत्री ने लखनऊ, हरदोई तथा फर्रुखाबाद में कोल्ड स्टोरेज का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा बरती जा रही लापरवाही पर सख्त कार्रवाई करते हुए हरदोई में उद्यान निरीक्षक व कानपुर में सहायक उद्यान निरीक्षक को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही किसानों को आलू भण्डारण में किसी प्रकार की समस्या न हो इसलिए, उद्यान मंत्री ने तीन दिवसीय दौरे पर मण्डल स्तर पर अधिकारियों को भेजा दिया है। उक्त अधिकारी कोल्ड स्टोरेज में अधिक से अधिक किसानों के आलू का भण्डारण सुनिश्चित करायेंगे। मण्डल कानपुर में निदेशक उद्यान डा. आरके तोमर, बरेली मण्डल में उप निदेशक धर्मपाल यादव, आगरा मण्डल में संयुक्त निदेशक डॉ. विजय बहादुर द्विवेदी, अयोध्या मण्डल में संयुक्त निदेशक डॉ. सर्वेश कुमार, प्रयागराज मण्डल में वीपी राम, लखनऊ मण्डल में उप निदेशक वीरेन्द्र यादव, मेरठ मण्डल में लैण्ड स्केप आर्किटेक्ट मुन्ना यादव तथा सहारनपुर मण्डल में उप निदेशक प्रवीन कुमार को भेजा गया है। मंडलों में नामित निदेशालय स्तर के अधिकारी कोल्ड स्टोर पर उत्पादकता के अनुसार किसानों के आलू भंडारण का कार्य सुनिश्चित करेंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा किसानों को ऑपरेशन ग्रीन योजना के अंतर्गत आलू भंडारण में 100 रुपए प्रति कुंटल की धनराशि का अनुदान भी प्राप्त हो सके।

उद्यान मंत्री ने लखनऊ, हरदोई तथा फर्रुखाबाद में कोल्ड स्टोरेज निरीक्षण के दौरान कोल्ड स्टोरेज एवं तैनात किये गये उद्यान कार्मिकों से आलू भण्डारण की जानकारी ली। उन्होंने लखनऊ के स्टार कोल्ड स्टोरेज, काकोरी का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोल्ड स्टोरेज में उपस्थित किसानों से मुलाकात कर उनके द्वारा आलू भण्डारण का फीडबैक लिया। उन्होंने किसानो से कहा कि प्रदेश सरकार किसानो के हितों का हर सम्भव ख्याल रख रही है। आलू भण्डारण में किसी प्रकार की समस्या होने पर अधिकारियों को अवगत कराया जाय। इसके बाद मंत्री जनपद हरदोई में मेसर्स अश्वनी कुमार मदन पाल कोल्ड स्टोरेज सांडी रोड बिलग्राम हरदोई का औचक निरीक्षण के दौरान उद्यान निरीक्षक अंकित रस्तोगी तैनाती स्थल पर उपस्थित न मिलने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिया। उद्यान मंत्री ने जनपद फर्रुखाबाद में पीके कोल्ड स्टोर, समृद्धि कोल्ड स्टोर एवं श्रीराम कोल्ड स्टोर का निरीक्षण किया। निदेशक उद्यान डॉ. आरके तोमर ने भी जनपद कानपुर में कोल्ड स्टोरज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेसर्स बृज शीतगृह प्रा.लि. विधनू, कानपुर में तैनात किये गये सहायक उद्यान निरीक्षक अनुज कुमार यादव अनुपस्थित पाये गये और कार्यों में लापरवाही एवं उच्चादेशों की अवहेलना के कारण उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

इसके साथ ही अपर मुख्य सचिव उद्यान मनोज कुमार सिंह प्रतिदिन आलू किसानों, कोल्ड स्टोर संचालकों, जिला उद्यान अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आलू भण्डारण का जायजा लेकर किसानों की समस्याओं का हर हालत में निस्तारण करने के उपाय व उनका क्रियान्वयन करने के साथ साथ जनपदों का दौरा भी किया जा रहा है।

# जन सहभागिता से होगा बेहतर भू जल प्रबंधनः बीडी चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दीनदयाल** उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब लखनऊ में विश्व बैंक एवं भूगर्भ जल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में अटल भूजल योजना के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय परियोजना प्रबंधन ईकाई के प्रासंगिक अधिकारियों और मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, कर्नाटक एवं उत्तर प्रदेश की राज्य परियोजना प्रबंधन ईकाईयों के अधिशाषी अधिकारियों, विषय विशेषज्ञों तथा संबंधित राज्यों की जिला परियोजना प्रबंधन ईकाईयों के उपयोगी विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागिता की गई। उपस्थित प्रतिभागियों के साथ परस्पर भूजल स्तर बढ़ाने के उद्देश्य से, जल संरक्षण, जल संचयन तथा भूगर्भ जल की चिरंतरता इत्यादि प्रमुख विषयों से संबंधित प्रासंगिक विषय बिंदुओं पर चर्चा करने के साथ राष्ट्र स्तरीय विषय विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन उद्बोधन के अंतर्गत संस्थान के अपर निदेशक बीडी चौधरी ने कहा कि जनसहभागिता से ही बेहतर जल प्रबन्धन होगा। भू जल स्तर को बढ़ाने एवं भूजल प्रबंधन के लिए उन्होंने सामूहिक भागीदारी पर बल दिया। अटल भूजल योजना के उद्देश्यों, विशेषताओं और क्रियान्वयन प्रक्रिया की भी जानकारी दी। उन्होंने इस योजना की पृष्ठभूमि, अवधारणा, उद्देश्य एवं जागरूकता सम्बन्धी गतिविधियों के विषय में अवगत कराया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन सत्र निदेशक डॉ. अशोक कुमार द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अमृत सरोवर, ग्राम गोहना खुर्द, निकट इटौंजा कस्बा लखनऊ तथा भू.जल स्तर बढ़ाने के उद्देश्य से जनपद बाराबंकी के ग्राम दौलतपुर का भ्रमण समस्त प्रतिभागियों को लेकर कराया गया।

# किसानों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

- किसानों को समृद्ध बनाने के लिए नित नए कदम उठा रही सरकार : डीएम
- मिलेट कार्यशाला: अफसरों के साथ कृषकों ने कोदो से निर्मित खीर का चखा स्वाद

**किसानों** की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर माह के तृतीय बुधवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान मिलेट कार्यशाला भी आयोजित हुई, जिसमें जनपद में मिलेट (श्रीअन्न) का उत्पादन की कार्ययोजना पर चर्चा हुई।

डीएम महेन्द्र बहादुर सिंह ने मौजूद किसानों की न केवल समस्याएं सुनीं, बल्कि निराकरण के संबंध में मौजूद अफसरों को निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने मौजूद किसानों से संवाद किया, किसानों से खेती किसानी से जुड़े विशेषज्ञों ने जरूरी जानकारी साझा की। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए शासन-प्रशासन करते संकल्पित होकर काम कर रहा है। इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानपरक योजनाओं के जरिए उन्हें समृद्ध बनाने के लिए नित नए कदम उठा रही है। डीएम ने जिले के निराश्रित गौवंशों के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। कहा कि कृषक भाइयों को इसमें सहयोग करना चाहिए। यदि गौवंश का पालन किया गया है तो उसको आवारा न छोड़ा जाए। इसके अतिरिक्त अच्छी खबर यह है कि बजाज चीनी मिल यूनिट गोला पलिया एवं खंभारखेड़ा द्वारा गत वर्ष का शत-प्रतिशत गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया है। इस वर्ष के भुगतान की कार्यवाही की जा रही है। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के अवसर पर आयोजित कार्यशाला में कृषकों से मिलेट (श्रीअन्न) सॉवा, कोदो, काकुन, मडुवा आदि के उत्पादन हेतु कृषकों से आह्वान किया।

डीडी कृषि अरविन्द मोहन मिश्र ने अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के अवसर पर कार्यशाला में कृषकों को अवगत कराया कि सॉवा, कोदो आदि के प्रसंस्करण हेतु जनपद स्तर पर यूनिट स्थापित कर सकते हैं। इसके लिए उद्यान विभाग से अनुदान की व्यवस्था है। इस अवसर पर कृषकों को कोदो से निर्मित खीर का वितरण किया। महाप्रबन्धक, डीसीबी ने बताया कि दो से 17 गाय/भैंस पालन के लिए ऋण की व्यवस्था है, जिसमें 9.5 प्रतिशत ब्याज की दर पर ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। इच्छुक कृषक जनपद में स्थिति सहकारी बैंकों में सम्पर्क कर पशुपालन हेतु ऋण प्राप्त कर सकते हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डा. पीके बिसेन द्वारा अवगत कराया गया कि अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के लिए भारत सरकार ने प्रस्ताव रखा है कि मिलेट पर भी एमएसपी लायी जायेगी। मिलेट की फसल मौसम के प्रति सहिष्णु है तथा इसमें रेशा अधिक होता है जो पेट के लिए अत्यंत लाभकारी है। भविष्य में सॉवा, कोदो, काकुन, मडुवा आदि फसलों पर अनुदान की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जायेगी। बैठक के अन्त में अध्यक्ष की अनुमति से बैठक का समापन किया।

बैठक में डीडी (कृषि) अरविन्द मोहन मिश्र, जिला कृषि अधिकारी अरविन्द चौधरी, भूमि संरक्षण अधिकारी सुभाष चंद्र, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी निखिल देव तिवारी, डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, डीएचओ मृत्युंजय सिंह, कृषि वैज्ञानिक डा. पीके बिसेन, एलडीएम अजय कुमार पांडेय, डीडीएम नाबार्ड प्रसून सोनार, प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।

# एसडीएम न्यायिक की अध्यक्षता में किसान दिवस का हुआ आयोजन

संवाददाता। सीतापुर

**एसडीएम**, न्यायिक सीतापुर हरि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें सम्बन्धित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी के साथ विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित रहे। अपर जिला अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि किसानों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार निस्तारण कर अनुपालन आख्या एक सप्ताह में जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाये। कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया, कृषि वैज्ञानिक डॉ0 शैलेन्द्र सिंह ने मोटे अनाजों की उपयोगिता के बारें में बताया। अधिशाषी अभियंता नहर ने बताया कि मिश्रिख में नहर का पुल चौडा कराया जायेगा। पुल के पास सीढी बनायी जायेंगी। कृषक उमेश पाण्डेय द्वारा तहसील मिश्रिख के ग्राम पंचायत पनाहनगर का नक्शा नहीं होने का प्रश्न उठाया गया, तो अपर जिला अधिकारी ने बताया कि विभिन्न ग्रामों के साथ इसका भी नक्शा आ जायेगा। कृषक मोहित मिश्रा ने खडे गन्ने की आपूर्ति पर सवाल पूछा तो गन्ना विभाग से आए विकल भारती ने उत्तर दिया।

## कर्मचारी हड़ताल के चलते विद्युत उपकेन्द्रों पर प्रशासन की नजर

**सीतापुर** में विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल के चलते जिले के विद्युत उपकेंद्रों पर प्रशासन पूरी नजर बनाए हुए है। इसी कड़ी में रेउसा विद्युत उपकेंद्र पर पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। हड़ताल में संविदा कर्मियों के भी शामिल होने से विद्युत आपूर्ति पटरी से उतर जाने का खतरा मंडराने लगा है। निविदा संविदा कर्मचारी संघ के जिला महामंत्री संजीव कुमार बाजपेई ने बताया कि संयुक्त संघर्ष समिति में विद्युत विभाग के सभी संगठन एक मंच पर हैं, संविदा, निविदा कर्मचारी संगठन भी इसमें शामिल है।

# अथर्व भारत फाउण्डेशन के कार्यों को मिली प्रशंसा




संवाददाता। सीतापुर

**गैर** सरकारी संगठन अथर्व भारत फाउंडेशन की कार्यकारिणी समिति ने भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा को क्षेत्र में चल रहे संस्था के कार्यों के विषय में अवगत कराया। जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने हेल्थ और एजुकेशन से सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं का एकीकरण करके समाज सेवा का दृष्टकोण रखने वाली अथर्व भारत फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की। अथर्व भारत फाउंडेशन की हेल्थ एंड एजुकेशन किट डेनमार्क की शिक्षा नीति को ध्यान में रखकर एम्स दिल्ली व आईआईटी मुम्बई के एक्स स्टूडेट व संस्था के सदस्यों द्वारा तैयार की गई है। किट के अतिरिक्त आयुर्वेदिक पेड़ों की जानकारी एवं स्वास्थ्य से सम्बन्धित कार्यक्रम सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानो में आयोजित किए जाएंगे। जिलाध्यक्ष श्री मेहरोत्रा ने संस्था को उक्त कार्यों को हर सम्भव मदद करने का आश्वासन भी दिया।

# सांसद खेल स्पर्धा में प्रतिभागियों ने दिखाया जबरदस्त दमखम

संवाददाता। निघासन खीरी



**खीरी** लोकसभा के अंतर्गत विधानसभा निघासन के ग्राम पंचायत मुड़ा बुजुर्ग के गांव कामता नगर में सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व विधान सभा प्रभारी कनक पाल सिंह राणा व पूर्व मंडल अध्यक्ष नगेंद्र सिंह सेंगर व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजय गिरी ने कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर किया और युवाओं का उत्साह वर्धन किया। न्याय पंचायत स्तर पर सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में मिले मंच पर बेटियों ने भी अपने प्रदर्शन से लोगों को चौंका दिया। खेल के हर क्षेत्र में सिर्फ मौजूदगी ही नहीं दर्ज कराई है, बल्कि विजेता बनीं। अतिथियों ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि खेल का मैदान सामाजिक समरसता एवं सद्भाव पैदा करने का सबसे अच्छा स्थान है, जहां खिलाड़ी जाति, धर्म, लिंग, उम्र आदि का भेदभाव भूलाकर खेल स्पर्धा में भाग लेते हैं, जिससे समाज में एक अच्छा संदेश जाता है। सांसद खेल स्पर्धा ग्रामीण युवाओं को प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की एक अनोखी पहल है। के पी राना ने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा ग्रामीण युवाओं को प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की एक अनोखी पहल है। इससे ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा। बीडीओ राकेश सिंह ने कहा कि प्रतिस्पर्धाओं से जीवन में निखार आता और आगे बढ़ने का हौसला मिलता है। दौरान हरिशंकर शर्मा राहुल निषाद श्रीप्रकाश कनौजिया ग्राम विकास अधिकारी सुनील पंकज एवं ब्लॉक के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मिस्टर इडली रेस्टोरेंट पर खाद विभाग का छापा

संवाददाता। शाहजहांपुर



**शाहजहांपुर** में खाद विभाग टीम की टीम में मिस्टर इडली रेस्टोरेंट पर छापेमारी कर एक्सपायरी डेट के मसाले बरामद कर नष्ट किए जबकिरिफाइंड, उड़द की दाल और हरी चटनी का सैंपल लिया। खाद विभाग की टीम को छापेमारी के दौरान 40 से अधिक मसालों के ऐसे पैकेट मिले,जिनकी एक्सपाइडर निकल चुकी थी और उनका इस्तेमाल लजीज व्यंजन में किया जा रहा था। खाद विभाग की टीम में सभी मसालों के पैकेट को नष्ट करने के लिए नगर निगम की कूड़ा गाड़ी के हवाले कर दिया । खाद विभाग के अधिकारी रवि शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया मिस्टर इडली रेस्टोरेंट के स्वामी शुभम अग्रवाल है इस रेस्टोरेंट की लगातार शिकायतें मिल रही थी जिसके बाद कार्रवाई को अमलीजामा पहनाया गया है ।? उन्होंने बताया कि खाद विभाग की टीम में रेस्टोरेंटे के किचन से रिफाइंड, उड़द की दाल, हरी चटनी के सैंपल लिए हैं इनको जांच के लिए भेजा जा रहा है जांच में यदि इनके नमूने फेल होते हैं तो कार्रवाई की जाएगी । एक्सपायरी डेट के 65000 के मूल्य से ज्यादा की मसालों के पैकेट के संबंध में खाद्य अधिकारी का कहना है कि इस मामले में रेस्टोरेंट के संचालक को अलग से कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। गौरतलब यह है कि यह विकास भवन के ठीक पीछे हैं और इस खास किस्म की छापेमारी को मंगलवार को रात के समय किया गया। छापेमारी के समय मीडिया से भी दूरी बनाई गई।

# पेज एक का शेष

## संसद के...

बाद ही कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी। लोकसभा की कार्यवाही फिर से आरंभ होने पर सदन में स्थिति ज्यों की त्यों बनी रही। इस कारण सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। राज्यसभा में सत्तापक्ष एवं विपक्ष के सदस्यों के हंगामे के कारण शून्यकाल एवं प्रश्नकाल आज भी नहीं हो सका तथा बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजकर कर करीब पांच मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। बजट सत्र का सोमवार से दूसरा चरण शुरू होने के बाद से ही उच्च सदन में सत्ता पक्ष के सदस्य राहुल गांधी से माफी की मांग पर अड़े हुए हैं।

## यूपी में...

समीक्षा भी की। इस दौरान उन्होंने कहाकि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप काशी नगरी नेचरए कल्चर और एडवेंचर का संगम बन रही है। काशी में हुए विकास कार्यों से आस.पास के जिलों में व्याप्त सम्भावनाओं का भी विस्तार हुआ है। ऐसे में हमें एकीकृत क्षेत्रीय विकास योजना पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। अधिकारी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की तरह नियोजित विकास के उद्देश्य से वाराणसी और उसकी सीमा से लगे भदोही, गाजीपुर, बलिया और चंदौली जिलों को जोड़ते हुए एकीकृत विकास योजना तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान किये गये एमओयू की अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त के स्तर पर साप्ताहिक विभागवार समीक्षा की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि निवेशकों से जुड़ी कोई भी फाइल लम्बित न रहे। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर मुख्य सचिव को अवगत कराकर उसका तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेश प्रस्ताव देने वाले निवेशकों से सम्पर्क स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं-अपेक्षाओं की जानकारी प्राप्त करने तथा नीतियों-नियमों में अनुमन्य प्रोत्साहन समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्थापित हो रहीं औद्योगिक इकाइयों एवं कम्पनियों को स्किल्ड, सेमी-स्किल्ड, अनस्किल्ड मैनपावर की आवश्यकता होगी। आईटीआई के प्रशिक्षार्थियों के लिए रोजगार के बड़े अवसर सृजित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री इण्टर्नशिप प्रोग्राम के अन्तर्गत इकाइयों में प्रशिक्षण के लिए युवाओं को अवसर दिलाए जाएं। नई स्थापित होने जा रहीं इकाइयों के उद्यमियों के साथ संवाद करते हुए युवाओं को अधिकाधिक लाभ दिलाया जाए। सीएम ने निर्देशित किया कि निवेशकों की सुगमता के लिए मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र योजना के अन्तर्गत उद्यमी मित्रों की तत्काल तैनाती कर दी जाए।

## यमुना बाढ़...

उपायुक्त (डीसीपी) दस्ते की सुरक्षा का इंतजाम करेंगे। डीडीए, जिसे झुग्गियां तोड़ने का काम सौंपा गया है, ने न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह को बताया कि एनजीटी ने यमुना के प्रदूषण से संबंधित मामले को फिर से शुरू किया था। एनजीटी ने 27 जनवरी को निर्देश पारित किया कि नदी के प्रदूषण को नियंत्रित करने और वहां से अतिक्रमण हटाने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। डीडीए की ओर से पेश अधिवक्ता प्रभासहाय कौर ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के बाद भी लोग दो बार उसी स्थान पर वापस आ गए। डीडीए के वकील की दलीलों को ध्यान में रखते हुए न्यायाधीश ने झुग्गीवासियों के वकील से पूछा कि आप यमुना नदी पर कब्जा कर रहे हैं। क्या आप जानते हैं कि इससे कितना नुकसान हो रहा है? अदालत बेला एस्टेट, राजघाट स्थित यमुना के बाढ़ क्षेत्र में स्थित मूलचंद बस्ती के निवासियों की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें दावा किया गया था कि डीडीए और दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने अगस्त 2022 में उनसे मुलाकात की थी और उन्हें अपनी झुग्गियां खाली करने की चेतावनी दी थी, अन्यथा उन्हें ध्वस्त कर दिया जाएगा।

## राहुल गांधी...

गांधी परिवार कांग्रेस के सदस्यों को कागज फाड़कर लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी पर फेंकने का निर्देश देता है तो क्या यह लोकतंत्र है? उन्होंने कहा, जब गांधी परिवार राज्यसभा में कांग्रेस सदस्यों को किताबें फाड़ने और मेज पर चढ़ने के साथ ही सभापति को अपमानित करने का निर्देश देता है, तो क्या यह लोकतंत्र है? ईरानी ने कहा कि आज हर भारतीय नागरिक गांधी से माफी की मांग करता है क्योंकि संसद महज सांसदों का समागम नहीं है, बल्कि यह भारत के लोगों की आवाज है और उनकी इच्छा व आकांक्षाओं का संवैधानिक प्रतिबिंब है। ईरानी ने आरोप लगाया, यह शर्मनाक है कि राहुल गांधी संसद में आने और भारत के खिलाफ अपने अलोकतांत्रिक प्रलाप के लिए माफी मांगने के बजाय आज संसद से अनुपस्थित रहने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, श्रीमान गांधी, लोकतंत्र खतरे में नहीं है। आपने एक ऐसे देश में जाकर विदेशी ताकतों का आह्वान किया जिसका इतिहास रहा है भारत को गुलाम बनाने का। विदेशों में देश के खिलाफ आपने जो व्यवहार किया, उसके लिए भारत के लोग कांग्रेस पार्टी को राजनीतिक रूप से तबाही की ओर धकेल रहे हैं।

## लालू, राबड़ी...

रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही जमानत राशि पर लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती को जमानत दी। अदालत ने मामले को आगे की सुनवाई के वास्ते 29 मार्च के लिए सूचीबद्ध किया। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जमानत याचिका का विरोध नहीं किया। यह मामला लालू प्रसाद के 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री रहने के दौरान उनके परिवार को कथित तौर उपहार में दी गई या बेची गई जमीन के बदले रेलवे में की गई नियुक्तियों से जुड़ा है। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अपने आरोप पत्र में कहा कि भारतीय रेलवे के निर्धारित मानदंडों और प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए रेलवे में नियुक्तियां की गईं। इसमें नौकरी के बदले में उम्मीदवारों द्वारा सीधे या अपने करीबी रिश्तेदारों और परिवार के सदस्यों के जरिए राजद प्रमुख एवं तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों को बाजार दरों से काफी कम कीमत पर जमीन बेचने का भी आरोप लगाया गया है।

## मैकमोहन रेखा...

कहा, स्वतंत्रता और एक नियम-आधारित शासन का समर्थन करने वाले अमेरिकी मूल्यों को हमारे सभी कार्यों और संबंधों के केंद्र में होना चाहिए, खासकर जब पीआरसी सरकार एक अलग सोच के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा, प्रस्ताव स्पष्ट करता है कि अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न हिस्सा मानता है, न कि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना का... और क्षेत्र में समान विचारधारा वाले अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ-साथ वहां समर्थन और सहायता को गहरा करने की अमेरिकी प्रतिबद्धता को दोहराता है।

## इस साल...

को तैयार हैं कि उम्मीदवार केवल परीक्षा की चिंता करें, न कि खामियों की। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक योजना के तहत अतिरिक्त कंप्यूटर और परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था की गई है, ताकि कोई समस्या आने पर विद्यार्थियों को उन परीक्षा केंद्रों पर स्थानांतरित किया जा सके और परीक्षा रद्द न की जाए। कुमार ने कहा कि सामान्य परिपाटी से हटते हुए इस साल तीन पालियों में परीक्षा कराई जाएगी। सीयूईटी को इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई और मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में विलय के सवाल पर कुमार ने कहा कि यह निश्चित संभव हो सकता है। इस पर विस्तृत काम किया जा रहा है, लेकिन जब कभी भी इसका विलय किया जाएगा तो प्रभावी वर्ष से कम से कम दो साल पहले इसकी घोषणा की जाएगी, ताकि उसके अनुरूप विद्यार्थी अपनी तैयारी कर सकें। गौरतलब है कि यूजीसी ने पिछले साल मार्च में घोषणा की थी कि सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रम में नामांकन सामान्य प्रवेश परीक्षा से होगी, न कि 12वीं कक्षा में मिले अंकों के आधार पर। कुल 14.9 लाख पंजीकरण के साथ सीयूईटी-यूजी देश की दूसरी सबसे बड़ी परीक्षा बन गई थी और इसने जेईई मेंस को पीछे छोड़ दिया था, जिसमें करीब नौ लाख अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। कुमार ने कहा कि इस साल अब तक 11.5 लाख पंजीकरण कराए जा चुके हैं। अंतिम तारीख 30 मार्च तक बढ़ाई गई है और हमें उम्मीद है कि आवेदनों की संख्या पिछले साल से अधिक होगी। जब उनसे पूछा गया कि परीक्षा के अंकों के सामान्यीकरण से कई अभ्यर्थी निराश होते हैं।

## ट्रेन में...

कि किसी भी अनधिकृत या बिना टिकट यात्री को रोकना उसका कर्तव्य है, तो पुलिस वाले ने अपने अधीनस्थों के साथ टीटीई को धमकी दी कि उसे चलती ट्रेन से बाहर फेंक दिया जाएगा। लखनऊ डिवीजन के डिवीजनल कमर्शियल मैनेजर के आदेश में कहा गया है कि पुलिसकर्मियों का अनियंत्रित व्यवहार अनुचित है और टीटीई को बिना टिकट चलने वाले पुलिसकर्मियों को पकड़ना उसके कर्तव्यों में शामिल है। उसे ऐसा करने से नहीं रोका जा सकता।

## नशे में...

26 नवंबर, 2022 को सामने आया, जिसमें न्यूयॉर्क से नई दिल्ली आने वाली एयर इंडिया की उड़ान में कथित तौर पर एक व्यक्ति ने 70 वर्षीय एक महिला पर पेशाब किया। छह दिसंबर 2022 को सामने आए दूसरे मामले में पेरिस से नई दिल्ली आ रही एयर इंडिया की उड़ान में एक व्यक्ति ने एक महिला यात्री की सीट पर पेशाब कर दिया। बताया जा रहा है कि दोनों मामलों में आरोपी व्यक्ति अत्यधिक नशे की हालत में थे। आयोग ने कहा कि उसने इन घटनाओं का स्वत: संज्ञान लेते हुए डीजीसीए को एक नोटिस जारी किया है, जिसमें इन घटनाओं में उसके द्वारा की गई कार्रवाई का विवरण मांगा गया है। इसके अलावा आयोग ने ऐसे मामलों से निपटने के लिए डीजीसीए द्वारा विमानन कंपनियों को जारी दिशा-निर्देशों के बारे में भी जानकारी मांगी है। आयोग ने डीजीसीए को जारी दिशा-निर्देशों में नशे में धुत व्यक्तियों को विमान में चढ़ने से रोकने, सीमित मात्रा में शराब के सेवन की अनुमति देने, सीसीटीवी कैमरे लगाने और यौन उत्पीड़न को लेकर कर्मचारियों को जागरुक बनाने के लिए कहा है।


AXIS BANK LTD.

स्वर्ण आभूषणों के रूप में बंधक आस्तियों की ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

कर्जदारों को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि एक्सिस बैंक द्वारा नीचे वर्णित खातों में बंधक स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी नीचे वर्णित शाखाओं में की जानी प्रस्तावित है। नीचे वर्णित कर्जदारों ने बैंक के पक्ष में स्वर्ण आभूषण बतौर प्रतिभूति बंधक रखकर एक्सिस बैंक से क्रेडिट सुविधा ("स्वर्ण ऋण सुविधा") प्राप्त की है। कर्जदारों/गारंटरों को मांग सूचनाएं जारी की गई थीं, जिनमें कर्जदारों/गारंटरों से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण ऋण सुविधा के संबंध में बकाया राशि चुकाने की मांग की गई थी। जबकि कर्जदार/गारंटर बकाया ऋण राशि चुकाने में असफल रहे हैं, बैंक बंधक का आह्वान करने हेतु बाध्य है तथा बंधक स्वर्ण आभूषणों, जिनका अधिक विशिष्ट वर्णन यहां नीचे सम्पत्ति की अनुसूची में किया गया है, की ई-नीलामी दिनांक 27-03-2023 को अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक "जैसा है जहां है", जो है जैसा है", जो है वहां है" और "कोई उपाय नहीं आधार" पर संचालित की जानी प्रस्तावित है।

कर्जदारों और बकाया राशि का विस्तृत विवरण

| क्र. सं. | शाखा का नाम | ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | बकाया राशि | प्रत्याह्वान की तिथि | सकल भार | शुद्ध भार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अशोक विहार, नई दिल्ली | अमित जैन | XXXXXXXXXX84197 | 58762.00 | 17-05-2022 | 14.800 | 13.700 |
| 2 | अशोक विहार, नई दिल्ली | आरती | XXXXXXXXXX59011 | 420801.00 | 22-07-2022 | 137.700 | 135.400 |
| 3 | अशोक विहार, नई दिल्ली | जुनैद आलम | XXXXXXXXXX27664 | 65635.65 | 09-01-2023 | 24.900 | 23.400 |
| 4 | अशोक विहार, नई दिल्ली | कुमैल अब्बास | XXXXXXXXXX98833 | 237601.00 | 24-03-2022 | 81.100 | 79.300 |
| 5 | अशोक विहार, नई दिल्ली | संजय चौधरी | XXXXXXXXXX84679 | 52191.00 | 28-07-2022 | 22.400 | 20.600 |
| 6 | अशोक विहार, नई दिल्ली | सुनील कुमार | XXXXXXXXXX07661 | 170861.20 | 08-02-2023 | 60.300 | 57.500 |
| 7 | अशोक विहार, नई दिल्ली | सन्नी दयाल | XXXXXXXXXX93043 | 58813.60 | 26-07-2022 | 28.800 | 27.300 |
| 8 | अशोक विहार, नई दिल्ली | तरूण कुमार | XXXXXXXXXX64905 | 712054.00 | 03-09-2022 | 242.700 | 229.400 |
| 9 | अशोक विहार, नई दिल्ली | तरूण कुमार | XXXXXXXXXX69104 | 677228.00 | 03-09-2022 | 464.200 | 432.900 |
| 10 | अशोक विहार, नई दिल्ली | वसी अहमद | XXXXXXXXXX03648 | 82148.00 | 18-06-2022 | 25.800 | 23.800 |
| 11 | बाली नगर | आशीष कुमार मिश्रा | XXXXXXXXXX55363 | 230575.00 | 05-02-2022 | 71.000 | 57.700 |
| 12 | बाली नगर | रणवीर कुमार | XXXXXXXXXX43835 | 87547.45 | 03-09-2022 | 25.600 | 24.600 |
| 13 | बाली नगर | रश्मि तनेजा | XXXXXXXXXX27347 | 418225.07 | 08-02-2023 | 157.100 | 141.500 |
| 14 | बिडनासी | अनन्या कुमारी | XXXXXXXXXX34767 | 105243.00 | 18-07-2022 | 31.000 | 29.900 |
| 15 | बिडनासी | अनन्या कुमारी | XXXXXXXXXX29301 | 102471.00 | 24-07-2022 | 32.200 | 30.950 |
| 16 | बिडनासी | आरती अग्रवाल | XXXXXXXXXX78175 | 160652.00 | 18-06-2022 | 37.400 | 36.100 |
| 17 | बिडनासी | प्रणव जिंदल | XXXXXXXXXX47009 | 214401.00 | 08-02-2023 | 66.000 | 63.350 |
| 18 | बिडनासी | प्रिया कुमारी | XXXXXXXXXX59640 | 103032.00 | 26-07-2022 | 35.600 | 34.350 |
| 19 | दरियागंज | अनामिका देवी | XXXXXXXXXX28288 | 37605.00 | 18-06-2022 | 13.700 | 13.100 |
| 20 | दरियागंज | कविता गुप्ता | XXXXXXXXXX13441 | 309477.00 | 03-09-2022 | 117.200 | 104.300 |
| 21 | जनकपुरी, नई दिल्ली | साहिल चौधरी | XXXXXXXXXX33474 | 268416.00 | 08-02-2023 | 81.700 | 78.400 |
| 22 | जनकपुरी, नई दिल्ली | स्नेह लता | XXXXXXXXXX07923 | 43243.87 | 08-02-2023 | 13.100 | 12.500 |
| 23 | ज्योति नगर | अनुज कुमार | XXXXXXXXXX08071 | 115809.00 | 08-02-2023 | 50.200 | 37.700 |
| 24 | ज्योति नगर | मनीष गर्ग | XXXXXXXXXX83806 | 613584.50 | 24-07-2022 | 192.900 | 184.500 |
| 25 | ज्योति नगर | मोहित | XXXXXXXXXX37494 | 62087.00 | 18-06-2022 | 19.200 | 18.600 |
| 26 | ज्योति नगर | मोहित | XXXXXXXXXX97592 | 141536.00 | 18-06-2022 | 54.900 | 40.300 |
| 27 | कालकाजी, नई दिल्ली | जफर | XXXXXXXXXX38338 | 29874.00 | 17-05-2022 | 10.400 | 9.970 |
| 28 | किशनगंज | अजय कुमार शर्मा | XXXXXXXXXX26135 | 125370.00 | 28-07-2022 | 33.400 | 31.900 |
| 29 | किशनगंज | अजीत कुमार | XXXXXXXXXX54400 | 67274.00 | 18-06-2022 | 22.800 | 21.300 |
| 30 | किशनगंज | मोहम्मद शाहिद अंसारी | XXXXXXXXXX32402 | 128233.82 | 22-07-2022 | 43.800 | 41.600 |
| 31 | किशनगंज | नदीम | XXXXXXXXXX84900 | 520814.00 | 28-07-2022 | 180.000 | 170.800 |
| 32 | किशनगंज | राजिन्दर सिंह | XXXXXXXXXX03137 | 58854.00 | 28-07-2022 | 19.600 | 18.600 |
| 33 | लाजपत नगर | अंकित श्रीवास्तव | XXXXXXXXXX41123 | 171949.00 | 28-07-2022 | 58.700 | 56.300 |
| 34 | लाजपत नगर | रागिनी सिन्हा | XXXXXXXXXX60746 | 94902.00 | 13-09-2022 | 30.800 | 29.300 |
| 35 | मालवीय नगर | दीपांकर दत्ता | XXXXXXXXXX92217 | 165579.72 | 12-10-2022 | 59.400 | 57.050 |
| 36 | मालवीय नगर | गीतांजलि सिंह | XXXXXXXXXX23735 | 284217.80 | 24-03-2022 | 115.900 | 94.560 |
| 37 | मालवीय नगर | गुडिया देवी | XXXXXXXXXX91438 | 78900.00 | 08-02-2023 | 31.400 | 27.200 |
| 38 | मयूर विहार | अजय वीर सिंह | XXXXXXXXXX59853 | 82769.00 | 17-05-2022 | 27.600 | 23.600 |
| 39 | मयूर विहार | संजय कुमार | XXXXXXXXXX16285 | 1287272.00 | 18-07-2022 | 794.500 | 586.460 |
| 40 | मीरा बाग | अमित कुमार तिवारी | XXXXXXXXXX27643 | 42673.03 | 18-07-2022 | 15.900 | 14.800 |
| 41 | मीरा बाग | मनप्रीत सिंह | XXXXXXXXXX42263 | 54488.00 | 08-02-2023 | 17.000 | 16.700 |
| 42 | नजफगढ | अमिता शर्मा | XXXXXXXXXX25398 | 105991.83 | 24-03-2022 | 41.900 | 38.380 |
| 43 | नजफगढ | मोनू कुमार | XXXXXXXXXX61944 | 45340.00 | 17-05-2022 | 15.200 | 14.600 |
| 44 | नांगलोई | आरती | XXXXXXXXXX73220 | 236591.00 | 22-07-2022 | 76.200 | 74.600 |
| 45 | नांगलोई | सिकंदर सिंह | XXXXXXXXXX81121 | 71176.00 | 08-02-2023 | 25.900 | 24.100 |
| 46 | न्यू फ्रेन्ड्स कालोनी | सचिन गुप्ता | XXXXXXXXXX86135 | 57397.24 | 03-09-2022 | 19.000 | 18.400 |
| 47 | न्यू फ्रेन्ड्स कालोनी | शहनाज | XXXXXXXXXX72723 | 39216.77 | 26-07-2022 | 13.900 | 13.150 |
| 48 | पालम | नैन्सी जैन | XXXXXXXXXX30285 | 28050.00 | 08-02-2023 | 9.500 | 9.200 |
| 49 | रोहिणी | अंकुर गुप्ता | XXXXXXXXXX73085 | 159171.00 | 08-02-2023 | 49.300 | 48.000 |
| 50 | रोहिणी | चन्द्र प्रकाश पांडे | XXXXXXXXXX60043 | 476532.30 | 30-04-2021 | 145.700 | 138.500 |
| 51 | रोहिणी | नवीन | XXXXXXXXXX23729 | 571809.49 | 03-09-2022 | 189.300 | 183.600 |
| 52 | रोहिणी | राज कुमार सिंगला | XXXXXXXXXX94135 | 365859.00 | 25-08-2022 | 123.500 | 112.800 |
| 53 | रोहिणी | सुशील कुमार | XXXXXXXXXX43764 | 99320.00 | 18-07-2022 | 33.700 | 32.200 |
| 54 | सेक्टर-24 रोहिणी | सचिन कुमार | XXXXXXXXXX98879 | 117610.55 | 25-08-2022 | 39.400 | 36.400 |
| 55 | शाहदरा, नई दिल्ली | अरूपी जैन | XXXXXXXXXX93079 | 946487.00 | 28-07-2022 | 377.000 | 309.300 |
| 56 | शाहदरा, नई दिल्ली | अमन कुमार नागर | XXXXXXXXXX59060 | 327761.00 | 08-02-2023 | 109.600 | 104.100 |
| 57 | तिलक नगर, नई दिल्ली | मुजामिल | XXXXXXXXXX22117 | 62699.00 | 28-07-2022 | 22.100 | 20.500 |
| 58 | तिलक नगर, नई दिल्ली | मुजामिल | XXXXXXXXXX15442 | 122467.40 | 22-07-2022 | 40.800 | 38.700 |
| 59 | तिलक नगर, नई दिल्ली | रानी देवी | XXXXXXXXXX20166 | 154458.00 | 17-05-2022 | 44.700 | 43.000 |
| 60 | तिलक नगर, नई दिल्ली | संकल्प मिश्रा | XXXXXXXXXX05258 | 102456.00 | 20-06-2022 | 37.800 | 35.900 |
| 61 | उत्तम नगर | मानस कुमार परीदा | XXXXXXXXXX42417 | 324318.00 | 22-07-2022 | 106.400 | 102.300 |
| 62 | उत्तम नगर | रोहित सोढी | XXXXXXXXXX76656 | 309489.65 | 18-06-2022 | 97.300 | 94.700 |
| 63 | फरीदाबाद | अमरजीत सिंह | XXXXXXXXXX37341 | 101318.00 | 18-06-2022 | 32.100 | 31.100 |
| 64 | फरीदाबाद | जितेन्दर अग्रवाल | XXXXXXXXXX00620 | 155246.00 | 03-09-2022 | 57.500 | 54.620 |
| 65 | फरीदाबाद | जितेन्दर कुमार | XXXXXXXXXX79641 | 230608.00 | 08-02-2023 | 77.900 | 74.200 |
| 66 | फरीदाबाद | लोकेश | XXXXXXXXXX94270 | 266066.00 | 22-06-2022 | 85.700 | 81.100 |
| 67 | फरीदाबाद | परमानंद सिंह | XXXXXXXXXX66771 | 126324.00 | 18-06-2022 | 35.000 | 33.100 |
| 68 | फरीदाबाद | राहुल | XXXXXXXXXX88068 | 230037.27 | 30-04-2021 | 88.000 | 81.200 |
| 69 | फरीदाबाद | सतविंदर भडाना | XXXXXXXXXX89986 | 343979.41 | 09-01-2023 | 142.300 | 136.400 |
| 70 | फरीदाबाद | तिलक राज | XXXXXXXXXX59125 | 268680.00 | 11-08-2022 | 126.500 | 97.200 |
| 71 | पालम विहार, गुरूग्राम | अनमोल आइमा | XXXXXXXXXX87746 | 234188.00 | 08-02-2023 | 75.000 | 73.200 |
| 72 | पालम विहार, गुरूग्राम | हरजीत सिंह | XXXXXXXXXX10261 | 893702.00 | 08-02-2023 | 286.500 | 261.500 |
| 73 | पालम विहार, गुरूग्राम | हनी | XXXXXXXXXX63323 | 66809.00 | 08-02-2023 | 22.200 | 21.500 |
| 74 | पालम विहार, गुरूग्राम | संजय संजय | XXXXXXXXXX29947 | 40827.00 | 03-09-2022 | 9.800 | 9.800 |
| 75 | पैराडाइज मॉल सेक्टर-49, गुरूग्राम | उपेन्दर सिंह | XXXXXXXXXX06614 | 176093.00 | 09-01-2023 | 60.600 | 58.700 |
| 76 | सेक्टर 10ए, गुरूग्राम | आलम | XXXXXXXXXX74797 | 120229.70 | 28-07-2022 | 45.500 | 43.500 |
| 77 | सेक्टर 10ए, गुरूग्राम | अंकित यादव | XXXXXXXXXX52524 | 33517.81 | 28-07-2022 | 11.500 | 10.900 |
| 78 | सेक्टर 10ए, गुरूग्राम | हरिओम मिश्रा | XXXXXXXXXX34133 | 65669.11 | 17-05-2022 | 21.340 | 20.450 |
| 79 | सेक्टर 10ए, गुरूग्राम | हेमंत मिश्रा | XXXXXXXXXX86895 | 133352.26 | 08-02-2023 | 47.630 | 44.830 |
| 80 | सेक्टर 10ए, गुरूग्राम | हेमंत मिश्रा | XXXXXXXXXX87004 | 42598.00 | 08-02-2023 | 16.170 | 15.670 |
| 81 | सेक्टर 10ए, गुरूग्राम | संजय | XXXXXXXXXX59767 | 110336.00 | 08-02-2023 | 31.690 | 31.290 |
| 82 | सेक्टर 10ए, गुरूग्राम | उषा देवी | XXXXXXXXXX12142 | 33044.03 | 03-09-2022 | 9.800 | 9.300 |
| 83 | सेक्टर 16, फरीदाबाद | अमित पांघल | XXXXXXXXXX22017 | 231669.00 | 18-07-2022 | 125.400 | 118.900 |
| 84 | सेक्टर 16, फरीदाबाद | अमित पांघल | XXXXXXXXXX29924 | 209210.00 | 18-07-2022 | 120.500 | 107.900 |
| 85 | सेक्टर 16, फरीदाबाद | दुर्गेश कुमार | XXXXXXXXXX87756 | 208259.00 | 24-03-2022 | 78.500 | 75.250 |
| 86 | सेक्टर 16, फरीदाबाद | गिरराज शर्मा | XXXXXXXXXX05567 | 64054.00 | 20-06-2022 | 27.700 | 17.950 |
| 87 | सेक्टर 16, फरीदाबाद | नरोत्तम शर्मा | XXXXXXXXXX07597 | 103462.07 | 08-02-2023 | 37.400 | 35.910 |
| 88 | सेक्टर 16, फरीदाबाद | प्रमोद गुप्ता | XXXXXXXXXX15808 | 94839.56 | 24-03-2022 | 28.200 | 20.400 |
| 89 | सेक्टर 16, फरीदाबाद | सुनील भडाना | XXXXXXXXXX25304 | 474632.31 | 11-08-2022 | 158.200 | 150.700 |
| 90 | सेक्टर 16, फरीदाबाद | विनोद कुमार | XXXXXXXXXX53778 | 259218.86 | 17-05-2022 | 68.500 | 57.480 |
| 91 | नोएडा | आदेश कुमार | XXXXXXXXXX69822 | 177560.00 | 11-08-2022 | 58.100 | 56.700 |
| 92 | नोएडा | आकाश यादव | XXXXXXXXXX78768 | 87289.00 | 17-05-2022 | 24.400 | 23.700 |
| 93 | नोएडा | अमित कुमार | XXXXXXXXXX20984 | 52881.00 | 12-09-2022 | 16.400 | 15.500 |
| 94 | नोएडा | कामायनी कुमारी | XXXXXXXXXX32956 | 34643.00 | 08-02-2023 | 12.600 | 11.700 |
| 95 | नोएडा | प्रशांत कुमार वैश | XXXXXXXXXX61605 | 818957.40 | 03-09-2022 | 270.800 | 259.400 |
| 96 | नोएडा | रजनीश शर्मा | XXXXXXXXXX17413 | 124265.00 | 08-02-2023 | 42.600 | 39.500 |
| 97 | नोएडा | स्नेह लता | XXXXXXXXXX99361 | 127977.00 | 25-08-2022 | 42.400 | 40.800 |
| 98 | वैशाली, गाजियाबाद | देबाशीष बिस्वाल | XXXXXXXXXX93079 | 186365.02 | 25-08-2022 | 59.600 | 55.500 |
| 99 | वैशाली, गाजियाबाद | देबाशीष बिस्वाल | XXXXXXXXXX26962 | 93105.00 | 12-10-2022 | 32.100 | 30.400 |
| 100 | वैशाली, गाजियाबाद | देबाशीष बिस्वाल | XXXXXXXXXX03922 | 73257.00 | 03-09-2022 | 33.400 | 22.100 |
| 101 | वैशाली, गाजियाबाद | हम्माद | XXXXXXXXXX48411 | 27151.00 | 08-02-2023 | 9.200 | 8.900 |
| 102 | वैशाली, गाजियाबाद | मोहम्मद अखलाक | XXXXXXXXXX06740 | 131773.00 | 22-06-2021 | 35.000 | 32.400 |
| 103 | वैशाली, गाजियाबाद | त्रिलोक नाथ झा | XXXXXXXXXX37965 | 69159.93 | 08-02-2023 | 22.400 | 21.600 |

एक्सिस बैंक लिमिटेड को बिना कोई पूर्व सूचना दिए खाता हटाने/नीलामी की तिथि परिवर्तित करने का अधिकार है। नीलामी https://gold.samil.in पर अप. 12.30 बजे से अप. 03.30 बजे के बीच ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।
विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट https://gold.samil.in पर लॉगइन करें।

स्थान : दिल्ली एवं एनसीआर
तिथि : 16-03-2023

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमिटेड

# किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से करें निस्तारण : अभिषेक आनंद

●किसानों को बताया देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़

**संवाददाता।** चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में किसान दिवस में किसान भाइयों से कहा कि जो समस्या आप लोगों ने उठाई है, उसका निस्तारण संबंधित विभागों से कराया जाएगा। किसान भाई हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। किसानों की मेहनत से ही देश व प्रदेश चलता है। उन्होंने किसान यूनियन व कृषि विभाग के अधिकारियों से कहा कि आग लगने से किसानों की फसलों का नुकसान होता है। इसके मद्देनजर गांव में प्रचार-प्रसार किसानों को जागरूक करें। बुधवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्ट्रेट सभागार में कहा कि इस वर्ष जिले में अच्छी फसल हुई है। आपकी आमदनी बढ़े और अनाज का अच्छा समर्थन मूल्य मिले और आय दोगुनी हो, यही उनही सभी को शुभकामनाएं हैं। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिए कि जिन किसान भाइयों ने चकबंदी की समस्या बताया है, वहां की जांच कर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही कराएं। सरसों, चना, मसूर, अरहर के लिए क्रय केंद्र खोलने के लिए पत्राचार शासन को किया जाएगा। गेहूं खरीद केंद्र एक अप्रैल से खुल जाएंगे। गेहूं बेचने को किसान अपना अधिक से अधिक पंजीकरण करा लें।

उपनिदेशक कृषि से कहा कि जो बालू खनन बरुआ व तीरमऊ क्षेत्र में वाहनों के आवागमन से किसानों की फसलों की क्षति हुई है, उसका तहसीलदार के साथ संयुक्त जांचकर अवगत कराएं। जिन किसानों की फसल बारिश में डूब क्षेत्र में प्रभावित हुई है। जिन किसानों को फसल बीमा का लाभ नहीं मिला है, उन्हें तत्काल दिलाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी एसके शुक्ला, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक दीपक कुमार, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, एआर कॉपरेटिव नरेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत आरयस वर्मा, केके वर्मा समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महाभारतकालीन जालौन देवी मंदिर प्रकरण पर लगा विराम



●एडीएम और एएसपी के निर्णय पर बनी आम सहमति

●सचिव, प्रधान, रोजगार सेवक, लेखपाल समिति देखेगी मंदिर की व्यवस्था

**कुठौंद**, जालौन। थाना कुठौंद के ग्राम पंचायत जालौन खुर्द में स्थापित जगत जननी मां जयंती देवी जालौन देवी मन्दिर प्रकरण में बुधवार को कुठौंद थाने में दोनों पक्षों को बुलाकर प्रशासनिक अधिकारियों ने खुले मंच पर बैठक की गई जिसमें दोनों पक्षों ने अपनी अपनी बात रखी दोनों पक्षों को खुली बैठक में सुनने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों में एडिशनल एसपी असीम चौधरी और एडीएम पूनम निगम, एसडीएम अंगद यादव सीओ जालौन उमेश पाण्डेय सीओ माधौगढ़ रविन्द्र गौतम ने सर्व सम्मति से निर्णय लिया की जब तक प्रकरण में कोर्ट का फैसला न हो जाए तब तक पहले की तरह मन्दिर व्यवस्था पूर्व की तरह ग्राम पंचायत के अनुसार क्रियावन्यन किया जाएगा और उसमें मन्दिर व्यवस्था सुचारी रूप से चलाने के लिए ग्राम प्रधान श्याम सिंह पाल, पंचायत सचिव रविन्द्र प्रजापति पंचायत मित्र अनुरूध सिंह, लेखपाल अभय कुमार यादव की देखरेख में कमेटी मन्दिर व्यवस्था देखेगी और इन लोगों के ऊपर खण्ड विकास अधिकारी निगरानी रखेंगे। मंदिर में पूजा व्यवस्था मदन शुक्ला, शर्वेश कुमार दुबे, अनिल चतुर्वेदी, विनोद तिवारी देखेंगे।

# 72 घंटे की सांकेतिक हड़ताल करेंगे विद्युतकर्मी

**संवाददाता।** चित्रकूट



**विद्युत** कर्मचारी संघर्ष समिति ने केंद्रीय आवाहन पर तीन दिसंबर 2022 को ऊर्जा मंत्री के साथ हुई वार्ता को लागू करने की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार शुरू किया है। जिसमें सभी संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। बुधवार को विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति ने केन्द्रीय आवाहन पर ऊर्जा मंत्री के लिखित समझौते को लागू करने को 15 दिन का समय लिया था। तीन माह से ज्यादा समय बीतने के बाद भी एक भी बिंदु पर आज तक कार्रवाई नहीं की गई। जिससे आक्रोशित बिजली कर्मचारियों ने विवश होकर 15 मार्च सवेरे दस बजे से 16 मार्च रात दस बजे तक कार्य बहिष्कार किया जायेगा। सभी अधिकारियों ने अपने सीयूजी नंबर कार्य बहिष्कार तक मोबाइल से निकालकर संयोजक के पास जमा करवाए गए हैं।

इसके बाद भी समझौता पत्र पर कार्रवाई नहीं होती तो 16 मार्च रात दस बजे से सभी ऊर्जा निगमो के अधिकारी-कर्मचारी 72 घटे के सांकेतिक हड़ताल पर जायेंगे। इस दौरान किसी अधिकारी एवं कर्मचारी का उत्पीडन किया जाता है तो तत्काल अनिश्चितकालीन हड़ताल कर दी जायेगी। समझौता पत्र में प्रमुख मांग सभी ऊर्जा निगमो में चेयरमैन, प्रबंध निर्देश को नियुक्ति उत्तर प्रदेश सरकार की मेमोरंडम आफ आर्टिकल के संशोधित आदेश के तहत किया जाये। सभी बिजली अधिकारी एवं कर्मचारी को पूर्व की भांति पद्दोनति वेतन मान दिया जाये। सभी संविदा कर्मियों को सामान कार्य का सामान वेतन दिया जाए। पावर सेक्टर इम्प्लाइज प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए।

## हड़ताल पर जाने वाले विद्युतकर्मियों का कटेगा वेतन

**फतेहपुर।** विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल को देखते हुए जिलाधिकारी श्रुति ने प्रशासनिक व विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए जहां आवश्यक दिशा-निर्देश दिये वहीं हड़ताल पर जाने वाले विद्युत कर्मियों का वेतन काटने की बात कही। उन्होने वैकल्पिक कर्मचारियों की सूची उपकेंद्रों पर चस्पा करवाने की भी हिदायत दी। बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्रुति ने कहा कि जो विद्युत कर्मचारी स्ट्राइक पर नहीं जा रहे हैं उनकी पावर हाउसवार लेखपाल, मजिस्ट्रियल ड्यूटी व ट्रांसमिशन पर ड्यूटी सूची बनाकर लगा दें। सेक्टर, जोन बनाकर मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगा दी जाये। शासन के निर्देश के अनुपालन में जिलाधिकारी ने कहा कि अवैधानिक कृत करने वाले कर्मचारियों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश संबंधित को दिये। उन्होंने कहा कि सभी उपकेन्द्रो पर वैकल्पिक ड्यूटी भी लगा दी जाये। समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि आईटीआई, पॉलिटेक्निक, नगर पालिका व नगर पंचायत, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग आदि विभागों से विद्युत कर्मचारियों की सूची प्राप्त कर लें ताकि हड़ताल के दौरान विद्युत व्यवस्था में कोई समस्या होने पर इनसे संपर्क कर ठीक कराया जा सके।

# करिश्मा केसरवानी को मिला स्वर्ण पदक



**चित्रकूट।** वर्धमान महावीर मुक्त विश्वविद्यालय कोटा राजस्थान में मंगलवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में चित्रकूट की करिश्मा केसरवानी को मास्टर इन लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस परीक्षा में विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर राज्यपाल द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किये जाने से धर्म नगरी में खुशी की लहर है। आपको बता दें कि वर्धमान महावीर मुक्त विश्वविद्यालय कोटा राजस्थान में अध्ययनरत उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी की भतीजी करिश्मा केसरवानी ने मास्टर इन लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस परीक्षा में विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मंगलवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति एवं राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा स्वर्ण पदक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश के एक छोटे से कस्बे चित्रकूट जिले की बिटिया को मिली इस बड़ी उपलब्धि से खुशी की लहर है।

व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी ने बताया कि भतीजी को मिले इस सम्मान से चित्रकूट के साथ-साथ समाज की आने वाली युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी।

# गोवंशों को ले जा रहे चार तस्कर पुलिस हिरासत में

**फतेहपुर।** गोकशी के लिए डीसीएम और पिकअप में गोवंशों को भर रहे चार गो तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। एक तस्कर फरार है। पुलिस ने आठ गोवंश, दो पिकअप एक डीसीएम बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है। सदर कोतवाली क्षेत्र के मूसेपुर गांव में बुधवार को गोतस्करी होने की सूचना बजरंगदल पदाधिकारी ने पुलिस को दी। उप निरीक्षक बृजेन्द्र माथुर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तेजी दिखाते हुए चार आरोपी छोटे लाल निवासी बड़ागांव मछरिया थाना गाजीपुर, सुरेश कुमार निवासी किछौछा ललौली, सुनील कुमार बर्रा कानपुर, रोहन यादव देवचंदपुर जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया। वहीं एक आरोपी राजेश सिंह निवासी मूसेपुर फरार हो गया।

# ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान से खनन माफियाओं में हड़कंप

**संवाददाता।** राजापुर, चित्रकूट



**जहां** एक ओर उत्तर प्रदेश सरकार अवैध बालू खनन, ओवरलोडिंग परिवहन न करने के कड़े निर्देश जारी किए हैं। वहीं राजापुर के उपजिलाधिकारी प्रमोद झा के कुशल नेतृत्व में तहसीलदार, नायब तहसीलदार व खनिज अधिकारी द्वारा 8 ओवरलोड ट्रकों का ई-चालान व 5 ट्रक का जब्ती चालान किया गया है।जिससे अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग करने वाले माफिआओं में हड़कम्प मच हुआ है।

राजापुर तहसील के एसडीएम प्रमोद झा के नेतृत्व में तहसील व जिले की संयुक्त टीम जिसमें खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, तहसीलदार संजय अग्रहरी, नायब तहसीलदार पुष्पेन्द्र सिंह गौतम ने राजापुर यमुना पुल में बड़ी कार्रवाई करते हुए बालू से लदे 8ओवरलोड ट्रकों का ई-चालान व 5 ट्रक का जब्ती चालान करते हुए थाना राजापुर के सुपुर्द किया गया है। औचक छापेमारी से ओवरलोड ट्रक संचालकों में खलबली मच गई और लोकेशन गैंग के द्वारा ट्रकों डम्फरों के छिपने छिपाने का कार्य काफी देर तक चलता रहा। उपजिलाधिकारी प्रमोद झा ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के रवन्ना के आधार पर ही बालू, गिट्टी, मोरम का परिवहन किया जाए और यदि ओवरलोड परिवहन करते हुए ट्रक, ट्रैक्टर पकड़े जाते हैं तो उन्हें किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। इसके अलावा उन्होने बालू घाट संचालकों को निर्देशित किया गया है कि रवन्ना के मानक अनुरूप ही लोडिंग कराएं अन्यथा घाट संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घाटों में लगे धर्मकांटा की तौल पर्ची ट्रक संचालकों को अवश्य दें। साथ ही सीसीटीवी कैमरे में किसी भी प्रकार की हेरा फेरी करते हुए पकड़े गए तो उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### किसान दिवस का हुआ आयोजन

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन के निर्देशन में आज विकास भवन सभागार कक्ष में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव द्वारा की गई। किसान दिवस में कृषि से संबंधित दो शिकायतें आई। किसान दिवस में उप कृषि निदेशक ने कृषि विभाग में चल रही विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी कृषकों को उपलब्ध कराई। किसान दिवस में जनपद के सलाहकार डॉक्टर आर एल आर्य ने मार्च में कृषि कार्य यथा राई/ सरसों की समय से कटाई एवं उपज को सही प्रकार से सुखा कर भंडारण करें, राई/सरसों की कटाई के बाद उर्द एवं मूंग की बुवाई तथा अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के अवसर पर मोटे अनाज यथा ज्वार, बाजरा आदि फसलों को अधिक मात्रा में उगाए, जिस पर कृषकों को विशेष अनुदान दिया जाएगा। इस अवसर पर अग्रणी बैंक प्रबंधक कानपुर देहात ने केसीसी बनाने से लेकर ऋण अदायगी तक कृषकों को क्या-क्या करना है तथा अन्य समस्याओं पर ध्यान आकर्षित किया।

### गुमटियों में आग लगने से हजारों का नुकसान

**राठ,** हमीरपुर। कस्बे के कोतवाली के बगल में मल्हौवा मार्ग स्थित दो सैलून की गुमटियों में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग लगने से दोनों दुकानदारों का हजारों का नुकसान हुआ है। पीड़ित दुकानदारों ने प्रशासन से मुआवजा दिलाए जाने की गुहार लगाई है। कोतवाली के इकठौर गांव निवासी फूल सिंह पुत्र कुंवर लाल ने बताया कि वह कोतवाली के बगल में सैलून की गुमटी रखे हुए हैं। जिससे उसके परिवार का भरण पोषण होता है। बताया कि शाम को वह दुकान बंद करके घर चला गया था। देर रात अज्ञात कारणों के चलते उसकी सैलून की दुकान में आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखा सामान जलकर खाक हो गया। बताया कि उसका करीब 30 से 35 हजार रुपए का नुकसान हुआ है।

### दस दिन से गायब विधवा महिला का कंकाल बरामद

**मौदहा,** हमीरपुर। सिसोलर क्षेत्र के डिल्ली डेरा गांव से दस दिन पहले अचानक गायब हुई विधवा महिला का कंकाल पुलिस ने आज खेत से बरामद किया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पडताल शुरु कर दी है। पुलिस के मुताबिक गांव की सुमन(40) पत्नी स्व.धरमबीर की पत्नी चार मार्च को अचानक गायब हो गयी,गांव वालों ने बताया कि उसी दिन बुढ़ई गांव निवासी प्रकाश के साथ बाइक में बैठकर सुमन को देखा गया था। इसके बाद आज गांव के खेत में सुमन का कंकाल पुलिस ने बरामद किया है,मृतका के ससुर लल्लू ने पुलिस को बताया कि प्रकाश ने उसकी बहू की हत्या की है। खेत में चप्पलो व कपडे मिलने से महिला की पुलिस ने शिनाख्त कर ली है। पुलिस ने प्रकाश के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर हाई एलर्ट पर प्रशासन

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में आगामी विद्युत विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल के मद्देनजर विद्युत उपकेंद्र एवं संयंत्रों पर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं विद्युत विभाग तथा अन्य विभागों में विद्युत का कार्य कराने वाले ठेकेदारों से कहा कि आगामी 16 मार्च से प्रदेश स्तरीय विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर लिया जाए। अधीक्षण अभियंता विद्युत से कहा कि विद्युत स्टोर में अतिरिक्त कर्मचारियों की व्यवस्था करें । क्रिटिकल पावर हाउस पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि जो प्रबंध निदेशक दक्षिणांचल विद्युत वितरण खंड द्वारा पावर हाउस एवं वर्कशॉप के लिए एजेंसी नामित किया है। उनके अधिकारियों से वार्ता करके मैन पावर की सूची प्राप्त कर ले। जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

### सड़क हादसे में किसान की दर्दनाक मौत

**उरई,** जालौन। थाना क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर भाग रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से किसान की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम जमलापुर निवासी किसान शिवनारायण 60 वर्ष रोज की तरह मंगलवार की देर शाम अपने खेत की रखवाली के लिए जा रहा था। बताया गया है कि जैसे ही वह गांव के पास से निकले बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर पहुंचा तभी किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वहा हड़कंप मच गया, और स्थानीय लोगों के अलावा राहगीरों की भीड मौके पर इकट्ठा हो गई। मौजूद लोगों ने उसकी पहचान कर घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। मामले की खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन उसे आनन-फानन में लहूलुहान हालत में उठाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां पर बुधवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### युवती को नहीं मिला न्याय तो आमरण अनशनः महंत गणेशदास

**फतेहपुर।** नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोशी हालत में युवती से दुष्कर्म और धर्मपरिवर्तन कराने के मामले में कोई कार्रवाई न होने पर महंत गणेशदास महाराज ने आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि एक बेटी न्याय पाने के लिए पिछले एक माह से अधिकारियों की चौखट पर फरियाद लगा रही है लेकिन प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। जांच के नाम पर इधर से उधर दौड़ा रहा है। महंत पंडित विजय शर्मा उर्फगणेशदास महाराज ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि जिले के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की दो साल पहले सोशल साइट पर खखरेरू के रहने वाले एक मुस्लिम युवक से दोस्ती हुई। धीरे-धीरे युवक ने करीबी बढ़ाई और एक दिन उसे अपने घर खखरेरू ले गया। जहां कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया। बेहोशी हालत में युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। उसका आपत्तिजनक वीडियो, फोटो बनाई। होश आने पर युवक ने कहा कि प्रेम संबंध ल्का झांसा देकर शादी का प्रस्ताव रखा। वहीं शिकायत करने पर वीडीओ और फोटो वायरल करने की धमकी दी। युवक उसे लेकर गुजरात चला गया। करीब दो साल से युवक उसका यौन शोषण किया।

### बगैर पंजीकरण चल रहे क्लीनिक को किया सील

**जालौन,** उरई। नगर में बिना पंजीकरण के चल रहे प्राइवेट क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापामारी की। निरीक्षण के दौरान बगैर पंजीकरण के चल रहे क्लीनिक की सील कर दिया। इसके अलावा मेडीकल स्टोर के नाम पर प्रेक्टिस करने वाले व्यक्ति को चेतावनी देकर छोड़ा गया। बुधवार को एसीएमओ डॉ. अरविंद भूषण, नायब तहसीलदार गौरव कुमार, सीएचसी प्रभारी डॉ. केडी गुप्ता की टीम ने पुलिस बल के साथ नगर के छत्रसाल मार्ग पर संचालित उस्मान क्लीनिक पर छापा मारा। चेकिंग के दौरान टीम ने क्लीनिक के संचालक से पंजीकरण प्रमाणपत्र मांगा। लेकिन वह मौके पर क्लीनक चलाने के लिए कोई भी वैध कागजात नहीं दिखा पाए। इस पर टीम ने क्लीनिक को सील कर दिया और निर्देश दिए कि वह 4 दिन में आवश्यक कागजात लेकर सीएमओ के पास प्रस्तुत हों।

# पुलिस लाइन में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का हुआ शुभारम्भ



**फतेहपुर।** पुलिस लाइन प्रांगण में श्रीमद भागवत कथा बुधवार को भव्य कलश यात्रा से शुरू हो गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर व सिर पर कलश लेकर मार्ग से निकली। जो भ्रमण करते हुए पुन: आयोजन स्थल पहुंचीं। तत्पश्चात भव्य श्रीमद भागवत कथा शुरू हुई। जिसमें कथा व्यास ने कहा कि भागवत कथा ही मनुष्य को भवसागर से पार करने का साधन है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में पुलिस लाइन के मैदान में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन शुरू हो गया। इससे पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें पुलिस कप्तान राजेश सिंह के अलावा सीओ सिटी कबीर सिंह, अशोक पांडेय, विजय शंकर मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक खागा जीडी मिश्रा के अलावा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि तेलियानी अभिषेक त्रिवेदी, आचार्यकुलम संस्थापक विनोद शुक्ला, अशोक तपस्वी, आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, सुमित द्विवेदी, राधेश्याम हयारण, संगीता द्विवेदी, आशा त्रिपाठी, माया गुप्ता, मधु शर्मा, वंदना द्विवेदी ने आरती की तत्पश्चात कथा प्रारंभ हुई। जिसमें श्रीमद् भागवत कथा में महात्म्य की कथा का विस्तार से वर्णन पूज्य गुरुदेव ने किया। कहा कि श्रीमद् भागवत कथा ही एकमात्र मनुष्य को इस भवसागर से पार करने का साधन है। जिसमें धुंधकारी जी से प्रेत को कथा के द्वारा मोक्ष प्राप्त हुआ। कथा में जनपद की सुदूर क्षेत्रों से आए सैकड़ों महिला पुरुष भक्तों ने कथा का रसास्वादन किया।

# मान्यवर के सिद्धांतों का अंतिम सांस तक पालन करूंगा : विजय चौधरी



●हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कांशीराम का जन्मदिन

**उरई** , जालौन। बुधवार को नगर पालिका परिषद उरई के पूर्व अध्यक्ष विजय चौधरी के आवास पर बसपा संस्थापक काशीराम का जन्मदिन हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। विजय चौधरी ने कहा कि मेरे जीवन का लक्ष्य है कि मैं जन जन तक मान्यवर के सपनों को पहुचाऊं और उनके सपनों का अंतिम सांस तक पालन करूंगा। मान्यवार काशीराम के 89 वां जन्मदिन मनाते हुए सैकड़ों की संख्या में विजय चौधरी के समर्थक उनके आवास पर मौजूद रहे। विजय चौधरी दो बार नगरपालिका उरई से चेयरमैन रह चुके है और विधानसभा व लोकसभा का भी चुनाव लड़ चुके है, युवाओं में विकास पुरुष के नाम से मशहूर विजय चौधरी बहुत कम उमर में सक्रिय राजनीति में आ गए थे। काशींराम के जन्मदिन पर उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से हर समाज का उत्थान हुआ मगर एक विशेष समाज को उत्थान की अभी और अधिक आवश्यकता है। मान्यवर कांशीराम का स्वप्न था कि हर वर्ग का उत्थान हो और समाज के दबे कुचले तबके पर कोई अत्याचार न कर सके। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके जीवन एवं कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि उनके बताए रास्ते पर चलते हुए समतामूलक समाज की स्थापना करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय चौधरी ने कहा कि उन्होंने बसपा बनाकर हर वर्ग एवं जातिविहीन समाज का सपना देखा था, जो धीरे-धीरे साकार हो रहा है। समतामूलक समाज बनाकर भाईचारा पैदा कर देश को पुन: सोने की चिड़िया बनाना है।

# चित्रकूट व अतर्रा में बाईपास बन जाने से मिलेगी पर्यटन विकास को रफ्तार : पटेल

**चित्रकूट।** केंद्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री जनरल विजय कुमार सिंह ने लोकसभा में बीती 16 फरवरी को शून्यकाल के दौरान बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल द्वारा उठाये गये चित्रकूट व अतर्रा बाईपास के मुददे का जवाब दिया है। केंद्रीय मंत्री ने बताया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग खंड लोक निर्माण विभाग प्रयागराज द्वारा बाईपास के लिए डीपीआर तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही अतर्रा बाईपास बनाने की योजना को वित्तीय वर्ष 2023-24 की योजना में सम्मिलित किया जा रहा है।



बुद्धवार को बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने केंद्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री जनरल विजय कुमार सिंह द्वारा 16फरवरी को शून्यकाल के दौरान लोकसभा में उठाये गये चित्रकूट व अतर्रा बाईपास के मुददे पर दिये गये जवाब को हवाला देते हुए बताया कि चित्रकूट व अतर्रा में जल्द ही बाईपास का निर्माण शुरू होगा। बताया कि केंद्रीय मंत्री ने दिये गये जवाब में बताया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित चित्रकूट बाईपास के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग खंड लोक निर्माण विभाग प्रयागराज द्वारा डीपीआर तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग -35 पर स्थित अतर्रा शहरी क्षेत्र में बाईपास बनाने की योजना को वित्तीय वर्ष 22023-24 में सम्मिलित किये जाने का प्रावधान किया जा रहा है। उन्होने बताया कि चित्रकूट व अतर्रा बाईपास का निर्माण हो जाने के बाद क्षेत्रवासियों के साथ-साथ देश भर से चित्रकूट आने वाले तीर्थयात्रियों को जाम की समस्या से निजात मिल जायेगी।

# राष्ट्र के विकास में वैश्य समाज का सर्वाधिक योगदान : डॉ. सुमंत

**संवाददाता।** जालौन, उरई



**राष्ट्र** के विकास में राजस्व के माध्यम से सर्वाधिक योगदान वैश्य समाज देता है। रोजगार के साधन भी प्राथमिकता के आधार पर मुहैया कराता है। फिर भी राजनैतिक क्षेत्र में सर्वाधिक उपेक्षित होने के चलते इसी वर्ग का आर्थिक शोषण व उत्पीड़न किया जाता है, इसे बदलना होगा। यह बात अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुमंत गुप्ता ने नगर आगमन पर व्यापारियों साथ बैठक के दौरान कही।

अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नगर में नटराज टॉकीज परिसर में व्यापारियों के साथ बैठक के दौरान कहा कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में घरेलू व्यापार का योगदान 70 फीसदी है। खुदरा व्यापार भारत का सबसे बड़ा निजी उद्योग है। लेकिन विदेशी कंपनियां आकर स्थानीय खुदरा व्यापारियों को चोट पहुंचा रही हैं। इसे सहन नहीं किया जाएगा। इसके अलावा वैश्य में समाज में जो उपवर्ग हैं उन्हें पिछले वर्ग में सम्मिलित कराने के लिए पत्रावालियां प्रदेश सरकार के पास लंबित पड़ी हैं। वैश्य समाज के हित में उनकी संस्तुति की मांग की जा रही है। इसको लेकर 18 व 19 मार्च को बांदा में राष्ट्रीय एवं प्रांतीय कार्यकर्ता सम्मेलन किया जा रहा है। जिसमें इसके अलावा उन्होंने व्यापारियों के हितार्थ जीएसटी प्रणाली में पेनाल्टी के साथ सजा का विरोध करते हुए कहा कि जब पेनाल्टी लगाई जा रही है तो सजा के प्रावधान को समाप्त किया जाए। 65 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके व्यापारियों को वृद्धावस्था पेंशन शुरू कराने, फूड एंड सेफ्टी स्टैंडर्ड एक्ट के तहत उत्पाद बेचने वाले व निर्माता दोनों को पार्टी बनाया जाता है, ऐसे में मात्र निर्माता को ही जिम्मेदार मानकर उस पर केस चलाने, विद्युत विभाग की लापरवाही से व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर आगजनी से होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति विभाग से संबंधित व्यापारी को दिलाने एवं जनपद की सीमा के अंतर्गत आने वाले पौराणिक व ऐतिहासिक महत्व के मंदिरों को निकाय टैक्स व विद्युत शुल्क से मुक्त किए जाने की भी परिषद कर रही है। व्यापारियों का हित सर्वोपरि रहेगा, इसमें सभी व्यापारियों को भी साथ देना होगा।

# वैश्य एकता परिषद का होली मिलन कार्यक्रम सम्पन्न

**राठ,** हमीरपुर। कस्बे के पनवाड़ी मार्ग स्थित मां वैष्णों गार्डन में अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद द्वारा होली मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.सुमन्त गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान मुख्य अतिथि नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सभी कार्यकर्ता संगठन को मजबूती की ओर ले जाए। इसके बाद जिलाध्यक्ष बृजेंद्र कुमार सोनी भोले, जिला महासचिव बृजेश कुमार गुप्ता, जिला सचिव राजेंद्र सर्राफ जिला कोषाध्यक्ष पंकज सोनी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास साहू, जिला मीडिया प्रभारी वीर धनंजय चौरसिया सहित जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जिला महामंत्री, जिला संयुक्त मंत्री, संगठन मंत्री जिला मंत्री, जिला सह कोषाध्यक्ष, प्रचार मंत्री के पद पर मनोनीत किया गया। इस मौके पर अन्य कइ पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# दुष्कर्म की धारा बढ़ाने के लिए एसपी से लगायी पीड़ित महिला ने गुहार

**फर्रुखाबाद।** थाना पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमे में दुष्कर्म की धारा न बढ़ाए जाने के कारण थाना मऊदरवाजा के मोहगा तलैया साहब जादगान बजरिया फील्ड निवासी स्वर्गीय कमलेश सैनी की पत्नी सुषमा देवी काफ ी थाना मऊदरवाजा पुलिस की कार्यप्रणाली से काफी आहत है। सुषमा ने आज पुत्री एवं बेटे गौरव के साथ पुलिस अधीक्षक से भेंट कर एसपी को शपथ पत्र के साथ ही प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है कि मेरे द्वारा दर्ज कराये गये मुकदमे में दुष्कर्म की धारा बढ़ाई जाए। पीड़ित महिला ने एसपी को अवगत कराया कि 7 मार्च की रात 1:30 बजे मैं घर में अकेली सो रही थी। मेरे पुत्र दोनों पुत्र रंजीत उर्फचंदन व गौरव डीजे पर होली का उत्सव मना रहे थे। उसी दौरान मोहगे का रफ्फन पुत्र यूसुफ कुरैशी चुपके से घर में घुस आया। उसने मुझे सोते समय दबोच लिया और मेरे साथ जबरन बुरा काम किया। विरोध करने पर रफ्फन ने मुझे बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया था। जिसके कारण मैं बेहोश हो गई थी मैं बुरी तरह चीखती रही लेकिन डीजे के शोर के कारण मेरी आवाज सुनाई नहीं पड़ी। रात में ही मुझे एंबुलेंस से लोहिया अस्पताल ले जाया गया और वहां से बेहतर इलाज के लिए सैफई रेफर किया गया। सैफई अस्पताल में उचित देखभाल न होने के कारण मेरे पुत्रों ने मुझे डॉ हरिदत्त द्विवेदी के अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल से जब मैं घर पहुंची तब अपने बेटों को पूरी घटना की जानकारी दी।

पीड़ित महिला ने बताया कि पुलिस ने मामले को दबाने का प्रयास कर रही है । खबर मीडिया में उछलने के कारण पुलिस ने बीते दिनों महिला का डॉक्टरी परीक्षण भी कराया है। देखना है कि पुलिस का मुकदमे में दुष्कर्म की धारा कब बढ़ाती है। नगर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने भी इस मामले पर नजर बनाए हैं।

# इमरान खान को पकड़ने पहुंचे पाक रेंजर्स पीछे हटे

**भाषा।** लाहौर (पाकिस्तान)

**भ्रष्टाचार** के मामले में पाकिस्तान के अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान को गिरफ्तार करने के लिए, यहां उनके आवास को घेरे खड़े पाक रेंजर्स और पुलिसकर्मियों ने बुधवार को पीछे हटना शुरू कर दिया जिससे खान के समर्थकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई।

सूत्रों के हवाले से जियो न्यूज ने बताया कि पुलिस, पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) आठ क्रिकेट मैच जारी रहने तक खान के जमान पार्क स्थित आवास की ओर नहीं बढ़ेगी, जिसमें विदेशी खिलाड़ी भी खेल रहे हैं। पुलिस और अन्य सुरक्षा अधिकारियों को जमान पार्क से जाते देखा गया जिसके बाद खान के समर्थकों ने जश्न मनाया और रेंजर्स का पीछा करते हुए नारे लगाए। इसके तुरंत बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष खान गैस मास्क लगाए अपने आवास से बाहर निकले और पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

पार्टी ने एक ट्वीट में कहा कि जमान पार्क में और कार्यकर्ता पहुंच रहे हैं और पार्टी ने गठबंधन सरकार के नापाक मंसूबों को कामयाब नहीं होने देने का संकल्प लिया। इससे पहले दिन में प्रशासन ने खान के आवास के बाहर रेंजर्स को तैनात किया था। इससे एक दिन पहले खान के समर्थकों और पुलिस के बीच झड़प में 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे जिसमें 54 पुलिसकर्मी थे। घायलों को लाहौर के अस्पताल में भर्ती किया गया है और पुलिस ने खान के कई समर्थकों को हिरासत में लिया है। अस्पताल के सूत्रों के हवाले से जियो न्यूज ने बताया कि मंगलवार दोपहर से जारी झड़पों में कम से कम 54 पुलिसकर्मी और आठ आम नागरिक घायल हुए हैं। खान के समर्थक रात भर पुलिस से बार-बार भिड़ते रहे। अपने नेता को गिरफ्तार किए जाने से रोकने के दौरान खान के समर्थकों और पुलिस के बीच हुई झड़प के बाद लाहौर के जमान पार्क इलाके में किसी युद्ध के मैदान जैसा मंजर था, जहां सड़कों पर आंसू गैस के गोले, जले हुए टायर और वाहनों का मलबा बिखरा पड़ा नजर आ रहा है। इस झड़प में दर्जनों पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।



इस हाई प्रोफाइल इलाके में स्थित अपने आवास में बुधवार को खान नजरबंद रहे, वहीं सरकार ने पुलिसकर्मियों की मदद के लिए रेंजर्स को भेजा क्योंकि खान को गिरफ्तार करने आई पुलिस की टीम पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ताओं के साथ झड़प के बाद उन्हें पकड़ने के लिए मशक्कत करती दिखी। पीटीआई कार्यकर्ता और पुलिस के बीच मंगलवार को लाहौर के जमान पार्क इलाके में झड़प हुई। तोशाखाना मामले में गैर-जमानती वारंट जारी होने के बाद इस्लामाबाद पुलिस बख्तरबंद वाहनों के साथ पीटीआई प्रमुख खान को लाहौर स्थित उनके घर से गिरफ्तार करने के लिए पहुंची थी। खान (70) पर प्रधानमंत्री रहने के दौरान मिले उपहारों को तोशाखाना से कम दाम पर खरीदने और मुनाफे के लिए बेचने के आरोप हैं। 1974 में स्थापित तोशाखाना कैबिनेट डिवीजन के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक विभाग है और अन्य सरकारों और राज्यों के प्रमुखों और विदेशी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा शासकों, सांसदों, नौकरशाहों और अधिकारियों को दिए गए कीमती उपहारों को संग्रहित करता है।

## इमरान के आवास के बाहर पुलिस कार्रवाई पर आज तक रोक



**लाहौर।** पाकिस्तान की एक अदालत ने बुधवार को इमरान खान को अस्थाई राहत प्रदान करते हुए उनके आवास के बाहर पुलिस को बृहस्पतिवार तक कार्रवाई रोकने का आदेश दिया। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने मंगलवार को लाहौर उच्च न्यायालय में पुलिस कार्रवाई को चुनौती दी थी और अदालत से सरकार को इसे समाप्त करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। पीटीआई नेता फवाद चौधरी की ओर से दायर याचिका पर लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) द्वारा पंजाब के महानिरीक्षक, मुख्य सचिव और इस्लामाबाद पुलिस (अभियान) प्रमुख को तलब किए जाने के बाद बुधवार को पुलिस ने अभियान रोक दिया। फवाद चौधरी ने अदालत से लाहौर के जमान पार्क स्थित इमरान खान के आवास के बाहर पुलिस अभियान रोकने का आदेश देने की मांग की थी। लाहौर उच्च न्यायालय के एक अधिकारी ने कहा, पंजाब प्रांत के पुलिस महानिरीक्षक डॉ उस्मान अनवर अदालत के सामने पेश हुए और कहा कि पुलिस को यह अभियान शुरू करना पड़ा क्योंकि इस्लामाबाद पुलिस तोशाखाना उपहार मामले में इमरान खान की गिरफ्तारी का वारंट लाई थी। हमें इस आदेश को कानून के तहत लागू करना था। उन्होंने कहा कि पीटीआई कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में करीब 59 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

# बाइडन ने बंदूक के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने के लिए कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए

**एपी।** मॉन्टेरी पार्क (अमेरिका)



**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन ने बंदूक के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने संबंधी एक नए कार्यकारी आदेश पर मंगलवार को हस्ताक्षर किए। इस आदेश के तहत बंदूक की बिक्री के दौरान की जाने वाली पृष्ठभूमि जांच को बेहतर बनाया जाएगा।

बाइडन ने इस आदेश के जरिए मंत्रिमंडल को बंदूक हिंसा से जूझ रहे समुदायों के समर्थन के लिए एक बेहतर सरकारी व्यवस्था बनाने का निर्देश दिया है। नए आदेश में शोक और आघात का सामना करने वालों को अधिक मानसिक स्वास्थ्य सहायता, पीड़ितों और लंबी पुलिस जांच प्रक्रिया के दौरान बंद होने वाले कारोबारों को वित्तीय मदद प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड को संघीय लाइसेंस प्राप्त बंदूक कारोबारियों के लिए नियम बनाने का निर्देश दिया।


CSB Bank

PUBLIC NOTICE ON AUCTION OF PLEDGED GOLD ORNAMENTS

The borrower/s in specific and interested bidders in general are hereby informed that on account of non-repayment of Bank's dues by the borrowers as under despite the payment notice and recall/auction notice issued by the Bank, the gold ornaments pledged with the bank as security by the respective borrowers for th loans availed by them will be sold in public auction on "as is where is" and "non- recourse" basis through e-auction portal htto://csbgold.auctiontiger.net on 23rd March, 2023 at 12:30 noon. The auction may be adjourned to any other later date at the discretion of the bank upon publication of the same in the Bank's notice board. The borrowers are hereby further informed that the gold ornaments will be disposed off by private sale if the public auction is not successful and if there is a further balance to be recovered thereafter, legal action will be initiated against the borrower/s for recovery of the balance amounts due to the bank.

| SL No. | Branch Name | Account Number | Account Name | Net Weight (In Gms) | Total Balance as on 12.03.2023 (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ASHOK VIHAR - DELHI | 0283-00592273-000012 | Meena | 337.50 | 10,82,540.29 |
| 2 | ASHOK VIHAR - DELHI | 0283-03341532-000012 | Megha | 36.00 | 1,25,304.00 |
| 3 | ASHOK VIHAR - DELHI | 0283-04247314-000002 | Anand | 51.30 | 1,63,713.27 |
| 4 | Dilshad Garden | 0586-04401074-000002 | Nasima | 5.50 | 15,812.99 |
| 5 | DILSHAD GARDEN | 0586-04522636-000001 | Mohd | 4.22 | 10,889.99 |
| 6 | FARIDABAD | 0300-03609838-000003 | Bachchu | 30.60 | 98,831.25 |
| 7 | FARIDABAD | 0300-03853757-000009 | Rajeev | 31.71 | 1,07,779.54 |
| 8 | FARIDABAD | 0300-04053605-000009 | Premlata | 12.00 | 15,989.94 |
| 9 | FARIDABAD | 0300-04067460-000008 | Ayyub | 5.00 | 15,956.62 |
| 10 | FARIDABAD | 0300-04151774-000007 | Raj | 18.00 | 61,977.69 |
| 11 | FARIDABAD | 0300-04339430-000002 | Laxman | 14.30 | 40,563.50 |
| 12 | FARIDABAD | 0300-04531447-000001 | Rajeev | 44.90 | 1,54,200.71 |
| 13 | FARIDABAD | 0300-04537397-000001 | Satyam | 25.65 | 83,380.06 |
| 14 | Gautam Nagar | 0322-04211197-000006 | Anjali | 9.45 | 34,818.67 |
| 15 | Gautam Nagar | 0322-04469397-000001 | Sumit | 45.67 | 1,61,965.29 |
| 16 | Gautam Nagar | 0322-04469397-000002 | Sumit | 35.46 | 1,28,022.70 |
| 17 | Gautam Nagar | 0322-04211197-000007 | Anjali | 39.13 | 1,39,242.68 |
| 18 | Gautam Nagar | 0322-04071729-000016 | Vikas | 10.36 | 35,504.09 |
| 19 | GAUTHAM NAGAR | 0322-04046494-000005 | Ruchi | 38.80 | 1,37,425.35 |
| 20 | GAUTHAM NAGAR | 0322-04046494-000006 | Ruchi | 42.00 | 1,49,251.46 |
| 21 | GAUTHAM NAGAR | 0322-04320720-000003 | Neema | 12.36 | 43,657.36 |
| 22 | GAUTHAM NAGAR | 0322-04083459-000010 | Geeta | 61.03 | 2,16,790.28 |
| 23 | GAUTHAM NAGAR | 0322-04352630-000002 | Sharad | 27.00 | 90,465.20 |
| 24 | GAUTHAM NAGAR | 0322-03939512-000006 | Suraj | 19.55 | 71,615.97 |
| 25 | GAUTHAM NAGAR | 0322-07148229-000002 | Sunita | 9.18 | 20,670.79 |
| 26 | GAUTHAM NAGAR | 0322-04223144-000003 | Akash | 18.13 | 54,851.96 |
| 27 | GAUTHAM NAGAR | 0322-04334164-000002 | Sonu | 5.53 | 19,222.94 |
| 28 | GAUTHAM NAGAR | 0322-03364237-000003 | Aman | 29.00 | 1,03,843.66 |
| 29 | GAUTHAM NAGAR | 0322-04487426-000001 | Amar | 6.76 | 24,155.41 |
| 30 | GAUTHAM NAGAR | 0322-04489571-000001 | Rajesh | 5.61 | 18,016.02 |
| 31 | GAUTHAM NAGAR | 0322-04148596-000005 | Premwati | 43.30 | 1,41,226.54 |
| 32 | Ghaziabad | 0383-04049373-000004 | Jishan | 20.70 | 61,351.46 |
| 33 | Ghaziabad | 0383-04041017-000006 | Amit Sachdeva | 28.00 | 91,368.07 |
| 34 | Ghaziabad | 0383-07509568-000001 | Sonu | 107.20 | 3,38,030.41 |
| 35 | Ghaziabad | 0383-04060709-000006 | Rohit Kumar | 62.70 | 2,00,394.00 |
| 36 | Ghaziabad | 0383-04296649-000005 | Amit Kumar | 14.30 | 41,641.50 |
| 37 | Ghaziabad | 0383-07274897-000003 | Rahul | 170.60 | 5,50,562.00 |
| 38 | Ghaziabad | 0383-04463292-000002 | Nadeem | 24.10 | 75,417.09 |
| 39 | Ghaziabad | 0383-04019548-000004 | Hayat | 20.90 | 69,067.59 |
| 40 | Ghaziabad | 0383-04019548-000005 | Hayat | 17.20 | 51,302.00 |
| 41 | Ghaziabad | 0383-04296649-000007 | Amit Kumar | 17.40 | 51,585.96 |
| 42 | GHAZIABAD | 0383-04476345-000001 | Mukesh | 18.00 | 57,381.23 |
| 43 | GHAZIABAD | 0383-04262226-000005 | Arvind | 26.50 | 81,498.05 |
| 44 | GHAZIABAD | 0383-04121302-000004 | Prashant Kapasiya | 71.30 | 2,23,067.87 |
| 45 | GHAZIABAD | 0383-04235910-000004 | Manoj Nagar | 54.20 | 1,84,826.31 |
| 46 | GHAZIABAD | 0383-04121033-000006 | Ajay Pandey | 212.30 | 7,07,708.15 |
| 47 | GHAZIABAD | 0383-04011817-000013 | Shoyab | 84.80 | 2,53,711.49 |
| 48 | GHAZIABAD | 0383-04100713-000005 | Vaibhav Tiwari | 26.20 | 76,568.94 |
| 49 | GHAZIABAD | 0383-04327656-000003 | Zishan | 12.70 | 35,620.64 |
| 50 | GHAZIABAD | 0383-04340787-000002 | Dinesh | 24.60 | 63,795.23 |
| 51 | GHAZIABAD | 0383-04344168-000002 | Farakat | 4.10 | 11,703.66 |
| 52 | GHAZIABAD | 0383-04400012-000003 | Gaurav | 5.90 | 19,661.84 |
| 53 | GHAZIABAD | 0383-04436561-000001 | Salman | 7.80 | 23,388.74 |
| 54 | GHAZIABAD | 0383-04449298-000002 | Ravindra | 11.10 | 34,883.43 |
| 55 | GHAZIABAD | 0383-04452916-000005 | Abdul | 8.60 | 24,386.02 |
| 56 | GHAZIABAD | 0383-07249850-000003 | Rinku | 8.30 | 25,551.18 |
| 57 | GHAZIABAD | 0383-04224864-000004 | Shyam | 11.50 | 36,692.29 |
| 58 | GHAZIABAD | 0383-03787276-000010 | Lalit | 246.50 | 7,01,951.21 |
| 59 | Greater Kailash - Ii | 0296-04135560-000005 | Vandana Puri | 226.03 | 7,11,393.00 |
| 60 | GREATER KAILASH II | 0296-07060099-000010 | Mohd Abid | 33.00 | 1,03,197.56 |
| 61 | GREATER KAILASH II | 0296-03450700-000003 | Mahender | 19.40 | 61,379.55 |
| 62 | GREATER KAILASH II | 0296-03991298-000022 | Jitender | 15.43 | 52,805.63 |
| 63 | GREATER KAILASH II | 0296-04280822-000014 | Sabina | 9.00 | 29,618.68 |
| 64 | Gurgaon | 0316-04317516-000002 | Om Regmi | 35.24 | 1,30,695.94 |
| 65 | Gurgaon | 0316-04092287-000012 | Shri Bhagwan | 108.43 | 3,75,576.77 |
| 66 | GURGAON | 0316-04057580-000002 | Premod | 126.82 | 3,83,809.00 |
| 67 | GURGAON | 0316-04543164-000001 | Amit | 18.90 | 66,961.00 |
| 68 | GURGAON | 0316-00523287-000009 | Virender Kumar | 242.17 | 7,08,021.31 |
| 69 | GURGAON | 0316-04102738-000005 | Abhay | 131.63 | 3,85,162.72 |
| 70 | GURGAON | 0316-04309622-000001 | Dharmender | 57.64 | 1,84,563.71 |
| 71 | GURGAON | 0316-04318617-000002 | Sandipan | 419.66 | 13,59,609.40 |
| 72 | GURGAON | 0316-04347225-000002 | Surender | 29.00 | 85,886.21 |
| 73 | GURGAON | 0316-04358340-000002 | Sandeep | 70.19 | 2,30,130.32 |
| 74 | GURGAON | 0316-04553659-000001 | Soban Singh | 20.45 | 61,507.79 |
| 75 | GURGAON | 0316-04559886-000001 | Roshan Kumar | 132.19 | 4,21,140.61 |
| 76 | GURGAON | 0316-04559900-000001 | Veeir Chaudhary | 299.19 | 9,59,930.03 |
| 77 | GURGAON | 0316-04559903-000001 | Ravi Chauhan | 58.11 | 1,74,735.75 |
| 78 | GURGAON | 0316-04559906-000001 | Shubhaankar Chakraborty | 69.33 | 2,35,981.51 |
| 79 | GURGAON | 0316-04559910-000001 | Surender Singh | 36.00 | 1,14,321.69 |
| 80 | GURGAON | 0316-04559913-000001 | Satender Baisla | 140.42 | 4,47,825.99 |
| 81 | GURGAON | 0316-04559919-000001 | K C Gautam | 35.50 | 1,13,571.29 |
| 82 | GURGAON | 0316-04561146-000001 | Praveen Bhardwaj | 14.36 | 49,473.15 |
| 83 | GURGAON | 0316-04561152-000001 | Anirudh Joshi | 192.47 | 6,42,049.72 |
| 84 | GURGAON | 0316-04561155-000001 | Amrita Raza | 163.58 | 5,51,648.51 |
| 85 | GURGAON | 0316-04561157-000001 | Shivam Yadav | 88.20 | 2,90,705.63 |
| 86 | GURGAON | 0316-04561162-000001 | Balbir Singh | 139.60 | 4,57,027.36 |
| 87 | GURGAON | 0316-04561166-000001 | Vivek Basoya | 83.80 | 2,74,077.43 |
| 88 | JANAKPURI | 0469-04343995-000002 | Pintu | 24.28 | 88,729.56 |
| 89 | Karol Bagh | 0458-04200370-000003 | Geeta | 227.35 | 7,82,574.12 |
| 90 | KRISHNA NAGAR | 0633-07493009-000001 | Sourabh Kumar | 814.51 | 29,22,314.63 |
| 91 | KRISHNA NAGAR - NEWDELHI | 0633-07285824-000001 | Satendra | 304.50 | 10,20,636.78 |
| 92 | KRISHNA NAGAR - NEWDELHI | 0633-07509563-000001 | Shekhar | 213.82 | 7,17,336.64 |
| 93 | KRISHNA NAGAR - NEWDELHI | 0633-07540458-000001 | Aayush | 76.60 | 2,64,595.05 |
| 94 | Mayur Vihar | 0578-04533796-000001 | Sunil | 4.70 | 13,935.85 |
| 95 | NEW DELHI | 0205-04201720-000005 | Manoj | 100.94 | 3,48,321.47 |
| 96 | NEW DELHI | 0205-04231023-000003 | Abhay | 3.40 | 9,673.07 |
| 97 | NOIDA | 0297-07291552-000003 | Chandra | 32.50 | 1,17,089.10 |
| 98 | NOIDA | 0297-04400937-000001 | Deva | 12.05 | 37,475.78 |
| 99 | NOIDA | 0297-04062815-000008 | Pravesh | 8.00 | 24,868.18 |
| 100 | NOIDA | 0297-04099227-000005 | Jasmeet | 18.00 | 49,028.69 |
| 101 | NOIDA | 0297-07456668-000002 | Sonu | 174.80 | 5,40,710.55 |
| 102 | OKHLA | 0498-04427754-000002 | Kali | 20.40 | 69,171.40 |
| 103 | OKHLA | 0498-04363995-000002 | Lakshman | 27.82 | 99,223.10 |
| 104 | OKHLA | 0498-04278813-000004 | Raj | 18.60 | 55,900.10 |
| 105 | OKHLA | 0498-04543667-000001 | Akshit | 8.41 | 30,206.00 |
| 106 | OKHLA | 0498-04295347-000014 | Rkd Financial Service Ltd | 10.94 | 37,194.63 |
| 107 | OKHLA | 0498-04295347-000013 | Rkd Financial Service Ltd | 90.63 | 3,14,756.38 |
| 108 | OKHLA | 0498-04295347-000012 | Rkd Financial Service Ltd | 199.85 | 7,00,345.60 |
| 109 | OKHLA | 0498-04350232-000002 | Nirdosh | 40.06 | 1,46,188.32 |
| 110 | OKHLA | 0498-04387564-000002 | Virender | 2.87 | 10,565.34 |
| 111 | OKHLA | 0498-04392269-000003 | Muneer | 5.50 | 17,178.22 |
| 112 | OKHLA | 0498-04212816-000009 | Subhash | 19.28 | 66,899.31 |
| 113 | Palam | 0459-04315361-000002 | Yogesh | 11.16 | 39,766.48 |
| 114 | Palam | 0459-04482563-000001 | Maddileti | 30.82 | 1,07,783.81 |
| 115 | Palam | 0459-04234997-000003 | Naveen | 2.80 | 9,312.48 |
| 116 | Palam | 0459-04234997-000007 | Naveen | 2.61 | 9,123.67 |
| 117 | Palam | 0459-04291092-000232 | Johal Investment Limited | 2.70 | 9,571.48 |
| 118 | Palam | 0459-04291092-000233 | Johal Investment Limited | 8.50 | 29,974.97 |
| 119 | Rohini | 0483-04317271-000009 | Ashish | 64.70 | 2,19,536.45 |
| 120 | Rohini | 0483-04317271-000010 | Neha | 46.08 | 1,48,273.78 |
| 121 | Rohini | 0483-04317271-000011 | Geeta | 10.10 | 25,896.74 |
| 122 | Shalimar Bagh | 0493-04442168-000003 | Hitesh | 22.00 | 73,804.59 |
| 123 | Shalimar Bagh | 0493-04442168-000004 | Hitesh | 5.68 | 20,221.24 |
| 124 | Shalimar Bagh | 0493-04537552-000001 | Harsh | 10.00 | 35,637.26 |
| 125 | Shalimar Bagh | 0493-04442168-000005 | Hitesh | 20.73 | 73,705.78 |
| 126 | Shalimar Bagh | 0493-04442168-000006 | Hitesh | 133.45 | 5,52,166.98 |
| 127 | Shalimar Bagh | 0493-04482718-000001 | Rajesh | 22.64 | 60,383.08 |
| 128 | Shalimar Bagh | 0493-04416339-000001 | Varun | 12.15 | 42,663.50 |
| 129 | Shalimar Bagh | 0493-07533110-000005 | Charanjit | 10.50 | 34,930.57 |
| 130 | TRI NAGAR DELHI | 0638-04461518-000004 | Chanderan | 10.18 | 33,731.64 |

For more details/account wise information borrowers/interested bidders may contact respective branches and for participating in the auction, please visit/login to the e-auction portal **http://csbgold.auctiontiger.net**

Delhi NCR I 16 March, 2023

**Authorised Officer**
**CSB Bank**


## नासा के वेब टेलीस्कोप ने मृत्यु के कगार पर पहुंचे तारे की तस्वीरें खींचीं

**केप केनावरल (अमेरिका)।** द वेब स्पेस टेलीस्कोप ने दम तोड़ने कगार पर पहुंचे एक तारे के दुर्लभ और क्षणिक चरण को कैद किया है। नासा ने मंगलवार को इसकी तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों में तारों के बीच धूल और गैस जैसी चीजें उड़ती दिख रही हैं। मृत्यु के कगार पर पहुंचे तारे का आधिकारिक नाम डब्ल्यूआर-124 है। यह सूर्य से लगभग 30 गुणा विशाल था। परियोजना में शामिल यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी की वैज्ञानिक मैकारेना गार्सिया मारिन ने कहा, हमने इससे पहले कभी ऐसा नहीं देखा। यह वास्तव में रोमांचक है। द वेब स्पेस टेलीस्कोप 2021 के अंत में स्थापित की गई थी, जिसके बाद से यह उसका पहला प्रेक्षण है।

# भारत ने एससीओ बैठक के लिए पाक के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ को निमंत्रण भेजा

**भाषा।** इस्लामाबाद

**भारत** ने अगले महीने दिल्ली में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की होने वाली बैठक के लिए पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ को निमंत्रण भेजा है। मीडिया में बुधवार को प्रकाशित खबरों में यह जानकारी दी गई। इस समय भारत के पास एससीओ की अध्यक्षता है जिसमें चीन, भारत, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, पाकिस्तान, तजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान सदस्य हैं। एससीओ अध्यक्ष होने के नाते भारत को बैठकों की श्रृंखला की मेजबानी करनी है। राजनयिक सूत्रों ने द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार को



बताया कि भारत सरकार ने मंगलवार को आधिकारिक रूप से पाकिस्तान के विदेश विभाग से निमंत्रण (पत्र) साझा किया। पाकिस्तानी मीडिया में प्रकाशित खबर की अबतक भारत ने पुष्टि नहीं की है। खबर में दावा किया गया है कि भारत ने इससे पहले पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल को आमंत्रित किया था और एसीओ विदेश मंत्रियों की बैठक का निमंत्रण भी साझा किया था। खबर के मुताबिक पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश हालांकि, एससीओ मुख्य न्यायाधीश की बैठक में शामिल नहीं हुए और उनकी जगह पर न्यायमूर्ति मुनीब अख्तर ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए हाल में संपन्न उक्त बैठक में हिस्सा लिया। गौरतलब है कि एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक मई में गोवा में होनी है जबकि रक्षामंत्रियों की बैठक अप्रैल में नई दिल्ली में होगी। पाकिस्तान सरकार ने कहा कि उसने अबतक विदेशमंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी या रक्षामंत्री आसिफ के भारत में होने वाली बैठकों में शामिल होने को लेकर फैसला नहीं लिया गया है।

## ऑस्ट्रिया की पुलिस ने विएना के गिरजाघरों पर आतंकवादी हमले की आशंका जताई

**विएना।** ऑस्ट्रिया की पुलिस ने देश के खुफिया विभाग को मिली सूचनाओं के आधार पर बुधवार को कहा कि विएना में स्थित गिरजाघरों पर इस्लामी चरमपंथ से प्रेरित हमले का खतरा है।

विएना की पुलिस ने ट्वीट किया है कि उन्होंने गिरजाघरों सहित कई भवनों की सुरक्षा कड़ी कर दी है और राजधानी में अधिकारियों की संख्या बढ़ा दी है। विएना पुलिस ने ट्वीट किया है, गिरजाघरों के खिलाफ सामान्य हमले का खतरा है। पुलिस ने लिखा है, अगर किसी तय जगह पर खतरे की पुष्टि होती है तो विएना पुलिस तत्काल सभी उपलब्ध माध्यमों से चेतावनी जारी करेगी। वहीं, वियना आर्कडायोसिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि कैथोलिक गिरजाघर भयभीत नजर नहीं आते पड़ते हैं। माइकल प्रूएलर ने कहा, हमें पुलिस द्वारा सामान्य खतरे के बारे में सूचित किया गया था। साथ ही हमें यह भी बताया गया था कि कैथोलिक के लिए कोई आसन्न खतरा नहीं है। इसलिए हमने गिरजाघरों को जनता के लिए खुला रखने का फैसला किया।

# कीटिंग ने पनडुब्बी सौदे को इतिहास का सबसे खराब सौदा बताया

**भाषा।** सिडनी

**ऑस्ट्रेलिया** के पूर्व प्रधानमंत्री पॉल कीटिंग ने अमेरिका से परमाणु संचालित पनडुब्बियों को खरीदकर अपने देश के बेड़े के आधुनिकीकरण की योजना की बुधवार को निंदा की और कहा यह इतिहास का सबसे खराब सौदा होगा।

कीटिंग ने नेशनल प्रेस क्लब के समारोह में कहा कि पनडुब्बियों से सैन्य उद्देश्य की पूर्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा, चीनी केवल ऑस्ट्रेलिया की धरती पर हमला कर सकते हैं या उसे इसकी धमकी दे सकते हैं। कीटिंग ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया किसी भी चीनी बेड़े को विमानों और मिसाइलों से डुबो देगा। उन्होंने कहा कि अगर हम अमेरिका से आठ पनडुब्बी खरीदते हैं तो तीन समुद्र में होंगी। कीटिंग ने कहा, क्या तीनों




वास्तव में चीन की ताकत से हमें बचा पाएंगी? ए बकवास है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सोमवार को सैन डिएगो में ऑस्ट्रेलिया के इस सौदे की घोषणा की थी हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र में चीन के सैन्य निर्माण और दबदबे को लेकर बढ़ती चिंता के बीच यह समझौता हुआ है। बाइडन ने इस बात पर जोर दिया कि पनडुब्बियों में किसी तरह का परमाणु आयुध नहीं होगा। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से क्षेत्र में सबसे बड़े पारंपरिक सैन्य निर्माण से निपटने के लिए सौदा जरूरी है। चीन ने कहा कि मंगलवार को अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन अपने भू राजनीतिक हित के लिए गलत रास्ते पर और आगे निकल गया है। उसने इस करार को ऑकस संधि करार दिया। चीन ने इस संधि पर बुधवार को आपत्ति जताते हुए आरोप लगाया कि तीनों देशों ने समझौते का समर्थन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) को मजबूर किया। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने दैनिक मीडिया संबोधन में कहा, चीन आईएईए के सभी सदस्यों से आह्वान करता है कि वे अंतर सरकारी प्रक्रिया को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करें ताकि अमेरिका-ब्रिटेन-ऑस्ट्रेलिया परमाणु पनडुब्बी सहयोग से सुरक्षा का समाधान निकल सके। गौरतलब है कि कीटिंग 1990 के दशक में चार साल से अधिक समय तक ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री थे।

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने पार्क में बिना चेन टहलाया कुत्ता तो पुलिस ने दिलाई नियमों की याद

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति बिना चेन बांधे अपने कुत्ते के साथ यहां हाइड पार्क घूमने गए तो पुलिस ने उन्हें टोकते हुए नियमों की याद दिलाई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। टिकटॉक पर साझा की गई एक वीडियो क्लिप में सुनक अपने दो साल के लैब्रेडर रिट्रीवर नस्ल के कुत्ते नोवा के साथ द सर्पेंटाइन झील के किनारे घूमते नजर आ रहे हैं। इस क्षेत्र में साफतौर पर लिखा है कि स्थानीय वन्यजीवों को कोई परेशानी न हो, इसलिए कुत्तों को चेन से बांधकर रखा जाए।


THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

Amit Agarwal S/o Sh. Manohar Lal Agarwal R/o J-15, Hauz Khas Enclave, New Delhi-110021. Have changed my name for all purpose in future known as Amit Aggarwal.

PD(90297)C



# सीरिया के राष्ट्रपति बशर असद मॉस्को पहुंचे, पुतिन से करेंगे मुलाकात

**भाषा।** बेरूत

**सीरिया** के राष्ट्रपति बशर असद मंगलवार को रूस पहुंचे, जहां वह राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे। रूस असद का मुख्य समर्थक है और सीरिया में उसका व्यापक प्रभाव है। सीरिया में पिछले 12 साल में विद्रोह के गृह युद्ध में तब्दील होने के बाद हुई घटनाओं में करीब पांच लाख लोग मारे गए हैं और लगभग आधी आबादी विस्थापित हुई है।

रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने क्रेमलिन (रूसी संसद भवन) के हवाले से मंगलवार को पुष्टि की कि पुतिन और असद बुधवार को मुलाकात करेंगे।

बयान के अनुसार, राजनीतिक, व्यापार, आर्थिक तथा मानवीय क्षेत्रों में रूसी-सीरियाई सहयोग को और बढ़ाने के साथ ही सीरिया में और उसके आसपास की स्थिति के व्यापक समाधान की संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी। मॉस्को के वानुकोवो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे



पर पश्चिम एशिया के लिए पुतिन के विशेष प्रतिनिधि मिखाइल बोगदानोव ने असद का स्वागत किया।

रूस तुर्किए और सीरिया के बीच वार्ता में मध्यस्थ की भूमिका निभाता रहा है। एक दशक से अधिक समय से जारी सीरिया के गृहयुद्ध में तुर्किए और सीरिया दोनों का रुख अलग-अलग है। तुर्किए सशस्त्र विपक्षी समूहों का समर्थन करता है, जो उत्तर-पश्चिमी सीरिया में एक उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र को नियंत्रित करते हैं।

रूस ने दिसंबर में सीरिया और तुर्किए के रक्षा मंत्रियों के बीच एक औचक वार्ता की मेजबानी भी की थी। सीरिया ने पिछली गर्मियों से पूर्वी यूक्रेन में रूस नियंत्रित लुहांस्क और दोनेत्स्क को स्वतंत्र एवं संप्रभु क्षेत्रों के रूप में मान्यता दी थी। सीरिया, तुर्किए और रूस के उप विदेश मंत्रियों के साथ-साथ उनके ईरानी समकक्ष के वरिष्ठ सलाहकार भी सीरिया में आतंकवाद रोधी प्रयासों पर बुधवार और बृहस्पतिवार को मॉस्को में चर्चा करेंगे।


PUBLIC NOTICE

My Client Smt. Chand Rani W/o Lt. Sh. Narender Chawla, both R/o H. No. 39, Gali No. 20, Block A - 2, Sant Nagar, Burari, Delhi - 110084 has served all their relations with their son & daughter-in-law namely Vipin Chawla & Neha Chawla and also debar them from their all moveable properties i.e., H. No.3, Gali No. 17, A2 Block, Sant Nagar, Burari, Delhi-84 &H. No.39, Gali No.20, A2 Block, Sant Nagar, Burari, Delhi-84 and other if any and also from immovable properties due to their misconduct. My client shall not be responsible for their acts.

Sd/-
Abhishek (Advocate)
Enrolment No.: 5256/2017 Ch. No.: X- 16A, Civil Wing, Tis Hazari Courts, Delhi
M.No. 9999984794

PUBLIC NOTICE

My Client, Darshan Pal S/o Sh.Ranapal is The Registered Owner of A One Shop No.5 GF Floor Area Measuring 13.70.Sq Mtrs Khasra N0.13mi Sheetal Apartment Mehrolli Ghaziabad Which is Duly Registered Vide Sale Deed Dated- 10.07.2018 Reg No.5253 Sr-V.Ghaziabad. My Client Has Lost Back Chain Sale Deed Dated 29.03.2016 Document No 1558. Abovesaid Property is Going to be Morgaged With IIFL Home Finance Limited. Any Person/Bank/Financial Institution Having Any Claim/Right, Lien, Any Objection Whatsoever in Regard to Above Property, Should Notify The Same to The Undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along With Documentary Evidence Through Registered A/D Within 10 Days From The Date of Publication of This Notice Failing Which Any Claim, Lien or Any Objection Shall be Deemed to be Waived off.

Sd/-
Vishal Mehan, E-713,
Karkardooma Court, Delhi-110092


Public Notice

NOTICE is hereby given that Smt. Tarvinder Kaur & Sh. Ajmer Singh is owner of Entire First Floor Without Roof Rights area measuring 130 Sq., Yds., & Front Half Portion of Second Floor with Roof Rights area measuring 50 Sq. Yds., Built- on Southern Side Portion of Property Bearing No. NA-64 (Old No. NA-29) Out of Khasra No. 21/6 Situated in the area of Village- Khayala New Colony Known as Vishnu Garden, New Delhi- 110018 by way of Sale Deed dated 05.07.2018 Doc. No. 7740. Now, Smt. Tarvinder Kaur & Sh. Ajmer Singh have intending to sell the above said property to Md. Abrar Ahmed and further Md. Abrar Ahmed agreed to create mortgage in respect of the said property in favour of our client IDFC FIRST Bank Limited. Further, if any person, body, individual, institution having any claim, title, interest and /or objection in respect of or against or relating to or touching upon said property or part of the property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title, documents portaining the said property shall communicate the same to the undersigned at below mentioned address within 10 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and or abandoned. Any objections raised after the completion of the 10 days shall not be binding upon the said property or my Client & in case anyone has any objection, the same may be raised within 10 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

# देश में कोरोना संक्रमण के 618 नए मामले

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 618 नए मामले आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,46,91,956 हो गई है। देश में 117 दिन बाद संक्रमण के 600 से अधिक दैनिक मामले सामने आए हैं। वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 4,197 पर पहुंच गई है। देश में पिछले साल 18 नवंबर को संक्रमण के 656 दैनिक मामले सामने आए थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, देश में संक्रमण से पांच और मरीजों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,30,789 हो गई। कर्नाटक तथा महाराष्ट्र में दो-दो और उत्तराखंड में एक



व्यक्ति की संक्रमण से मौत हुई।

भारत में अभी तक कुल 4,41,56,970 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.80 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, देश में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.64 करोड़ खुराक लगाई जा चुकी हैं। भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। चार मई 2021 को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। पिछले साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

# पिछले 5 साल में आईआईटी, एनआईटी व आईआईएम में 55 छात्रों ने आत्महत्या की

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि 2018 से 2022 के दौरान पांच साल में आईआईटी, एनआईटी और आईआईएम जैसे प्रमुख शिक्षण संस्थानों में 55 छात्रों ने आत्महत्या कर ली। शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में विगत पांच वर्षों में छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने के 55 मामले सामने आए।

उन्होंने बताया कि 2018 में ऐसी घटनाओं की संख्या 11 रही जबकि 2019 में 16अ 2020 में पांचअ 2021 में सात और 2022 में 16 छात्रों ने आत्महत्या कर ली। सरकार ने बताया कि 2023 में अब तक ऐसे छह मामले सामने आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि यूजीसी ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा तैयार की गई राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम कार्ययोजना को लागू किया है। मंत्रालय ने शैक्षणिक तनाव को कम करने के लिए छात्रों हेतु साथियों की सहायता से सीखना, क्षेत्रीय भाषाओं में तकनीकी शिक्षा की शुरुआत जैसे कई कदम उठाए हैं। इसके अलावा, भारत सरकार की पहल मनोदर्पण में अनेक गतिविधियां शामिल हैं ताकि छात्रों, शिक्षकों और परिवारों को मानसिक और भावनात्मक कल्याण के लिए कोविड महामारी के प्रकोप के दौरान और उसके बाद मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की जा सके। मंत्रालय ने संस्थानों को इस प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने की भी सलाह दी है जिसमें आत्महत्या के संभावित कारणों को दूर करने के लिए रोकथाम, उनका पता लगाने और उपचारात्मक उपाय शामिल होंगे।

# व्यापार घाटा कम होकर 17.43 अरब डॉलर पर

**भाषा।** नई दिल्ली

## ● फरवरी में लगातार तीसरे महीने निर्यात घटा

**वैश्विक मांग** में नरमी के कारण देश का निर्यात फरवरी में 8.8 प्रतिशत घटकर 33.88 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल इसी महीने में 37.15 अरब डॉलर था। हालांकि, फरवरी में देश का व्यापार घाटा कम होकर 17.43 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य मंत्रालय के बुधवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। देश के निर्यात में लगातार तीसरे महीने गिरावट हुई है। समीक्षाधीन अवधि में आयात भी 8.21 प्रतिशत घटकर 51.31 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल इसी महीने में 55.9 अरब डॉलर था।

चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-फरवरी के दौरान देश का कुल वस्तु निर्यात 7.5 प्रतिशत बढ़कर 405.94 अरब डॉलर रहा। इस दौरान आयात 18.82 प्रतिशत बढ़कर 653.47 अरब डॉलर हो गया। दिसंबर 2022 में देश का निर्यात सालाना आधार पर 6.58 प्रतिशत घटकर 32.91 अरब डॉलर रह गया था। फरवरी 2022 में व्यापार घाटा 18.75 अरब डॉलर था। जनवरी 2022 में व्यापार घाटा 17.42 अरब डॉलर को छू गया था। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि अभी तक के रुझानों को देखते हुए भारत का माल एवं सेवा निर्यात 2022-23 में 750 अरब डॉलर को पार कर जाएगा।

बर्थवाल ने यहां संवाददाताओं से कहा, हमने विपरीत वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद गति बनाए रखी है। निर्यातकों ने गति बनाए रखी है। सेवा निर्यात का प्रदर्शन बहुत अच्छा है। व्यापार घाटा वास्तव में कम हुआ है। उम्मीद है कि हम बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने अगले वित्त वर्ष के लिए लक्ष्य तय करने की कवायद शुरू कर दी है। चालू वित्त वर्ष के 11 महीनों के दौरान निर्यात के लिहाज से नकारात्मक वृद्धि दर्ज करने वाले क्षेत्रों में इंजीनियरिंग सामान, रत्न और आभूषण, सूती धागे कपड़े और प्लास्टिक शामिल हैं।

अप्रैल-फरवरी 2022-23 के दौरान इंजीनियरिंग निर्यात घटकर 98.86 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 101.15 अरब डॉलर था। रत्न और आभूषण निर्यात अप्रैल-फरवरी 2022-23 के दौरान घटकर 35.21 अरब डॉलर रह गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 35.32 अरब डॉलर था। सकारात्मक वृद्धि दर्ज करने वाले क्षेत्रों में पेट्रोलियम उत्पाद, रसायन, औषधि, इलेक्ट्रॉनिक सामान, चावल और तैयार वस्त्र शामिल हैं। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-फरवरी के दौरान सोने का आयात घटकर 31.72 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल इसी अवधि में 45.12 अरब डॉलर था। चालू वित्त वर्ष के 11 महीनों में कच्चे तेल का आयात बढ़कर 193.47 अरब डॉलर हो गया, जो 2021-22 की समान अवधि में 140.67 अरब डॉलर था।

# अजित पवार ने संविदा पर भर्ती का प्रस्ताव वापस लेने की मांग की

**भाषा।** मुंबई


**महाराष्ट्र विधानसभा** में विपक्ष के नेता अजित पवार ने संविदा के आधार पर भर्ती करने के संबंध में जारी सरकारी प्रस्ताव या आदेश को वापस लेने की बुधवार को मांग की। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि यह सही फैसला है और साथ ही रेखांकित किया कि यह (फैसला) राज्य की पूर्ववर्ती एमवीए सरकार द्वारा लिया गया, जिसमें पवार भी शामिल थे। गौरतलब है कि महाविकास आघाडी (एमवीए) सरकार में अविभाजित शिवसेना, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल थे। उन्होंने यह भी कहा कि संविदा पर भर्ती केवल कुछ विशिष्ट परियोजनाओं के लिए की जाएगी।

विधानसभा में पवार ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों की संविदा के आधार पर भर्ती गोपनीयता पर सवाल उठाती है, क्योंकि सरकारी कर्मचारियों से कुछ मुद्दों पर गोपनीयता बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है।

राकांपा नेता ने कहा, साथ ही, संविदा पर भर्ती कुछ कर्मचारियों को राज्य के मुख्य सचिव से भी ज्यादा वेतन मिलने लगता है। पवार ने कहा, सरकारी आदेश में कहा गया है कि उद्यम, ऊर्जा और श्रम विभागों में निजी एजेंसियों के माध्यम से संविदा पर भर्तियां की जाएंगी। उन्होंने इस सरकारी आदेश के समय पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसे में जबकि सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन व्यवस्था के लिए आंदोलन कर रहे हैं, सरकार ने संविदा के आधार पर भर्ती करने का फैसला लिया है। इसके जवाब में फडणवीस ने कहा कि संविदा के आधार पर लोगों की भर्ती करने का फैसला और इस संबंध में निविदा एमवीए सरकार के कार्यकाल में जारी की गई थी और उनकी सरकार इसे इसलिए लागू कर रही है, क्योंकि यह सही फैसला है।

# केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक ने विधायक पद से इस्तीफा दिया

**अगरतला।** त्रिपुरा में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में धानपुर सीट से जीत दर्ज करने वाली केंद्रीय सामाजिक और अधिकारिता राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक ने बुधवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने धानपुर के मतदाताओं को अपेक्षाकृत कड़े मुकाबले में जीत सुनिश्चित करने के लिए धन्यवाद दिया। एक समय इस सीट का प्रतिनिधित्व पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार करते थे। विधानसभा में संवाददाताओं से भौमिक ने कहा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आलाकमान ने सांसद और केंद्रीय मंत्री होने के बावजूद विधानसभा चुनाव लड़ने की अनुमति दी। नियम मुझे सांसद और विधायक के तौर पर एक साथ काम करने की अनुमति नहीं देते हैं। मैंने विधायक पद से आज इस्तीफा दे दिया। प्रोटेम स्पीकर बिनय भूषण दास ने कहा कि भौमिक का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है।



देहरादून में उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वित्त राज्य मंत्री प्रेमचन्द्र अग्रवाल के साथ विधानसभा में बजट पेश करने जाते हुए।

## क्विक न्यूज

### केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में 84,866 पद रिक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि सीआरपीएफ और बीएसएफ जैसे छह केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में स्वीकृत पदों की कुल संख्या 10,05,520 है और उनमें से 84,866 पद रिक्त हैं। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले पांच महीने में सीएपीएफ में 31,785 कर्मियों की भर्ती की गई है। राय ने कहा कि सीएपीएफ में रिक्तियां सेवानिवृत्ति, इस्तीफे, पदोन्नति, मृत्यु, नई बटालियन की स्थापना, नए पदों के सृजन आदि वजहों से होती हैं। एक जनवरी, 2023 को केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में 29,283 पद रिक्त थे जबकि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में 19,987अ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में 19,475अ सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में 8,273, भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में 4,142 और असम राइफल्स में 3,706 रिक्तियां थीं। गृह राज्य मंत्री राय ने कहा कि एक जनवरी 2023 को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में डॉक्टर के 247 पद और नर्सों एवं अन्य चिकित्सा कर्मियों के 2,354 पद खाली थे।

### तीन साल में भारतीय एनजीओ को 2,430.84 करोड़ रुपए का विदेशी कोष मिला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को बताया कि पिछले तीन साल में भारतीय गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) को कुल 2,430.84 करोड़ रुपए का विदेशी कोष मिला है। उन्होंने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। राय ने कहा 2021-22 में भारतीय एनजीओ को 905.50 करोड़ रुपएअ 2020-21 में 798.18 करोड़ रुपए और 2019-20 में 727.16 करोड़ रुपए का विदेशी कोष मिला। उन्होंने कहा कि 10 मार्च 2023 तक 16,383 गैर-सरकारी संगठनों का एफसीआरए पंजीकरण प्रमाणपत्र वैध है जिनमें से 14,966 संगठनों ने विदेशी चंदा (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) के तहत वित्त वर्ष 2021-22 के लिए अनिवार्य वार्षिक रिटर्न पेश किया है। राय ने कहा कि एफसीआरए पंजीकृत संगठनों द्वारा विदेशी चंदों के दुरुपयोग के संबंध में पूर्व में कुछ शिकायतें मिली थीं और ऐसी शिकायतों को अधिनियम के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार निपटाया जाता है।

### ईडी के समन के खिलाफ कोर्ट पहुंचीं कविता

**नई दिल्ली।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता ने दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय के समन के खिलाफ बुधवार को उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की और गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान करने का अनुरोध किया। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिंह की पीठ ने तेलंगाना विधान परिषद की सदस्य कविता की याचिका पर 24 मार्च को सुनवाई के लिए सहमति जताई। कविता के वकील ने याचिका पर तत्काल सुनावाई का अनुरोध करते हुए कहा, क्या किसी महिला को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय में बुलाया जा सकता है? उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से कानून के खिलाफ है। प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन मामले में 11 मार्च को कविता से नौ घंटे पूछताछ की थी।

### पूर्व मंत्री दीपक सावंत ने थामा एकनाथ शिंदे-नीत शिवसेना का दामन

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को झटका देते हुए राज्य के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री दीपक सावंत ने बुधवार को एकनाथ शिंदे-नीत शिवसेना का दामन थाम लिया। सावंत मुख्यमंत्री शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना में शामिल हुए। सावंत तत्कालीन एकीकृत शिवसेना के विधान पार्षद थे और 2014 से 2018 तक देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्री थे। उन्हें कैबिनेट से हटा दिया गया था और 2018 में उद्धव ठाकरे ने विधान परिषद चुनाव के लिए टिकट से भी वंचित कर दिया था।

# इसरो वनवेब के 36 उपग्रहों का 26 मार्च को करेगा प्रक्षेपण

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) इस महीने के अंत में ब्रिटेन स्थित संचार कंपनी वनवेब के लिए पृथ्वी की निचली कक्षा में 36 उपग्रहों को प्रक्षेपित करने के लिए तैयार है जो दुनियाभर में अंतरिक्ष के जरिए इंटरनेट उपलब्ध कराने में मददगार साबित होंगे। वनवेब ने ट्वीट किया, भारत से उत्साहित करने वाली खबर आ रही है, हम वनवेब लॉन्च 18 से पहले अपने 36 उपग्रहों के एक समूह बनाने की पुष्टि करते हैं : हमारा अंतरिक्ष प्रक्षेपण जो हमारी पहली पीढ़ी के समूह को पूरा करेगा। वनवेब के मुख्य तकनीकी अधिकारी मासिमिलिआनो लादोवाज ने कहा, लक्षित तारीख 26 मार्च है। वनवेब के 36 उपग्रह फ्लोरिडा से 16 फरवरी को भारत पहुंचे। इसरो ने पिछले साल अक्टूबर में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से वनवेब के पहले 36 उपग्रहों का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया था।

# बीसीआई ने कुछ क्षेत्रों में विदेशी वकीलों और फर्म को वकालत की अनुमति दी

**नई दिल्ली।** एक प्रमुख घटनाक्रम के तहत भारतीय विधिज्ञ परिषद (बीसीआई) ने विदेशी कानून, अंतरराष्ट्रीय कानूनी मुद्दों, मध्यस्थता जैसे क्षेत्रों में विदेशी वकीलों और विधि फर्म को वकालत करने की अनुमति देने का फैसला किया है। बीसीआई ने कहा कि इससे भारतीय और विदेशी दोनों तरह के वकीलों को लाभ होगा। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए वकीलों के शीर्ष निकाय ने भारत में विदेशी वकील और विदेशी विधि पंजीकरण और नियमन-2022 के लिए नियम अधिसूचित किया है।

बीसीआई ने कहा कि यह अनुमति पाबंदियों के साथ, बेहतरीन तरीके से नियंत्रित और विनियमित होगी ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि यह भारत और विदेश के वकीलों के आपसी हित में हो। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने बीसीआई द्वारा विदेशी वकीलों और विधि फर्मों को भारत में कार्य करने की अनुमति देने को असफल होने वाला और बोझिल करार दिया।

वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय वकीलों को अपना मानक बढ़ाना होगा ताकि वे अपने विदेशी समकक्षों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकें। एससीबीए अध्यक्ष ने पीटीआई-भाषा से कहा, मेरा मानना है कि (बीसीआई) के नियम असफल होने वाले हैं क्योंकि अनुमति देने की शर्तों को देखें तो वे बोझिल करने वाली हैं और मेरा मानना है कि कोई इन अर्हताओं को पूरा नहीं कर पाएगा, दूसरा अगर किसी को अनुमति मिल भी गई तो भी उनके कानून में वकालत की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा, अंत में सबसे परेशान करने वाला हिस्सा यह है कि उनके (विदेशी वकीलों और फर्म) के खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्वाई नहीं की जा सकती। भारत में वकीलों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है।

# विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण विधेयक पेश करने की मांग का समर्थन किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**सपा** और राजद समेत विपक्ष के 13 राजनीतिक दलों के नेताओं ने संसद के मौजूदा बजट सत्र के दौरान महिला आरक्षण विधेयक पेश किए जाने संबंधी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की मांग का बुधवार को खुलकर समर्थन किया। तेलंगाना विधान परिषद में बीआरएस की सदस्य कविता की ओर से आयोजित परिचर्चा में 13 विपक्षी दलों के नेताओं ने भाग लिया और सबने एक स्वर में यह मांग उठाई कि इसी सत्र में महिला आरक्षण विधेयक पेश किया जाए। सपा और राजद ने यह भी कहा कि लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान वाले इस विधेयक में अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए।

परिचर्चा के दौरान कविता ने कहा कि उनका और उनकी पार्टी का स्पष्ट रूप से मानना है कि विधायिका में महिलाओं को आरक्षण देने के साथ ही कोटा के भीतर कोटा का प्रावधान भी होना चाहिए। सपा सांसद एसटी हसन, राजद सांसद मनोज झा, शिवसेना (उद्धव) की प्रियंका चतुर्वेदी, आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के विनय विश्वम, द्रमुक की टी. सुमथि और आरएसपी के एन.के. प्रेमचंद्रन ने इस परिचर्चा में भाग लिया। हसन और झा ने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था में एससी और ओबीसी वर्गों की महिलाओं को अलग से आरक्षण मिलना चाहिए।

कविता ने महिला आरक्षण के विषय पर पिछले दिनों जंतर-मंतर पर एक दिन का अनशन किया था। महिला आरक्षण विधेयक में लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है। बारह सितंबर 1996 को सबसे पहले संयुक्त मोर्चा सरकार ने इस विधेयक को लोकसभा में पेश किया था।

अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व वाली सरकार ने भी इस विधेयक को लोकसभा के पटल पर रखा था, लेकिन यह तब भी पारित नहीं हो सका था। मई 2008 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की पहली सरकार ने एक बार फिर महिला आरक्षण विधेयक पेश किया, जिसे राज्यसभा ने एक स्थाई समिति के पास भेज दिया। साल 2010 में राज्यसभा ने महिला आरक्षण विधेयक पर मुहर लगा दी, जिसके बाद इसे लोकसभा की मंजूरी के लिए भेजा गया। इसके बाद से यह विधेयक ठंडे बस्ते में है।

# तौकीर रजा बरेली में नजरबंद, दिल्ली कूच का था ऐलान

**भाषा।** बरेली

**हिंदूवादी** संगठनों पर प्रतिबंध लगाने जैसी मांग और राष्ट्रपति को ज्ञापन देने को लेकर अपने समर्थकों से दिल्ली कूच का आह्वान करने वाले इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा और उनके सहयोगियों को उत्तर प्रदेश पुलिस ने भड़काऊ भाषण देने के आरोप में घर में नजरबंद कर दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

जिलाधिकारी शिवाकांत द्विवेदी ने बुधवार को बताया कि दिल्ली कूच के आह्वान के चलते मौलाना तौकीर रजा और उनके तीन सहयोगियों को मंगलवार रात को नजरबंद किया गया। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो मौलाना की हिरासत बढ़ाई जा सकती है। बरेली की नगर मजिस्ट्रेट रेनू सिंह ने बताया कि मौलाना तौकीर ने 15 मार्च को तिरंगा यात्रा निकालने के संबंध में प्रशासन से कोई अनुमति नहीं ली। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को तिरंगा यात्रा निकालने के कार्यक्रम की मात्र सूचना भर दी थी। मौलवी ने हिंदुत्व संगठनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक ज्ञापन सौंपने के लिए बुधवार को बरेली से दिल्ली तक तिरंगा यात्रा शुरू करने की योजना की घोषणा की थी। रजा ने शनिवार को मुरादाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान कथित तौर पर कहा था कि खालिस्तान की मांग करने वालों के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करने वाली सरकार को हिंदू राष्ट्र की मांग करने वालों के साथ भी ऐसा ही करना चाहिए।

रजा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है जिसमें उन्होंने कहा था, अगर हमारे युवा मुस्लिम राष्ट्र की मांग करने लगे तो क्या होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सबका साथ, सबका विकास का नारा झूठ है। कुछ धर्मांध देश में नफरत का बीज बो रहे हैं। ऐसा करने वाले और उनके समर्थक न तो समाज के हितैषी हैं और न ही देश के, बल्कि वे देशद्रोही हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि मुसलमानों के खिलाफ नफरत बढ़ रही है और मस्जिदों और मदरसों को बचाने की जरूरत है। मुरादाबाद पुलिस ने भड़काऊ टिप्पणी करने के आरोप में रविवार को उनके खिलाफ मामला दर्ज किया। बुधवार को रजा और उनके सहयोगी नफीस, नदीम और मुनीर इदरीशी (उनके प्रवक्ता) को भी नजरबंद कर दिया गया।

रजा के निवास स्थान हजरत दरगाह परिसर और हिरासत में लिए गए उनके संगठन के पदाधिकारियों के आवास के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। बरेली की नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी आज सुबह से रजा के आवास के आसपास की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। एसपी (सिटी) राहुल भाटी ने कहा कि पुलिस लाइन में पीएसी और अन्य कर्मचारियों को भी अलर्ट पर रखा गया है। भाटी ने कहा, अगर हिरासत में लिए गए व्यक्तियों के साथ कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या होती है, तो उन्हें योग्य लोगों की देखरेख में उचित चिकित्सा देखभाल प्रदान की जाएगी।

# कोर्ट से पुरुषों के लिए राष्ट्रीय आयोग गठित करने का अनुरोध

**नई दिल्ली।** घरेलू हिंसा के शिकार विवाहित पुरुषों द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामलों से निपटने के लिए दिशा-निर्देश और राष्ट्रीय पुरुष आयोग बनाने के अनुरोध को लेकर उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। अधिवक्ता महेश कुमार तिवारी द्वारा दायर याचिका में देश में दुर्घटनावश मौतों के संबंध में 2021 में प्रकाशित राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला दिया गया है, जिसमें दावा किया गया है कि उस वर्ष देश भर में 1,64,033 लोगों ने आत्महत्या की। याचिका में कहा गया है कि इनमें से आत्महत्या करने वाले विवाहित पुरुषों की संख्या 81,063 थी जबकि 28,680 विवाहित महिलाएं थीं। याचिका में एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया, वर्ष 2021 में लगभग 33.2 प्रतिशत पुरुषों ने पारिवारिक समस्याओं के कारण और 4.8 प्रतिशत ने विवाह संबंधी वजहों से अपना जीवन समाप्त कर लिया। याचिका में विवाहित पुरुषों द्वारा आत्महत्या के मुद्दे से निपटने और घरेलू हिंसा से पीड़ित पुरुषों की शिकायतों पर कार्वाई करने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है। याचिका में केंद्र को गृह मंत्रालय के जरिए पुलिस विभाग को यह निर्देश देने का अनुरोध भी किया गया है कि घरेलू हिंसा के शिकार पुरुषों की शिकायतें तत्काल स्वीकार की जाएं।

# हल्का बुखार दवा से भी तेजी से संक्रमण को दूर करने में सहायक

**नई दिल्ली।** तबीयत खराब होने पर दवा लेने से बेहतर है हल्का बुखार, क्योंकि मछली पर किए गए नवीनतम अध्ययन में संकेत मिले हैं कि शरीर के तापमान में हल्की वृद्धि संक्रमण को तेजी से दूर करने में मदद करती है। जर्नल इम्यूनोलॉजी एंड इन्फ्लेमेशन में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक संक्रमित मछली को हुआ हल्का बुखार उसके संक्रमण को दूर करने में मददगार साबित हुआ और सूजन को नियंत्रित करने के साथ-साथ क्षतिग्रस्त उत्तकों को ठीक में सहायक रहा। कनाडा स्थित अल्बर्टा विश्वविद्यालय में प्रतिरक्षा विज्ञानी और अध्ययन पत्र के प्रमुख लेखक डेनियल बैरेडा ने कहा, प्रकृति को वह करने दें जो वह करती है और इस मामले में यह बहुत ही सकारात्मक है।

बैरेडा ने कहा, मध्यम दर्जे का बुखार समाधान प्रक्रिया है जिसका अभिप्राय है कि शरीर प्राकृतिक रूप से बिना दवा के संक्रमण होने पर उसका समाधान कर सकता है। अनुसंधानकर्ताओं ने रेखांकित किया कि मानव में प्राकृतिक बुखार के लाभ की पुष्टि अब भी अनुंसधान के जरिए की जानी है क्योंकि बुखार की परिपाटी और उसके बने रहने की प्रक्रिया जानवर साझा करते हैं, इसलिए यह उम्मीद करना तार्किक है कि इसी तरह (मछली पर किए अनुसंधान) का लाभ इनसानों में भी होता है।

अध्ययन में सलाह दी गई है कि लोगों को हल्का बुखार होने के शुरुआती संकेत सामने के बाद ही दवा लेने से बचना चाहिए। बुखार में आमतौर पर नॉन-स्टेरायडल एंटी-इंफ्लेमेटरी दवाएं (एनएसएआईडी) दवाएं दी जाती हैं। बैराडा ने कहा, एनएसएआईडी बुखार की वजह से महसूस की जाने वाली असहजता से राहत देती है लेकिन संभव है कि आप प्राकृतिक प्रक्रिया के कुछ लाभों से वंचित हो रहे हों।

## महाराष्ट्र में इन्फ्लूएंजा से दो लोगों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत ने बुधवार को विधानसभा को बताया कि राज्य में इन्फ्लूएंजा के कारण दो लोगों की मौत होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि इन लोगों में से एक 74 वर्षीय व्यक्ति की मौत एच3एन2 उप-प्रकार से हुई जबकि दूसरा पीड़ित कोरोनो वायरस के साथ-साथ इन्फ्लूएंजा वायरस से संक्रमित था। वहीं, एक अधिकारी ने बताया कि दो मृतकों में से एक 23 वर्षीय एमबीबीएस छात्र की मौत कोरोना वायरस और एच3एन2 के मिश्रित संक्रमण के कारण हुई। सावंत ने कहा कि महाराष्ट्र में इन्फ्लूएंजा संक्रमण के 361 मामले सामने आने के बाद राज्य के स्वास्थ्य तंत्र को अलर्ट पर रखा गया है और अगले दो दिनों में दिशानिर्देश जारी किए जाएंगे। मंत्री ने भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क के इस्तेमाल और सामाजिक दूरी के नियम का पालन करने की भी सलाह दी। मंत्री ने कहा, इन्फ्लुएंजा के कारण दो लोगों की मौत हो गई है, जिसमें अहमदनगर में एमबीबीएस का 23 वर्षीय छात्र भी शामिल है। छात्र कोविड-19 के साथ-साथ एच 1 एन 1 और एच3एन2 वायरस से भी संक्रमित था। नागपुर निवासी 74 वर्षीय व्यक्ति की मौत एच3एन2 के कारण हो गई। इन्फ्लुएंजा दो प्रकार के वायरस - एच 1 एन 1 और एच3एन2- के कारण होता है। सावंत ने कहा, मुंबई, पुणे, नागपुर, औरंगाबाद, ठाणे, सांगली और कोल्हापुर में इन्फ्लुएंजा के मामले सामने आए हैं। एच1एन2 के 303 मामले और एच3एन2 के 58 मरीज मिले हैं।

# भारतीय टीम ने किया अभ्यास, कुलदीप और चहल पर रही नजर



**भाषा।** मुंबई

**कार्यवाहक** कप्तान हार्दिक पंड्या सहित भारतीय क्रिकेट टीम के कई सदस्यों ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे श्रृंखला से पूर्व बुधवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में अभ्यास शुरू किया लेकिन सभी की निगाहें कलाई के दो स्पिनरों कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल पर टिकी रही जिनका अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए आलराउंडर रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर से मुकाबला है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन वनडे मैचों की श्रृंखला में कुलदीप और चहल अपनी गुगली, फ्लिपर और लेग ब्रेक का कमाल दिखाकर इस साल के आखिर में होने वाले विश्व कप के लिए अपना दावा मजबूत करने की कोशिश करेंगे।

कुलदीप और चहल दोनों ही बल्लेबाजी करने में माहिर नहीं हैं। हालांकि बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप को टेस्ट स्तर पर बल्लेबाजी में कुछ हद तक सफलता मिली है।

वाशिंगटन और जडेजा की गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में अच्छी पकड़ है लेकिन अगर स्पिन कौशल की बात की जाए तो कुलदीप और चहल उनसे आगे हैं। नियमित कप्तान रोहित शर्मा पारिवारिक प्रतिबद्धताओं के कारण मुंबई में होने वाले पहले वनडे में नहीं खेल पाएंगे और इस मैच के लिए कार्यवाहक कप्तान पंड्या उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने सफेद गेंद से दो घंटे से अधिक समय तक अभ्यास किया। जिन अन्य खिलाड़ियों ने अभ्यास में भाग लिया उनमें तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, जयदेव उनादकट, उमरान मलिक, शार्दुल ठाकुर तथा बल्लेबाजों में सूर्यकुमार यादव और विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन शामिल थे। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अभ्यास सत्र में शामिल नहीं हुए लेकिन कोचिंग स्टाफ के अन्य सदस्य बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़, क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप और गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे, थ्रोडाउन विशेषज्ञ राघवेंद्र और नुवान सेनेविरत्ने उपस्थित थे। बल्लेबाजी में नंबर पांच और विकेटकीपिंग की जिम्मेदारियों के लिए भारत की पहली पसंद केएल राहुल ने भी अभ्यास में भाग नहीं लिया। उन्हें नागपुर और नई दिल्ली में खेले गए पहले दो टेस्ट मैचों के बाद अंतिम एकादश में जगह नहीं दी गई थी। श्रृंखला के लिए उप कप्तान नियुक्त किए गए पंड्या ने गेंदबाजी का अभ्यास किया। उन्होंने किशन के सामने लेग ब्रेक गेंदबाजी का भी प्रयास किया। सूर्यकुमार, किशन और पंड्या ने बल्लेबाजी का लंबे समय तक अभ्यास किया। इंदौर में तीसरे टेस्ट तक खेलने वाले सिराज ने भी स्पिनरों और तेज गेंदबाजों के सामने बल्लेबाजी में काफी समय बिताया। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने भी दोपहर बाद अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया।

## अय्यर एक दिवसीय श्रृंखला से बाहर : दिलीप

**मुंबई।** भारत के क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने बुधवार को आधिकारिक तौर पर पुष्टि की कि मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पीठ के निचले हिस्से की चोट के फिर से उभरने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। पीटीआई–भाषा ने 11 मार्च को ही अय्यर के वनडे से बाहर होने की खबर दी थी। पता चला है कि मुंबई का यह कलात्मक बल्लेबाज चकाचौंध से भरी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी भाग नहीं ले पाएगा। अय्यर आईपीएल में केकेआर का नेतृत्व करते हैं। वह फिलहाल रिहैबिलिटेशन (इलाज और चोट से उबरने की प्रक्रिया) के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में है। अभी इस बात की पुष्टि नहीं की जा सकी कि उन्हें जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा की तरह सर्जरी की आवश्यकता होगी या नहीं। टी दिलीप ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, चोटिल होना खेल का एक हिस्सा है। हमारे पास सबसे अच्छी चिकित्सा सुविधाएं हैं। हम संपर्क ( एनसीए के साथ) में हैं। श्रेयस इस श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। अय्यर ने चोट से उबर कर भारतीय टीम में वापसी की थी। वह चौथे टेस्ट मैच में अंतिम एकादश में शामिल रहने के बाद भी टीम की एकमात्र पारी में बल्लेबाजी के लिए नहीं उतर पाए थे। टेस्ट मैच के दौरान चोट के फिर से उबरने पर अय्यर को बीसीसीआई चिकित्सा दल के द्वारा स्कैन (जांच) के लिए ले जाया गया। उस समय टीम की ओर से संदेश दिया गया कि इस बल्लेबाज के चोट की निगरानी की जा रही है।

# आश्विन आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी की रैंकिंग में फिर से शीर्ष पर पहुंचे

**भाषा।** दुबई

**ऑस्ट्रेलिया** के खिलाफ बॉर्डर–गावस्कर श्रृंखला के चौथे टेस्ट में शानदार गेंदबाजी करने वाले भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बुधवार को जारी आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की नवीनतम रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

ऑफ स्पिनर अश्विन ने गेंदबाजों के लिए मुश्किल परिस्थितियों वाली पिच पर पहली पारी में 91 रन देकर छह विकेट चटकाए। चार मैचों की इस श्रृंखला में वह 25 विकेट के साथ सबसे ज्यादा विकेट हासिल करने वाले गेंदबाज रहे। इसका फायदा उन्हें रैंकिंग में हुआ और उन्होंने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को 10 रेटिंग अंकों से पीछे छोड़ दिया।

रैंकिंग में उनके साथी बाएं हाथ के स्पिनर रविन्द्र जडेजा (आठवें से नौवें स्थान पर खिसके) को एक स्थान का नुकसान हुआ है जबकि अक्षर पटेल छह पायदान चढ़कर 28वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में बल्ले से दमदार योगदान देने वाले अक्षर हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में दो स्थान के सुधार के साथ चौथे पायदान पर पहुंच गए। इस सूची में जडेजा और अश्विन शीर्ष दो स्थान पर हैं।



चोट के कारण टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह छठे से सातवें स्थान पर खिसक गए है।

बल्लेबाजों की सूची में चोटिल ऋषभ पंत (नौवें) और रोहित शर्मा (10वें) शीर्ष 10 में शामिल भारतीय है। अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 186 रन की पारी खेलने वाले विराट कोहली सात स्थान के सुधार के साथ 13वें पायदान पर पहुंच गए। मैन ऑफ द मैच कोहली के अलावा इस मैच में शतक लगाने वाले सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल 17 पायदान ऊपर चढ़कर 46वें स्थान पर पहुंच गए। इस मैच की पहली पारी में 180 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा करियर के सर्वश्रेष्ठ 815 रेटिंग अंक के साथ रैंकिंग में सातवें स्थान पर पहुंच गए।

### एर्लिंग हेलेंड ने पांच गोल दागे, चैंपियन्स लीग रिकॉर्ड की बराबरी की

**मैनचेस्टर।** एर्लिंग हेलेंड ने मंगलवार को यहां चैंपियन्स लीग मुकाबले मे सर्वाधिक गोल के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पांच गोल दागे जिससे मैनचेस्टर सिटी ने आरबी लेपजिग को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। यूरोपीय फुटबॉल की इस शीर्ष प्रतियोगिता मे इससे पहले लियोनल मेस्सी और लुईज एड्रियानो ही किसी मुकाबले मे पांच गोल कर पाए थे। हेलेंड इससे साथ ही चैंपियन्स लीग मे सबसे जल्दी 30 गोल के आंकड़े को छूने वाले खिलाड़ी बने। उन्होने सिर्फ 25वें मैच मे यह उपलब्धि हासिल की। साथ ही वह 30 गोल के आंकड़े तक सबसे कम उम्र मे पहुंचने वाले खिलाड़ी भी है। उन्होने 22 साल 236 दिन की उम्र मे यह उपलब्धि हासिल की जबकि पिछला रिकॉर्ड काइलियान एमबाप्पे के नाम था जिन्होंने 22 साल 352 दिन की उम्र मे यह आंकड़ा छुआ था। हेलेंड ने लेपजिग के खिलाफ दूसरे चरण के मुकाबले मे मैनचेस्टर सिटी की 7-0 की जीत के दौरान 22वें, 24वें, 45 प्लस दो, 53वें और 57वें मिनट मे गोल दागे। टीम की ओर से दो अन्य गोल इलकाय गुंडोगन और केविन डि ब्रून ने किए। मैनचेस्टर सिटी ने दो चरण का यह मुकाबला कुल 8-1 के स्कोर से जीता।

### छेत्री शायद अपना अंतिम सत्र खेल रहा होः स्टिमक


**कोलकाता।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक का मानना है कि करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री अपने शानदार करियर का शायद अंतिम सत्र खेल रहे हो। उन्होने साथ ही उम्मीद जताई कि इस स्टार खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ खेल आगामी महीनो मे अंतिम चरण के लिए बचाया हो। भारत को अपना अगला बड़ा टूर्नामेंट अगले साल 12 जनवरी से 10 फरवरी तक कतर मे एएफसी एशियाई कप के रूप मे खेलना है। छेत्री तीसरी बार इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट मे खेलने की तैयारी कर रहे है। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट मे शानदार प्रदर्शन किया था। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की वेबसाइट ने स्टिमक के हवाले से कहा, उसकी उम्र मे संभवतः यह उसकी फुटबॉल से विदाई हो। बेशक सुनील शायद अपना आखिरी सत्र खेल रहा हो और निश्चित तौर पर अपना आखिरी एशिया कप। उन्होने कहा, मुझे यकीन है कि आगामी महीने सुनील छेत्री के लिए सर्वश्रेष्ठ होंगे। राष्ट्रीय टीम इम्फाल मे 22 मार्च से तीन देशो के फुटबॉल टूर्नामेंट से पहले यहां पांच दिवसीय शिविर मे हिस्सा ले रही है। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मे 84 गोल के साथ सक्रिय खिलाड़ियों मे क्रिस्टियानो रोनाल्डो (118) और लियोनल मेस्सी (98) के बाद सबसे सफल खिलाड़ी छेत्री 2011 और 2019 मे एशियाई कप मे खेल चुके है।

### थाईलैंड में कुंग फू महासंघ का सम्मेलन सम्पन्न

**लखनऊ।** थाईलैंड कुंगफू संघ के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय इंटरनेशनल कुंगफू फेडरेशन के द्वारा स्थानीय दसित थानी लगन लगना, फकेट थाईलैंड के सम्मेलन हॉल में 12 मार्च को अंतरराष्ट्रीय कुंगफू महासंघ के सदस्य देशाश के अध्यक्षों और महासचिव की जनरल बॉडी मीटिंग को आयोजित किया गया। चीनी मार्शल आटट और बढ़ावा देने और दुनिया भर में कुंगफू की संस्कृति के व्यापक प्रसार को और बढ़ावा देने के लिए इंटरनेशनल कुंगफू फेडरेशन ग्लोबल इनोवेशन एंड डेवलपमेंट कुंग फू इकोनॉमी समिट फोरम, प्रेसीडियम ऑफ न इंटरनेशनल कुंगफू फेडरेशन के सदस्य राष्ट्र अध्यक्षों और महायचिव का सम्मेलन थाईलैंड में भव्य रूप से संपन्न हो गया।

# जडेजा से शानदार गुर सीखकर स्वदेश लौटे मैथ्यू कुहनेमैन

**भाषा।** नई दिल्ली





**भारत** के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में प्रभावी पदार्पण करने वाले ऑस्ट्रेलिया के उभरते हुए बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन ने कहा है कि उन्हें स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा से इस कौशल को लेकर कुछ शानदार गुर सीखने को मिले हैं।

कुहनेमैन ने कहा कि जडेजा ने अपना वादा निभाया और रविवार को अहमदाबाद में चौथा और अंतिम टेस्ट ड्रॉ रहने के साथ भारत के श्रृंखला 2–। से जीतने के बाद 15 मिनट तक प्रत्एक पहलू पर बात की।

फॉक्स क्रिकेट ने कुहनेमैन के हवाले से कहा, संभवतः 15 मिनट तक वह (जडेजा) मुझे कुछ शानदार गुर सिखा रहे थे। हमने हर चीज के बारे में बात की।

उन्होंने कहा, उन्होंने अगली बार उपमहाद्वीप में आने के लिए मुझे कुछ अच्छे टिप्स दिए और साथ ही स्वदेश के लिए भी कुछ गुर सिखाए।

क्वींन्सलैंड के इस 26 वर्षीय स्पिनर को लेग स्पिनर मिशेल स्वेपसन के विकल्प के रूप में लाया गया था जो दिल्ली में दूसरे टेस्ट से पूर्व अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौट गए थे।

स्वेपसन के उपलब्ध होने पर इस अनुभवहीन स्पिनर को अक्सर क्वींन्सलैंड की टीम में जगह बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है और वह 13 मैच में 34.80 के औसत से 35 विकेट ही ले पाए हैं।

### सुषमा वर्मा ने कहा, डब्ल्यूपीएल में हरमनप्रीत कौर को रोकना मुश्किल

**मुंबई।** गुजरात जाइंट्स की विकेटकीपर बल्लेबाज सुषमा वर्मा ने स्वीकार किया है कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में भारत और मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को रोकना मुश्किल हो रहा है।

हरमनप्रीत ने मंगलवार को गुजरात जाइंट्स के खिलाफ सात चौके और दो छक्कों से 51 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिससे टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 162 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में गुजरात की टीम नौ विकेट पर 107 रन ही बना सकी और उसे 55 रन से हार का सामना करना पड़ा।

वर्मा ने कहा कि भले ही गुजरात जाइंट्स ने हरमनप्रीत के खिलाफ अपनी योजनाओं को अच्छी तरह से अंजाम दिया हो लेकिन जब वे फॉर्म में होती हैं तो उनके जैसी बल्लेबाजों को रोकना मुश्किल होता है। वर्मा ने मैच के बाद मीडिया से कहा, हरमन जैसी बल्लेबाज इतनी अच्छी फॉर्म में हों तो उन्हें रोकना मुश्किल होता है।

# यूपी वॉरियर्स को हराकर आरसीबी ने दर्ज की पहली जीत

**भाषा।** नवी मुंबई

**गेंदबाजों** के शानदार प्रदर्शन के बाद कणिका आहूजा की अगुवाई में बल्लेबाजों के दमदार खेल से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी20 मैच में बुधवार को यहां यूपी वॉरियर्स को पांच विकेट से शिकस्त देकर छह मैचों में अपनी पहली जीत दर्ज की।

आरसीबी ने यूपी वॉरियर्स को 19.3 ओवर में 135 रन पर आउट करने के बाद 18 ओवर में पांच विकेट गंवा कर लक्ष्य हासिल कर लिया।

मैन ऑफ द मैच कणिका ने 30 गेंद में आठ चौके और एक छक्का की मदद से 46 रन बनाने के अलावा हिथर नाइट (24) के साथ चौथे विकेट के लिए 46 और रिचा घोष के साथ पांचवें विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी कर टीम की जीत सुनिश्चित की। रिचा 32 गेंद में तीन चौके और एक छक्का की मदद से 31 रन बनाकर नाबाद रही।





यूपी वॉरियर्स के लिए दीप्ति शर्मा ने दो विकेट चटकाए जबकि ग्रेस हैरिस, सोफी एकलस्टन और देविका वैद्य को एक–एक सफलता मिली।

हैरिस (46) और दीप्ति (22) ने बल्ले से भी योगदान देते हुए छठे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी कर वॉरियर्स को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। टीम नौवें ओवर में 31 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी लेकिन हैरिस ने 32 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के जड़े जबकि दीप्ति ने 19 गेंद की पारी में चार चौके लगाए। इन दोनों के अलावा किरण नवगिरे (22) और एकलस्टन (12) ही दहाई के अंक में पहुंची।

आरसीबी के लिए एलिस पेरी ने चार ओवर में 16 रन देकर तीन सफलता हासिल की तो वही सोफी डिवाइन और सोभना आशा ने दो–दो विकेट लिए। मेगन शूट और श्रेयंका पाटिल को एक–एक सफलता मिली।

लक्ष्य का पीछा करते हुए डिवाइन ने हैरिस के खिलाफ दो चौके और छक्का जड़कर आक्रामक रवैया दिखाया लेकिन इन गेंदबाज ने पहले ओवर की आखिरी गेंद पर उन्हें पवेलियन की राह दिखा दी। अगले ओवर में दीप्ति ने कप्तान स्मृति मंधाना को खाता खोले बगैर बोल्ड कर दिया। इन विकेटों का हालांकि नाइट पर कोई असर नहीं हुआ उन्होंने दीप्ति के खिलाफ चौका लगाने के बाद राजेश्वर का स्वागत दो चौके से किया। पावरप्ले की आखिरी ओवर में भी उन्होंने चौका जड़कर स्कोर को दो विकेट पर 43 रन कर दिया।

अगले ओवर में देविका ने पेरी (10) को एकलेस्टन के हाथों कैच कराया। दीप्ति ने नौवें ओवर में नाइट को आउट कर यूपी वॉरियर्स को बड़ी सफलता दिलाई लेकिन दूसरे छोर से कणिका आहूजा ने मोर्चा संभाल लिया था।

उन्होंने 10वें, 11वें और 12वें ओवर में एकलेस्टन, हैरिस और राजेश्वरी के खिलाफ कुछ छह चौके जड़ने के बाद 12वें ओवर में देविका के खिलाफ छक्का लगाकर अपने आक्रामक तेवर दिखाए। इसी ओवर में रिचा ने भी चौका लगाकर टीम के स्कोर को चार विकेट पर 101 रन कर दिया।

# भारतीय खिलाड़ी विश्व प्रत्यारोपण खेलों में बिखेरेंगे अपनी चमक

**भाषा।** नई दिल्ली

**अंग** प्रत्यारोपण जैसी जटिल चिकित्सा जरूरतों से गुजरने वाले भारतीय खिलाड़ी 15 से 26 अप्रैल तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाले विश्व प्रत्यारोपण खेलों (वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स) में देश के प्रतिनिधित्व के लिए तैयार है।

इन खेलों में अंग प्रत्यारोपण करने या अंग दान करने वाले देश के 30 खिलाड़ी दुनिया भर के ऐसे खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे।

भारतीय टीम में शामिल मर्लिन पॉल का 31 साल की उम्र में दो बार गुर्दा (किडनी) प्रत्यारोपण हुआ था जबकि करहुन नंदा को 42 साल की उम्र में हृदय की विफलता का सामना करना पड़ा था। वहीं, वरुण आनंद केवल नौ साल के थे जब उन्हें उनके गुर्दे ने काम करना बंद कर दिया।

इनके अलावा दल में बलवीर सिंह (बैडमिंटन खिलाड़ी), धर्मेंद्र सोती (बैडमिंटन खिलाड़ी) दिग्विजय सिंह गुजराल (स्क्रॉश) जैसे विश्व प्रत्यारोपण खेलों के पूर्व पदक विजेता भी शामिल है। यह सभी खिलाड़ी देश के लिए पदक जीतने के उस सपने को पूरा करना चाहते है जो सर्जरी से पहले उनके लिए संभव नहीं था।

पैदल चाल में चुनौती पेश करने को तैयार केरल की मर्लिन ने पीटीआई–भाषा से कहा, मुझे लगभग 15 साल पहले गुर्दे की गंभीर बीमारी (सीकेडी) का पता चला था। मेरे दोनों गुर्दे का प्रत्यारोपण हुआ है। विश्व प्रत्यारोपण खेल मेरे लिए दुनिया भर के उन प्रेरणादायक प्रत्यारोपण प्राप्तकर्ताओं से मिलने का अवसर होगा जो इस तरह का समुदाय बनाने और सीकेडी के बारे में जागरूकता फैलाने में विश्वास करते हैं।

भारतीय दल के कप्तान 50 साल के नंदा ने कहा, मैंने 12 साल की उम्र में फुटबॉल खेलना शुरू किया था और तब से मैंने भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखा है। दुर्भाग्य से मैं राज्य स्तर से आगे नहीं बढ़ सका।

नंदा गोल्फ में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा, प्रत्यारोपण के बाद हालांकि मुझे उम्मीद नहीं थी कि मैं सामान्य जीवन जी पाउंगा। लेकिन इस बात को पांच साल हो गए और सबसे अच्छी चीज यह है कि मैं प्रत्यारोपण से पहले जो नहीं कर सका (खेलों में देश का प्रतिनिधित्व) वह अब कर रहा हूं।

विश्व प्रत्यारोपण खेलों का उद्देश्य अंग दान को बढ़ावा देने के साथ प्रत्यारोपित करने वाले और अंग दान करने वाले के स्वास्थ्य और फिटनेस में सुधार करने में मदद करना है।

इन खेलों में हृदय, फेफड़े, यकृत, गुर्दे, अग्न्याशय, स्टेम सेल और बोन मैरो प्रत्यारोपण करने या दान करने वाले हिस्सा ले सकते हैं।

### डब्ल्यूबीसी एशिया विजेता नीरज गोयत मैक्सिको के जोस जेपेडा से भिड़ेंगे

**मुंबई।** भारत के मुक्केबाज नीरज गोयत 25 मार्च को मैक्सिको में स्थानीय खिलाड़ी जोस जेपेडा के खिलाफ मुकाबले से पेशेवर मुक्केबाजी में वापसी करेंगे। इस मुकाबले की इनामी राशि 120000 डॉलर है। तीन बार के डब्ल्यूबीसी एशिया खिताब विजेता गोयत 2013 में पेशेवर बने थे। उन्होंने अब तक 22 मुकाबले लड़े हैं, जिसमें उनका रिकॉर्ड 17 जीत, तीन हार और दो ड्रॉ है। उन्होंने सात मुकाबले नाकआउट में जीते हैं। वह डब्ल्यूबीसी विश्व रैंकिंग में जगह बनाने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज हैं। गोयत ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, जब मैंने पहली बार चीन में डब्ल्यूबीए विश्व चैंपियन झू कैन को हराया था, तब भी मेरा उद्देश्य भारतीय मुक्केबाजों के स्तर को बढ़ाना और उन्हें यह बताना था कि इस स्तर पर जीत संभव है। मैं भारत में पेशेवर मुक्केबाजों के भविष्य के लिए प्रेरणा और मार्ग प्रशस्त करने की उम्मीद करता हूं।

# सिंधू ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में पहले दौर से बाहर

**भाषा।** बर्मिंघम

**भारतीय** स्टार पीवी सिंधू की खराब फॉर्म ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप में भी जारी रही जिसमें वह बुधवार को यहां चीन की झांग ई मैन से सीधे गेम में हारकर पहले दौर में बाहर हो गई।

दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को 39 मिनट तक चले महिला एकल मुकाबले में 17–21, 11–21 से हार का सामना करना पड़ा। यह इस साल तीसरा अवसर है जबकि सिंधू पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई। वह जनवरी में मलेशिया ओपन में स्पेन की कैरोलिना मारिन से हार गई थी और उसी महीने इंडियन ओपन में भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। इस भारतीय खिलाड़ी ने हाल में कोरिया की अपने कोच पार्क ताए–संग से नाता तोड़ लिया था, जिनके मार्गदर्शन में उन्होंने तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था।



सिंधू पूरे मैच में अपने रंग में नहीं दिखी। विश्व में 17वें नंबर की खिलाड़ी झांग ई ने उनसे अधिक चपलता और आक्रामकता दिखाई। इस मैच से पहले इन दोनों खिलाड़ियों का रिकॉर्ड।–। से बराबर था।

पहले गेम के शुरू में सिंधू ने 6–5 की बढ़त बनाई और फिर इसे 16–13 कर दिया लेकिन चीनी खिलाड़ी ने लगातार सात अंक बनाकर 20–16 से बढ़त बनाई और फिर 21 मिनट में पहला गेम अपने नाम किया।

दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ी शुरू में 5–5 से बराबरी पर थीं, लेकिन सिंधू ने कुछ गलतियां की जिससे जल्द ही वह 5–10 से पिछड़ गईं। भारतीय खिलाड़ी इसके बाद वापसी नहीं कर पाई तथा दूसरा गेम और मैच हार गई। इससे पहले त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने 46 मिनट तक चले पहले दौर के मैच में थाईलैंड की जोंगकोलफान कितिथरकुल और राविंदा प्राजोंगजई की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को 21–18 21–14 से हराया। भारतीय जोड़ी प्री–क्वार्टर फाइनल में युकी फुकुशिमा और सयाका हिरोटा की जापानी जोड़ी से भिड़ेगी। मंगलवार को लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय ने अपने–अपने मैच जीतकर पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई थी।

# महिला मुक्केबाजी विश्व चैंपियनः भारत की नजरें स्वदेश में मजबूत प्रदर्शन पर

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** गुरुवार से यहां शुरू हो रही विश्व चैंपियनशिप में महिला मुक्केबाजी में अपने बढ़ते रुतबे के अनुरूप मजबूत प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगा तो उसे निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन से काफी उम्मीदे होंगी। बाएं घुटने की चोट से उबर रहीं छह बार की चैंपियन दिग्गज मुक्केबाज एमसी मेरीकोम की अनुपस्थिति में विश्व चैंपियन निकहत और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना 12 सदस्ईय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी।

दोनों मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक के नजदीक आने के बीच नए वजन वर्गों में अपने पैर जमाने की कोशिश करेंगी। दुनिया की चौथे नंबर की मुक्केबाज निकहत ने अपना वजन वर्ज 52 किग्रा से घटाकर 50 किग्रा कर लिया है। उन्होंने पिछले साल तुर्की में 52 किग्रा वर्ग में ही खिताब जीता था। दूसरी ओर लवलीना ने 69 किग्रा वेल्टरवेट वर्ग से अपना वजन बढ़ाकर 75 किग्रा मिडिलवेट वर्ग में किया है क्योंकि 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए उनके दोनों पसंदीदा वजन वर्ग को हटा दिया गया है।

निकहत के लिए 50 किग्रा वर्ग में यह दूसरा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा। उन्होंने लाइट फ्लाई वेट वर्ग में राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण जीता लेकिन बर्मिंघम खेलों में मुकाबला उतना कड़ा नहीं था। हालांकि यहां ऐसा नहीं होगा। ओलंपिक भार वर्ग होने के कारण निकहत को को पोडियम पर जगह बनाने के लिए कुछ शीर्ष मुक्केबाजों का सामना करना पड़ेगा। विश्व चैंपियनशिप की दो बार की कांस्य पदक विजेता लवलीना ने 75 किग्रा वर्ग में एशियाई चैंपियनशिप जीती थी लेकिन वह अब भी अपने नए भार वर्ग के अनुसार ढल रही हैं। लवलीना ने पीटीआई से





कहा, मेरे मुक्कों की ताकत में सुधार पर ध्यान दिया जा रहा है क्योंकि मेरे विरोधी 69 किग्रा वर्ग के मुकाबले ज्यादा मजबूत होंगे। नजरें राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन नीतू घंघास (48 किग्रा) और पिछले सत्र की कांस्य पदक विजेता मनीषा मोन (57 किग्रा) पर भी होंगी। साक्षी चौधरी (52 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा), शशि चोपड़ा (63 किग्रा), सनामचा चानू (70 किग्रा) से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। यह तीसरी बार है जब भारत इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। लेकिन कई देशों के बहिष्कार, अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के बीच संघर्ष और एक अदालती मामले ने टूर्नामेंट की चमक को कम कर दिया है।

रूस के उमर क्रेमलेव की अध्यक्षता में आईबीए ने आईओसी की सिफारिशों के विपरीत रूस और बेलारूस के मुक्केबाजों को अपने स्वयं के ध्वज तले प्रतिस्पर्धा पेश करने की अनुमति दी थी जिसके बाद अमेरिका, ब्रिटेन और आयरलैंड सहित 10 से अधिक देश टूर्नामेंट से हट गए। इसके अलावा दो विश्व निकायों के बीच चल रहे झगड़े ने बहुत भ्रम पैदा किया है क्योंकि आईओए ने कहा कि वह 2024 पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर का प्रभारी होगा न कि आईबीए जो 2019 से निलंबित है। लेकिन आईबीए ने घोषणा की कि वे क्वालीफिकेशन प्रतियोगिता आयोजित करेंगे और इस साल पुरुषों और महिलाओं की विश्व चैंपियनशिप मुख्य क्वालीफायर होगी। क्रेमलेव ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि आईओसी क्वालीफाइंग स्पर्धाओं का प्रभारी बना रहेगा और दोनों निकायों को सहयोग और समन्वय करने की आवश्यकता है। हालांकि उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट आईबीए प्रबंधित होने चाहिए।

भारतीय राष्ट्रीय चैंपियन मंजू रानी (48 किग्रा), शिक्षा नरवाल (54 किग्रा) और पूनम पूनिया (60 किग्रा) ने भारतीय मुक्केबाज महासंघ (बीएफआई) की नई चयन नीति के तहत विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाने के कारण अदालत का रुख किया जिससे राष्ट्रीय शिविर में एक और विवाद खड़ा हो गया।

नई नीति के तहत मुक्केबाजों का तीन सप्ताह तक विभिन्न मापदंडों के तहत मूल्यांकन किया गया जहां नीतू, प्रीति और जैसमीन लम्बोरिया ने उन्हें पछाड़कर टूर्नामेंट की टीम में जगह बनाई। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अंततः इस मुद्दे में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।